वर्ष- 13 अंक - 39
लखनऊ, बुधवार 08 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी समाज के लिए पथ प्रदर्शक : जयवीर सिंह 03

हर्षोल्लास से मनायई गई वाल्मीकि जयंती, हुए विभिन्न कार्यक्रम 12


### सीएम योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में महर्षि वाल्मीकि जंयती पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

# हमने वाल्मीकि समाज को दी प्राथमिकता

**सपा ने सामाजिक न्याय के पुरोधाओं की मूर्तियां व स्मारक हटाने की की थी कोशिश**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा जो लोग वोट बैंक की राजनीति करते हैं, वो सामाजिक न्याय के पुरोधा बनते फिर रहे। सपा सरकार ने सामाजिक न्याय के पुरोधाओं की मूर्तियां और स्मारक हटाने की कोशिश की थी। भाजपा के विरोध के बाद इन लोगों को पीछे हटना पड़ा। कई संस्थाओं के नाम महापुरुषों पर थे, उन्हें भी बदल दिया था। ये वही लोग हैं जो कहते हैं कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं। राम का विरोध करना, मतलब वाल्मीकि का विरोध करने जैसा है।

सीएम योगी लखनऊ में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जंयती पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा सपा सरकार में सफाई कर्मियों का शोषण होता था, उन्हें सिर्फ 4 हजार रुपए मानदेय मिलता था। हमारी सरकार ने वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता दी है। अब वेतन नियमित रूप से सीधे उनके खातों में जाएगा। हर सफाई कर्मी को 5 लाख रुपए का बीमा कवर मिलेगा। सीवर की सफाई अब मशीनों से कराई जाएगी। इसके बावजूद अगर कोई हादसा होता है, तो परिवार को 35-40 लाख रुपए का मुआवजा देने की व्यवस्था बैंक के साथ मिलकर की जा रही है। प्रदेश के 80 हजार होमगार्डों को पहले ही ऐसी सुविधा से लैस किया जा चुका है। योगी ने वाल्मीकि समाज से अपील की कि वे अपने बच्चों को खूब पढ़ाएं, उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाइए। मां जिस तरह बच्चे की गंदगी साफ करती है। उसी तरह आप समाज को स्वच्छ रखने का काम करते हैं। आप समाज के लिए मातृत्व की भूमिका निभा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा महर्षि वाल्मीकि भारत के उन महापुरुषों में हैं, जिन्होंने राष्ट्र का भाग्य लिखा। जब उन्होंने कलम उठाई तो समाज की बजाय सीधे देवर्षि नारद से सवाल किया कि 'कौन ऐसा है जो चरित्रवान व्यक्ति है, जिसके जीवन पर मैं लिखूं। हजारों साल पहले महर्षि वाल्मीकि ने जो भावना रखी, वही आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। हमारी पहचान चरित्र से बनती है, पहनावे से नहीं। यही बात स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में कही थीं। महर्षि वाल्मीकि ने जब आदि काव्य लिखा, तो उसे राम पर आधारित किया क्योंकि उन्होंने कहा था- राम ही साक्षात धर्म हैं।' मर्यादा पुरुषोत्तम राम का चरित्र ही हमें जीवन जीने की प्रेरणा देता है। योगी ने कहा वाल्मीकि जयंती हर साल भव्यता से मनाई जाएगी। अखंड रामायण का पाठ हर मंदिर में होना चाहिए।

#### हर सफाई कर्मी को मिलेगा पांच लाख रुपए का बीमा कवर

अब वेतन नियमित रूप से सीधे उनके खातों में जाएगा। हर सफाई कर्मी को 5 लाख रुपए का बीमा कवर मिलेगा। सीवर की सफाई अब मशीनों से कराई जाएगी। इसके बावजूद अगर कोई हादसा होता है, तो परिवार को 35-40 लाख रुपए का मुआवजा देने की व्यवस्था बैंक के साथ मिलकर की जा रही है। प्रदेश के 80 हजार होमगार्डों को पहले ही ऐसी सुविधा से लैस किया जा चुका है।

#### भगवान वाल्मीकि का कृतज्ञ है मानव समाज

सीएम योगी ने कहा कि वाल्मीकि रामायण लिखते समय उन्होंने पूरी कथा को राम पर आधारित किया। उन्होंने यह भी बताया कि राम को क्यों आधार बनाया, क्योंकि राम ही साक्षात धर्म हैं। मानव समाज भगवान वाल्मीकि का कृतज्ञ है। जब भी किसी भारतीय के मन में संदेह पैदा होता है तो महर्षि वाल्मीकि ने हर स्थिति में जो आदर्श रखा, वह मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का था। उन्होंने राम के चरित्र को दिया, जो हर काल, देश, परिस्थिति में प्रासंगिक है। भाई-भाई, पिता-पुत्र, मां-बेटे, राजा-प्रजा में क्या रिश्ते होने चाहिए, उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम कहकर यह भाव भरा। राम ने मर्यादा की लक्ष्मण रेखा का कभी उल्लंघन नहीं किया। सीएम योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के महापुरुषों की परम्परा के भाग्य विधाता हैं। तप और साधना से तपे हुए ऋषि को जब लेखनी चलानी थी, तब लोककल्याण व मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने और नई कृति की रचना के लिए उन्होंने हजारों वर्ष पहले देवर्षि नारद से प्रश्न किया कि चरित्र से युक्त कौन ऐसा व्यक्ति है, जिसके बारे में मैं कुछ लिख सकूं। क्योंकि महर्षि वाल्मीकि जानते थे कि चरित्र से युक्त व्यक्ति ही लोककल्याण व राष्ट्र कल्याण का माध्यम बन सकता है। स्वामी विवेकानंद जब शिकागो की धर्मसभा में गए तो उनकी वेशभूषा देख विदेशी हंस रहे थे। तब उन्होंने कहा कि तुम्हारी पहचान पहनावे से बनती है, लेकिन हमारे देश और हमारी पहचान चरित्र से बनती है। हमारे लिए चरित्र महान है।

## 894 किमी लंबी चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को रेलवे ने दी मंजूरी

**पीएम मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने लिया निर्णय**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के 18 जिलों से होकर गुजरने वाली चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे भारतीय रेल नेटवर्क में 894 किलोमीटर का इजाफा होगा। परियोजना पर 24,634 करोड़ रुपये (लगभग) की लागत आयेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज रेल मंत्रालय की चार परियोजनाओं को मंजूरी दी। ये परियोजनाएँ हैं -वर्धा -भुसावल- तीसरी और चौथी लाइन -314 किलोमीटर (महाराष्ट्र)। गोंदिया - डोंगरगढ़ - चौथी लाइन - 84 किलोमीटर (महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़)। वडोदरा - रतलाम - तीसरी और चौथी लाइन - 259 किलोमीटर (गुजरात और मध्य प्रदेश)।

इटारसी - भोपाल - बीना चौथी लाइन - 237 किलोमीटर (मध्य प्रदेश)। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कैबिनेट के फैसले के बारे में राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 85.84 लाख की आबादी के लगभग 3,633 गाँवों और दो आकांक्षी जिलों (विदिशा और राजनांदगांव) तक कनेक्टिविटी बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएँ पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुसार बनाई गई हैं।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,22,070/ |
| 22 कैरेट | = | 1,12,000/ |
| 18 कैरेट | = | 91,670/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,57,000/ |

## संक्षिप्त समाचार

**2025-26 के लिए जीडीपी का अनुमान बढ़कर 6.5 फीसदी**

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया है। विश्व बैंक ने अपने जून पूर्वानुमान में इसके 6.3 फीसदी रहने की संभावना जताई थी। विश्व बैंक ने मंगलवार को दक्षिण एशिया परिदृश्य में कहा कि उपभोग वृद्धि में निरंतर मजबूती के कारण भारत के विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद है। विश्व बैंक ने चेतावनी दी है कि भारतीय निर्यात पर लगाए गए 50 फीसदी अमेरिकी शुल्क अगले वर्ष देश की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डाल सकते हैं।

**बीकानेर में मालगाड़ी के 37 डिब्बे पटरी से उतरे**

**जयपुर।** बीकानेर मंडल के गजनेर-कोलायत स्टेशनों के बीच बीकानेर से जैसलमेर की ओर जा रही एक मालगाड़ी मंगलवार सुबह करीब सात बजे पटरी से उतर गई। मालगाड़ी के सैंतीस डिब्बे पटरी से उतरे हैं। हादसे में जनहानि होने के कोई समाचार नहीं है। गजनेर-कोलायत स्टेशनों के बीच इंदो का बाला गांव के पास ये हादसा हुआ है। सुबह सात बजे ये मालगाड़ी बीकानेर से जैसलमेर की ओर जा रही थी। इंदा का बाला गांव के ठीक पास ही पटरी से गाड़ी नीचे उतर गई। स्पीड में होने के कारण पटरी के कुछ डिब्बे तो दूर तक जा गिरे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि रेलवे प्रशासन मौके पर पहुंच गया है।

**मंत्रिमंडल ने दी मोदी को सत्ता में 24 साल पूरे होने की बधाई**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता के शिखर पर 24 साल पूरे करने पर आज बधाई दी और उनके सुदीर्घ, यशस्वी एवं देश के लिए कल्याणकारी शासनकाल होने की कामना की। रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज ही के दिन नरेन्द्र मोदी ने 24 साल पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और इसके बाद से वह पहले 13 साल गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और उसके बाद प्रधानमंत्री के तौर पर सतत रूप से देश की जनता की सेवा करते आ रहे हैं।

## रामपुर में आजम खान से आज मिलेंगे सपा प्रमुख अखिलेश, प्रशासन अलर्ट

समृद्धि न्यूज



**बरेली ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को रामपुर जाएंगे, जहां वे सपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां से मुलाकात करेंगे। यह जेल से रिहाई के बाद आजम खां और अखिलेश यादव की पहली भेंट होगी। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को सपा की आगामी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, अखिलेश यादव लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से रवाना होकर बरेली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां उनका करीब 15 मिनट का ठहराव रहेगा। इसके बाद वे सड़क मार्ग से रामपुर जाएंगे। वापसी में भी वे बरेली होकर ही लखनऊ लौटेंगे। अखिलेश के संक्षिप्त प्रवास की सूचना के बाद बरेली पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। हाल ही में हुए बरेली बवाल को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां कोई जोखिम नहीं लेना चाहतीं। एयरपोर्ट से लेकर रामपुर बॉर्डर तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### अन्तराज्यीय सॉल्वर गैंग के सरगना समेत 10 आरोपी गिरफ्तार

**आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा 2025**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सिलेक्शन क्लर्क परीक्षा 2025 के अंतराज्यीय सॉल्वर गैंग का खुलासा करते हुए बिजनौर थाना पुलिस ने 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग में यूपी ग्रामीण बैंक का अस्स्टिंट मैनेजर भी शामिल हैं, जो मुख्य सरगना है। आरोपी चैट जीपीटी और एआई की मदद से अभ्यर्थी की फोटो को सॉल्वर की फोटो से मिक्स करके बनाते थे। पुलिस उपायुक्त दक्षिण निपुण अग्रवाल ने बताया कि पकड़ा गया संभल जिले के खबूपुरा यूपी ग्रामीण बैंक में तैनात असिस्टेंट मैनेजर आनंन कुमार मूलरूप से बिहार राज्य का रहने वाला और गैंग का लीडर है। उसके साथी यूपी ग्रामीण बैंक में कार्यरत क्लर्क भागीरथ शर्मा उर्फ चंदन, यूको बैंक में स्केल-एक आफिसर सुधांशु कुमार, गौरव आदित्य, बीएससी छात्र हर्ष जोशी, बीएड छात्र धनन्जय कुमार सौरभ, बीटेक छात्र राजीव नयन पाण्डेय, बीटेक मुकेश कुमार, बीएससी छात्र आशीष रंजन और अभिषेक कुमार है। ये सभी बिहार राज्य का रहने वाले हैं। डीसीपी ने बताया कि बिजनौर स्थित बीआर परीक्षा केंद्र के परीक्षा संचालक शैलेंद्र बाजपेयी ने पांच अक्टूबर को पुलिस को सूचित किया कि एक व्यक्ति संदिग्ध है।

## तीन वैज्ञानिकों को मिलेगा संयुक्त रूप से 2025 भौतिकी का नोबेल

**विद्युत परिपथ में मैक्रोस्कोपिक क्वांटम यांत्रिक सुरंग व ऊर्जा क्वांटीकरण की खोज के लिए दिया गया पुरस्कार**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** बेहद छोटे स्तर (इलेक्ट्रोन के स्तर) पर दुनिया बदल जाती है और कुछ अजीब-सी घटनायें होती हैं। क्वांटम दुनिया की ये घटनायें कुछ बड़े स्तर पर भी संभव हैं। इस बार का नोबेल पुरस्कार यही साबित करने वाले तीन वैज्ञानिकों को दिया जा रहा है। उनकी खोज से क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, क्वांटम कंप्यूटर और क्वांटम सेंसर सहित क्वांटम प्रौद्योगिकी की अगली पीढ़ी को विकसित करने में मदद मिलेगी।

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के अनुसार विद्युत परिपथ में मैक्रोस्कोपिक क्वांटम यांत्रिक सुरंग और ऊर्जा क्वांटीकरण की खोज के लिए इस वर्ष जॉन क्लार्क, माइकल एच डेवोरेट और जॉन एम मार्टिनिस को संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। ब्रिटेन में जन्मे क्लार्क कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में प्रोफेसर हैं। वहीं फ्रांस में जन्में डेवोरेट, येल विश्वविद्यालय के साथ-साथ कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा में भी प्रोफेसर हैं। मार्टिनिस कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के प्रोफेसर हैं।

इस वर्ष के नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने हाथ में पकड़ने लायक एक बड़े विद्युत परिपथ के साथ प्रयोग किए और साबित किया इस स्तर की प्रणाली में क्वांटम यांत्रिक सुरंग और क्वांटाइज्ड ऊर्जा स्तर दोनों संभव हैं। सामान्य दुनिया में ऊर्जा कम या ज्यादा होती है और दीवार के आर-पार जाना संभव नहीं है।




## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**फरधान खीरी।** बीती देर रात करीब दस बजे पुरैना निवासी रजनीश तिवारी 55 वर्ष लखीमपुर से घर वापस आ रहे थे। मारुती शोरूम के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इलाज के जिला अस्पताल ले जाते समय रजनीश की रास्ते में मौत हो गयी। फरधान थाना क्षेत्र गांव पुरैना निवासी रजनीश कुमार तिवारी पुत्र ओमप्रकाश तिवारी का परिवार लखीमपुर में रहता है। वह सोमवार को दिन में लखीमपुर गए थे उसके बाद देर रात वहां से खाना खाकर अपने पुश्तैनी गांव पुरैना वापस आ रहे थे। वह लखीमपुर गोला मार्ग पर कोतवाली सदर क्षेत्र के एक मारुति शोरूम के सामने रात करीब दस किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोग मौके पर पहुंचते तब तक वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा था। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही रजनीश तिवारी उम्र 55 वर्ष की मौत हो गई। परिजनों को रात करीब 12 बजे परिजनों को सूचना मिली। परिजन रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंच गए। थाना खीरी एसओ निराला तिवारी ने बताया रजनीश की मौत इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही हो गयी थी। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मेला मैदान से लापता हुई किशोरी सकुशल बरामद, पुलिस ने दिखाई तत्परता

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** थाना गोला क्षेत्र के मेला मैदान से फरवरी माह में लापता हुई किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस की तत्परता और सक्रिय जांच के चलते परिजनों ने राहत की सांस ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने 28 फरवरी 2025 को कोतवाली गोला में तहरीर देकर बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बहन गोला मेला मैदान से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक मोहम्मद अनीस को सौंपी। उन्होंने टीम गठित कर तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर तंत्र के माध्यम से लगातार प्रयास जारी रखे। जिसके चलते पुलिस ने आरोपी मुकेश पुत्र बब्लू राम नि. सरमीरा का टोला एरूपार सरमेरा नालंदा बिहार को गिरफ्तार कर जेला भेजा। पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत मिलते ही तत्काल जांच शुरू की थी। सक्रियता से कार्य करते हुए किशोरी को सुरक्षित ढूंढ लिया गया है। आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

### भगवान विश्वकर्मा मंदिर लखनऊ के चुनाव में ऋषि संतोष शर्मा ने किया मतदान, विजेताओं को दी शुभकामनाएं



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** मनरेगा मजदूर मिस्त्री महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ नेता ऋषि संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को लखनऊ स्थित 135 वर्ष पुराने पौराणिक भगवान विश्वकर्मा मंदिर में श्री ककुहास पांचाल ब्राह्मण सभा का चुनाव संपन्न हुआ। मकबूलगंज लखनऊ में हुए इस चुनाव में श्री शर्मा ने मतदान किया। उन्होंने बताया कि पूरे देश से श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा के दर्शन को आते हैं और सभा के आजीवन सदस्य मतदान कर अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन करते हैं। चुनाव में सुरेश चंद्र विश्वकर्मा अध्यक्ष, सुशील शर्मा महामंत्री, जय नारायण शर्मा कोषाध्यक्ष, तथा पंडित राजकुमार शर्मा और अजय कुमार शर्मा उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। श्री शर्मा ने सभी विजयी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चुनाव उपरांत उन्होंने इंद्र भवन लखनऊ में पिछड़ी वर्ग कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक विकास शर्मा से मुलाकात की और पिछड़ी जातियों से जुड़े मुद्दों पर वार्ता की। संयुक्त निदेशक ने बताया कि श्री शर्मा के ज्ञापन पर कार्रवाई करते हुए शादी अनुदान राशि शीघ्र ही 60 हजार रुपये किए जाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है।

### पूर्व प्रधान के घर के सामने पत्रकार से अभद्रता, जान से मारने की धमकी

**पसगवां (खीरी)।** थाना पसगवां क्षेत्र के ग्राम मुल्लापुर में एक पत्रकार से अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। प्रार्थी राजन शुक्ला पुत्र हरद्वारीलाल शुक्ला, जो एक दैनिक समाचार पत्र में जिला प्रभारी हैं, ने आरोपी श्यामू त्रिवेदी पुत्र राजबहादुर निवासी मुल्लापुर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना बीते 5 अक्टूबर की रात करीब साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार, वह गांव के बाहर पूर्व प्रधान के मकान के सामने सड़क किनारे बैठा था, तभी आरोपी श्यामू त्रिवेदी शराब के नशे में वहां पहुंचा और पत्रकार को देखकर अभद्रता करने लगा। मना करने पर आरोपी ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथापाई पर उतारू हो गया। मौके पर आसपास के लोगों के पहुंचने से मामला बढ़ने से बच गया। राजन शुक्ला ने कोतवाली पसगवां में दिए प्रार्थनापत्र में लिखा है कि आरोपी पूर्व में भी उसकी छवि धूमिल करने की नीयत से ऐसी हरकतें कर चुका है। उन्होंने कहा कि मैं दैनिक समाचार पत्र का जिला प्रभारी हूं। इस प्रकार के असामाजिक तत्वों की हरकतें मेरे कार्य और छवि को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से की जाती हैं। पत्रकार ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें और उनके परिवार को जान–माल का खतरा बना हुआ है, क्योंकि वे अपने पत्रकारिता कार्य के चलते अक्सर बाहर रहते हैं। स्थानीय पुलिस ने प्रार्थनापत्र प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सुहेला में गूंजी राम भक्ति की ध्वनि, मीनाक्षी अग्रवाल ने की राम दरबार की आरती



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** ग्राम सुहेला स्थित श्री बजरंगबली मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के पावन अवसर पर सोमवार को नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने राम दरबार की आरती कर लोकमंगल की कामना की। उन्होंने संकटमोचक भगवान हनुमान से सभी के दुःख–संकट दूर करने और नगर में सुख–शांति बनाए रखने की प्रार्थना की। आरती के उपरांत मीनाक्षी अग्रवाल ने व्यास पीठ को नमन कर भगवान श्रीराम से संबंधित भजन प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर उपस्थित भक्तगण मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा व्यास ने भगवान श्रीराम की बारात का सुंदर एवं भावपूर्ण वर्णन किया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कथा के आयोजक डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री एवं जया अग्निहोत्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी से प्रतिदिन कथा श्रवण हेतु आमंत्रण किया। इस अवसर पर अरविंद पांडे, रामू वर्मा, अरुण कुमार सिंह, मयंक दीक्षित, महेंद्र वर्मा एवं सुनील शुक्ला सहित भारी संख्या में मातृशक्ति एवं कथा प्रेमी उपस्थित रहे।

### सपा की मासिक बैठक में बनाई गई रणनीत



**उतरौला(बलरामपुर )।** उतरौला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सपा विधानसभा प्रभारी एजाज मलिक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।जिसमे सपा उतरौला विधानसभा प्रभारी एजाज मलिक ने कहा कि सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का जनपद में 12 अक्टूबर को आगमन हो रहा है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के कार्यक्रम को सफल बनाने की चर्चा किया गया। एमएलसी स्नातक शिक्षक चुनाव के मतदाता बनाया जाने को लेकर भी चर्चा किया गया सपा प्रदेश सचिव अंसार अहमद खां ने कहा कि समाजवादी पार्टी को जिला पंचायत चुनाव में कैसे मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं को ही चुनाव लड़ाया जाए चुनाव लड़ाया जाए । इस मौके पर सपा प्रदेश सचिव अंसार अहमद खां, सपा पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी एजाज मलिक,बहलोल नियाजी,राम दयाल यादव कृष्ण कुमार यादव,मनोज यादव, मनीष चौधरी विधानसभा उपाध्यक्ष अनिल कुमार गौतम विधानसभा महासचिव, विनोद यादव ज़ोनल प्रभारी जगन्नाथ यादव,सलीम चौधरी ज़ोनल, मो शमीम बीरे सभासद नसीरूद्दीन राजू कुमार यादव नगर अध्यक्ष शकील इदरीशी, हाजी छनन खां, नेहाल ख़ान, छब्बू शाह अयाज़ मुस्तफा खान समेत सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसएसबी महानिरीक्षक ने गौरीफंटा बॉर्डर का किया निरीक्षण

**सुरक्षा व्यवस्था और सीमा गतिविधियों की समीक्षा**

**पलिया कलां (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल के सीमान्त मुख्यालय रानीखेत के महानिरीक्षक अमित कुमार ने मंगलवार को गौरीफंटा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। तीन दिवसीय आधिकारिक भ्रमण के दौरान उन्होंने 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पलिया की सीमा चौकी गौरीफंटा पहुंचकर सीमा सुरक्षा,गश्त व्यवस्था और सीमा पार गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक अमित कुमार ने सीमा पर तैनात अधिकारियों एवं जवानों से बातचीत कर उनकी ड्यूटी, निगरानी व्यवस्था और सुरक्षा तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सीमा क्षेत्र में सक्रिय गश्त, तलाशी कार्यवाही और अंतरराष्ट्रीय आवागमन पर नियंत्रण के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों की भी समीक्षा की। महानिरीक्षक ने चेक पोस्ट पर सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, यात्री पंजीकरण की प्रक्रिया और सीमा पार आने-जाने वाले लोगों की जांच व्यवस्था का भी बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाए और सीमा क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर समय सतर्कता बरती जाए। अमित कुमार ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल का मुख्य उद्देश्य भारत-नेपाल सीमा पर शांति, सद्भाव और सुरक्षा बनाए रखना है। उन्होंने जवानों के मनोबल और कार्यक्षमता की सराहना करते हुए कहा कि सीमा सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, पीलीभीत के उप-महानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, 39वीं वाहिनी के कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। इस निरीक्षण को सीमा की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## पांचवे दिन नदी में उतराता मिला शव

**फरधान खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को थाना क्षेत्र की उल्ल नदी में नहाते समय मगरमच्छ छत्रपाल निवासी फूटाकुआं को खींच ले गया था।जिसकी तलाश चार दिनों से पुलिस लगातार करवा रही थी। जिसका शव पांचवे दिन मंगलवार को उल्ल नदी के टेड़वा घाट पर उतराता हुआ मिला।

**गुरुवार को उल्ल नदी में नहाते समय खींच ले गया था मगरमच्छ**

थाना क्षेत्र के गांव फूटाकुआं निवासी छत्रपाल अपनी पत्नी नीतू देवी के साथ दो अक्टूबर को उल्ल नदी के किनारे जानवरों का चारा लेने गए थे। बताते हैं कि दोपहर तक चारा काटने के बाद वह उसी में नदी में नहाने लगे। उसी समय पानी में एक मगरमच्छ आ गया और छत्रपाल की टांग पकड़ कर खींच ले गया। छत्रपाल की पत्नी नीतू देवी ने शोर मचाया जब तक आसपास के लोग आते तब तक वह उन्हें गहरे पानी में लेकर चला गया। ग्रामीणों ने काफ़ी देर खोजबीन की लेकिन कही पता नहीं चला। पुलिस और गोताखोर चार दिनों से लगातार तलाश कर रहे थे। लेकिन छत्रपाल का कहीं पता नहीं चल रहा था। मंगलवार की सुबह करीब 10:00 बजे छत्रपाल का शव टेड़वा घाट के रपटापुल के पास शव उतराता हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर पुलिस और परिजन पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया चार दिन से गोताखोरों द्वारा शव की तलाश की जा रही थी लेकिन कही पता नहीं चल पा रहा था। आज सुबह उल्ल नदी में छत्रपाल उम्र 40 का शव उतराता हुआ बरामद हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## युवती को बहला फुसला कर ले गया युवक

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम में देर रात एक युवती को घर में अकेला पाकर युवक अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया। परिजनों ने युवती की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना से परिवार में दहशत का माहौल है। मामले की सूचना परिजनों ने कोतवाली गोला में दी। तहरीर के अनुसार, मंजीत के साथ उसके पिता शिवकुमार, माता बिट्टू देवी और एक साथी नंदू पुत्र संतोष निवासी मानपुर थाना भीरा मिलकर उसकी बहन को बहला फुसला कर घर से ले गया। परिजनों को आशंका है कि आरोपी कहीं युवती के साथ कोई अनहोनी न कर दें। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**मिशन शक्ति अभियान फेज-5**

# महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

**ग्राम सभा पुनर्भुग्रांट में पुलिस टीम ने दी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की जानकारी**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत मंगलवार को ग्राम सभा पुनर्भुग्रांट, थाना गोला जनपद खीरी में पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी, अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी गोला के पर्यवेक्षण में और प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह व निरीक्षक अपराध थाना गोला के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को ऑपरेशन रक्षा और ऑपरेशन गरुड़ के तहत साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। साथ ही गुड टच-बैड टच की समझ, समय के महत्व और सामाजिक जिम्मेदारी पर चर्चा की। टीम ने शासन द्वारा चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि के बारे में भी जानकारी दी। उपनिरीक्षक महिला सर्वेश मौर्य ने महिलाओं और बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। मिशन शक्ति अभियान में प्रतिभाग करने वाली पुलिस टीम म.का. नेहा सोम, म.का. प्रियंका, पीआरडी रेनू देवी, का. मोनू कुमार, का. रामभूल वर्मा शामिल रहे। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, आपातकालीन सेवा-112, एंबुलेंस सेवा-102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, चाइल्ड लाइन-1098, अग्निशमन सेवा-101 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 प्रमुख हैं। पुलिस टीम ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य प्रत्येक महिला और बालिका को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज में सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु रोग मेले का हुआ आयोजन

**ईसानगर ब्लॉक के वीरसिंहपुर गांव में पशुपालकों को दी गई तकनीकी जानकारी, 704 पशुओं का हुआ उपचार**

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



पशुपालन विभाग द्वारा विकासखंड ईसानगर के ग्राम वीरसिंहपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु रोग मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश सचान के दिशा-निर्देशन में पशु चिकित्सा अधिकारी ईसानगर डॉ. प्रदीप कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक धौरहरा श्री विनोद शंकर अवस्थी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीकांत मिश्रा, ग्राम प्रधान वीरसिंहपुर राम किशोर मिश्रा आदि ने गौ पूजन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। शिविर के दौरान उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी धौरहरा डॉ. राकेश कुमार ने पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए लगाए जा रहे टीकों की जानकारी दी। उन्होंने गला घोटू रोग, खुरपका-मुंहपका नियंत्रण हेतु एफएमडी टीकाकरण और लंपी वायरस जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि लंपी एक वायरल बीमारी है, जिससे मृत्यु दर बहुत कम होती है, पर समय पर उपचार आवश्यक है। उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलका सिंह ने नवजात पशुओं की देखभाल एवं कृमिनाशक दवा पान के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, डॉ. मनीष कुमार (पशु चिकित्सा अधिकारी, नकहा) ने संतुलित पशु आहार, हरा चारा उत्पादन तथा हाइब्रिड नेपियर जैसी नस्लों के प्रयोग की सलाह दी। उन्होंने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से अच्छी नस्ल के पशु तैयार किए जा सकते हैं। विभाग में साहीवाल, गिर, और मुर्रा जैसी उच्च नस्लों का सीमेन उपलब्ध है। उन्होंने सेक्स-सॉर्टेड सीमेन की जानकारी देते हुए बताया कि इसके प्रयोग से 95त्न बछिया पैदा होती हैं, जिससे दुग्ध उत्पादन और पशुपालकों की आय में वृद्धि संभव है। शिविर में कुल 127 पशुपालकों के 704 पशुओं का उपचार, कृमिनाशक दवा पान, गर्भ परीक्षण, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण एवं एलएसडी टीकाकरण किया गया। इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी दर्शन सिंह राणा, चरण सिंह तोमर, वीरेंद्र कुमार वर्मा, औषधिक प्रभारी महादेव प्रसाद, पशु मैत्री संदीप वर्मा, मनजीत कुमार, अमित कुमार, राकेश राजपूत, श्रवण कुमार, राम कैलाश, तेजपाल निराला, रामू राजपूत, धर्मेंद्र कुमार, अनूप यादव, संतोष कुमार, रामजीवन यादव सहित बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे।

## बारिश और तेज़ हवाओं से ज़मींदोज़ हुई धान और गन्ने की फसलें



**बिजुआ खीरी।** सोमवार शाम से देर रात तक हुई बारिश के साथ तेज हवा ने खेतों में खड़ी फसलों को जमींदोज कर दिया। जिससे किसानों का काफी नुकसान हुआ है। खेतों में पकी और पकने के कगार पर खड़ी धान की फसल खेतों में ही बिछ गई। वहीं गन्ने की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र में सोमवार शाम से देर रात तक हुई बे-मौसम बारिश और तेज़ हवाओं ने जहां एक ओर लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी वहीं खेतों में खड़ी धान और गन्ने की फसलें खेतों में गिरकर जलमग्न हो गई। क्षेत्रीय किसान उपेंद्र सिंह, राम बहादुर, तेज प्रताप, लालता प्रसाद,अहिवरन लाल, संजय, प्रमोद, विनोद, आदि ने बताया कि गन्ने की जो फसल मज़बूती से बंधी थी वह भी हवा की रफ्तार नहीं झेल सकी और खेतों में पलट गई।अब उन्हें दोबारा बंधवाने के लिए मजदूरों पर दोगुना खर्च करना पड़ेगा। जिससे गन्ने का वजन कम हो जाएगा। किसान प्रेम गुप्ता,अहिवरन लाल, बाबूराम, रोहित, शर्मा आदि ने बताया कि धान की फसल पूरी तरह पक चुकी थी और कुछ दिनों में कटाई की तैयारी थी। किसानों ने प्रशासन से सर्वे कराकर नुकसान की भरपाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते राहत और मुआवजे की व्यवस्था नहीं हुई, तो छोटे किसानों को आर्थिक संकट उठाना पड़ेगा।

## ब्राह्मण चेतना सेवा समिति द्वारा संचालित ब्राह्मण चेतना संगठन का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



ब्राह्मण चेतना सेवा समिति द्वारा संचालित ब्राह्मण चेतना संगठन का स्थापना दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र सहित विभिन्न जनपदों से आए ब्राह्मण समाज के लोगों ने समाज में एकता, जागरूकता और शिक्षा के प्रसार के प्रति अपने विचार रखे तथा सामाजिक चेतना और जनसेवा के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष आदेश तिवारी ने की, जबकि संचालन का दायित्व संगठन मंत्री संतोष त्रिपाठी ने निभाया। अपने उद्बोधन में प्रीतम शास्त्री ने कहा कि ब्राह्मण चेतना संगठन कई वर्षों से समाज के पीड़ित और अशिक्षित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत है। संगठन की जनजागरूकता मुहिम का सकारात्मक परिणाम अब समाज में दिखाई देने लगा है। संगठन अध्यक्ष आदेश तिवारी ने कहा कि ÷हमारा उद्देश्य गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करना तथा समाज में समानता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। वहीं संगठन मंत्री संतोष त्रिपाठी ने कहा कि मैं समाज के शैक्षिक उन्नयन के लिए कार्यरत हूं और आगे भी इसी दिशा में प्रयास जारी रखूंगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सवर्ण आर्मी के अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विक्की मिश्रा एवं संगठन महामंत्री राजेश मिश्रा शामिल हुए। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों में देवानंद तिवारी, अवधेश उपाध्याय, पंकज त्रिपाठी, विकास तिवारी सहित सैकड़ों ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने समाज की एकता और विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# शौच को निकली किशोरी की लाश मिली, गांव में सनसनी

**मृतका की मां ने स्थानीय थाने पर दी तहरीर, न्याय की लगाई गुहार**





**उतरौला (बलरामपुर)।** थाना रेहरा बाजार क्षेत्र के ग्राम सकड़रिया में सोमवार की शाम घर से शौच के लिए निकली एक किशोरी का शव मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में खेत के किनारे पानी भरे गड्ढे में मिला। घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया। सकड़रिया निवासी जानकी देवी पत्नी हरिहर प्रसाद विश्वकर्मा ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी रेशमी सोमवार की शाम करीब छह बजे शौच के लिए घर से निकली थी। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार की सुबह 7 बजे ग्रामीणों ने उसका शव गांव के पास स्थित नहर के बगल खेत के किनारे पानी भरे गड्ढे में देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


**सूचना**

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना कार्यालय ग्राम पंचायत पपड़ी खुर्द बुजुर्ग वि0ख0 शमशाबाद फर्रु0 की निविदा दिनांक 4 अक्टूबर 2025 को हमारे समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसमें त्रुटिवश ग्राम पंचायत सचिव जयवीर सिंह के स्थान पर जगवीर सिंह छप गया था। इस निविदा में ग्राम पंचायत सचिव का नाम जयवीर सिंह ही पढ़ा जाये।


# अमघटी जंगल हत्या कांडः हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस के आश्वासन के बाद हुआ अंतिम संस्कार

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अमघटी जंगल हत्या कांड- हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस के आश्वासन के बाद हुआ अंतिम संस्कार थाना क्षेत्र के अमघटी जंगल में 6 अक्टूबर को हुई युवक की हत्या के मामले में सोमवार को उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया जब पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजनों का कहना था कि जब तक हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा जाता, तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मृतक की पहचान कर्ता राम वर्मा पुत्र स्व. बालेदीन निवासी अमघटी के रूप में हुई थी, जिसकी लाश बीते दिनों नग्न अवस्था में जंगल से बरामद हुई थी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद जैसे ही शव परिजनों को सौंपा गया, गांव में आक्रोश फूट पड़ा। परिजनों व ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर शव रखकर हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। अधिकारियों ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने की अनुमति दे दी। इस दौरान मौके पर थाना प्रभारी सादुल्लाहनगर मनोज कुमार सिंह, पुलिस बल एवं राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस की कई टीमें बनाकर हत्यारों की तलाश की जा रही है। बहुत जल्द इस हत्या कांड का खुलासा कर दोषियों को जेल भेजा जाएगा। ग्रामीणों में अब भी इस जघन्य हत्या को लेकर रोष व्याप्त है। लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो सकें।


**कार्यालय ग्रा0पं0 सितवनपुर पिथू ब्लाक मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकःमीमो/ग्रा/पं/नी/सू/2025-26 — **नीलामी सूचना** — दिनांक 07/10/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सितवनपुर पिथू में संचालित स्थाई/अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में निराश्रित गौवंशों से उत्पन्न अपशिष्ठ (गोबर) की नीलामी हेतु निविदा दिनांक 08/10/2025 से दिनांक 14/10/2025 तक आमंत्रित की जाती है, जो 14/10/202 सायंकाल को 02:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सितवनपुर पिथू में नीलामी की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय (गौशाला) सितवनपुर पिथू नियति तिथि एवं समय में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी कार्यवाही/बोली लगाने से पूर्व बोली दाताओं द्वारा जमानत धनराशि के रुप में 10000 रु0 की अग्रिम धनराशि प्रत्येक बोलीदाताओं को जमा करना अनिवार्य होगा। बोली दाताओं में से नीलामी बोली के उपरान्त सर्वोच्च बोली वाले बोलीदाता को बोली की कुल धनराशि तत्समय जमा करना अनिवार्य होगा एवं निराश्रित गौवंशों से अपशिष्ठ (गोबर) सात दिन में उठाना आवश्यक होगा। बोलीदाता बोली लगाने से पूर्व ग्राम सितवनपुर पिथू में स्थिति गौशाला में निराश्रित गौवंशों से उत्पन्न अपशिष्ठ (गोबर) का आकलन कर लें। बोली संतोषजनक न होने पर अधोहस्ताक्षरी/समिति द्वारा नीलामी कार्यवाही निरस्त की जा सकती है। नीलामी शर्तों की जानकारी कार्यालय समय में कार्यालय कार्यदिवसों में प्राप्त की जा सकती है।

सचिव — अवधेश कुमार, ग्रा0पं0 सितवनपुर पिथू

प्रधान — शेर बहादुर सिंह, ग्रा0पं0 सितवनपुर पिथू

**कार्यालय ग्रा0पं0 जनैया सठैया वि0ख0 बढ़पुर, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 — दिनांक 07/10/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जनैया सठैया विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 08/10/2025 से 12/10/2025 तक की अपरान्ह 4-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 12/10/20255 को सायं 5:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 08/10/2025 से 12/10/2025 तक अपरान्ह 4-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | गौशाला में वाटर फिटिंग | 1.69 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | प्रमोद के घर से ओमपाल के घर तक नाली एवं इंटरलाकिंग कार्य | 4.96 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थलों पर कैमरा स्थापना | 1.80 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ.डी. आर व एन.एस.सी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-(ज्ञानेन्द्र सिंह राजपूत) — ग्रा0पं0 जनैया सठैया, वि0ख0 बढ़पुर, — सचिव-(ओम शिव पाण्डेय)

# पुलिस ने 8.5 लाख वाहनों को किया चेक, 9000 से अधिक वाहनों से हटाई काली फिल्म

## 18,215 वाहनों का चालान किया गया, अपर पुलिस महानिदेशक से लेकर थाना प्रभारियों ने की फुट पेट्रोलिंग, 22 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच चली चेकिंग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित माहौल देने के लिए गाड़ियों की काली फिल्म हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। यह अभियान 22 सितंबर से प्रदेशभर में चलाया गया, जो वर्तमान में भी चल रहा है।

वहीं 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक साढ़े आठ लाख से अधिक वाहनों की चेकिंग की गयी। इसके साथ ही उच्च अधिकारियों पुलिस महानिदेशक, अपर पुलिस महानिदेशक, उप महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ फुट पेट्रोलिंग की गयी।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान की नोडल अधिकारी एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों द्वारा सड़क पर गाड़ियों की जांच की गयी। इस दौरान गाड़ियों की काली फिल्म को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस दौरान 71,473 स्थानों की 24,457 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 8,50,182 वाहनों की चेकिंग की गयी। अब तक 9,488 काली फिल्में हटाई जा चुकी हैं। इसके अलावा 2,817 हूटर और 1,087 बत्तियां भी हटाई गई हैं।

यह कदम सड़क पर अपराधों को रोकने और महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके साथ ही, गलत स्थान पर पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ 18,215 चालान भी किए गए हैं, ताकि ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और सड़क पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से वाहन पर शासकीय और जाति सूचक शब्दों के इस्तेमाल पर भी कड़ी कार्रवाई की गई है और 14,504 ऐसे मामले सामने आए हैं। अभियान के दौरान 3,38,305 व्यक्तियों को चेतावनी दी गयी।

### 263 स्टंटबाजों को किया गया गिरफ्तार

एडीजी ने बताया कि वाहन नियमों का उल्लंघन करने पर 1,93,829 वाहनों का चालान किया गया है, जबकि 3,654 वाहनों को सीज भी किया गया है। कुल 251 पंजीकृत अभियोगों के साथ-साथ 450 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इसके अलावा स्टंटबाजों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गयी। इस दौरान 55,832 स्थानों की 21,324 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 5,26,184 वाहनों की चेकिंग की गयी। अभियान के दौरान 770 स्टंटबाजी के मुकदमे दर्ज किये गये जबकि 263 स्टंटबाजों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 31,609 वाहनों का चालान और 1,388 वाहनों को सीज किया गया। वहीं, मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा फुट पेट्रोलिंग भी की गयी ताकि सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल से पुलिस विभाग ने महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए अपनी तैनाती सुनिश्चित की है। प्रदेश के 57,265 स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग की गयी। इसमें अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक, उप महानिरीक्षक द्वारा 239 स्थानों, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक द्वारा 1,670 स्थानों, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी द्वारा 9,616 और थाना प्रभारी द्वारा अपनी टीम के साथ 45,837 स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग की गयी।

# कांशीराम के प्रति सपा-कांग्रेस का रवैया हमेशा द्वेषपूर्ण रहा : मायावती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बसपा के संस्थापक कांशीराम के प्रति इन दोनों दलों का रवैया हमेशा घोर जातिवादी एवं द्वेषपूर्ण रहा है।

मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के मिशनरी को नई गति देने वाले बसपा के संस्थापक कांशीराम को लेकर सपा और कांग्रेस का रवैया शुरू से ही जातिवादी एवं द्वेषपूर्ण रहा है। 09 अक्टूबर को कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर सपा की ओर से संगोष्ठी और कार्यक्रम करने की घोषणा मात्र घोर छलावा है। लोगों को स्पष्टतः इनके मुंह में राम बगल में छुरी की कहावत को चरितार्थ करने वाला ज्यादा लगता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सपा ने ना केवल कांशीराम के जीते-जी उनके पार्टी के साथ दगा करके उनके मूवमेन्ट को उत्तर प्रदेश में कमजोर करने की लगातार कोशिशें कीं हैं। बसपा सरकार में 17 अप्रैल 2008 में कासगंज को जिला मुख्यालय का दर्जा देकर कांशीराम नगर के नाम से बनाये गये नये जिला के नाम को भी जातिवादी सोच व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया।

## खबरें एक नजर में

### एनवाई सिनेमा का नया नाम देवगन सिनेएक्स एक नए युग की शुरुआत



**कानपुर, समृद्धि न्यूज।** भारतीय सुपरस्टार अजय देवगन ने विश्व समुद्र समूह के साथ हाथ मिलाकर देवगन सिनेएक्स के रूप में एनवाई सिनेमा की नई पहचान का अनावरण प्रतिष्ठित नॉर्थ बॉम्बे सर्वजनिन दुर्गा पूजा (एसएनडीटी वुमेन्स कॉलेज ग्राउंड, जुहू) में किया। इस भव्य रीब्रांडिंग कार्यक्रम ने शहर के सांस्कृतिक और फिल्म जगत के दिग्गजों को आकर्षित किया और भारत में सिनेमा के लिए एक शानदार नए अध्याय की शुरुआत की। समारोह की शुरुआत दुर्गा पूजा के उत्सव से हुई, जिसके बाद देवगन सिनेएक्स का लोगो संगीत, रोशनी और उत्साह के बीच पेश किया गया। लॉन्च पर अजय देवगन ने कहा दुर्गा पूजा परंपरा, एकता और साझा खुशी का उत्सव है। कई मायनों में सिनेमा भी यही करता है यह कहानियों के ज़रिए लोगों को करीब लाता है। विश्व समुद्र समूह के प्रबन्ध निदेशक शिवदत्त दास ने कहा, देवगन सिनेएक्स सिर्फ एक नया नाम नहीं है; यह सिनेमा हॉल को नवाचार, आराम और संस्कृति के केंद्र में बदलने की दृष्टि है। हम इस ब्रांड को पूरे भारत में तेजी से विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने डेब्यू के साथ, देवगन सिनेएक्स ने प्रीमियम फॉर्मेट्स की शुरुआत की योजना की घोषणा की, साथ ही एआई, ऐप और वेब प्लेटफॉर्म, कस्टमर एंगेजमेंट टूल्स और रिवॉर्ड प्रोग्राम जैसी आधुनिक डिजिटल तकनीकों का लाभ उठाकर दर्शकों के लिए सहज अनुभव बनाने की बात कही।

### दिवाली से पहले भारी मात्रा में पटाखे जब्त, दो गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज में दिवाली से पहले भारी मात्रा में पटाखे बरामद हुए हैं। नगराम थाना पुलिस ने सूचना पर कस्बे में रेड मारी तो 2 लोग पटाखे बनाते हुए गिरफ्तार कर लिए गए। इस दौरान कुल ढाई क्विंटल पटाखे जब्त हुए। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी। नगराम पुलिस टीम ने एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में दोपहर ढा छापा मारा। मौके से सुतली बम, रॉकेट और अन्य विस्फोटक सामग्री का जखीरा मिला है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नगराम क्षेत्र के एक मकान में अवैध रूप से पटाखों का भंडारण और निर्माण किया जा रहा है। छापेमारी के दौरान पुलिस को कई बोरों में भरे सुतली बम और कई तरह के ढाई क्विंटल पटाखे मिले। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे इन अवैध पटाखों को स्थानीय बाजारों में खपाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि उनके नेटवर्क और विस्फोटक सामग्री के स्रोत का पता लगाया जा सके। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर किसी भी संभावित दुर्घटना या अवैध गतिविधि को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### ट्रैक्टर ने मारी टक्कर,मॉर्निंग वॉक से लौट रहे भाई-बहन की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में मॉर्निंग वॉक से लौट रहे इकलौते भाई-बहन की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों बाइक से आ रहे थे तभी सामने ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों उछलकर 20 फीट दूर गिरे। दोनों का सिर दीवार से टकराया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस भाई-बहन को लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है। घटना मंगलवार सुबह की ठाकुरगंज इलाके के न्यू हैदरगंज की है। पुलिस के मुताबिक, श्वेता सुबह मॉर्निंग वाक करने गई थी। वह सुबह करीब 5 बजे भाई अतुल के साथ बाइक (यूपी 32पीडब्लयू 2073) से घर लौट रही थी। जैसे ही दोनों न्यू हैदरगंज चोर घाटी के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ((यूपी 32ईएफ0439) ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों उछलकर करीब 20 मीटर दूर जाकर गिरे। अतुल का सिर दीवार से टकराकर फट गया। दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस उन्हें ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने बताया कि पहले ही दोनों की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। परिजनों की शिकायत पर अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### जैन मन्दिर में मना आचार्य विद्यासागर का अवतरण दिवस

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** जैन परंपरा के आचार्य विद्यासागर जी का आज 80 वां अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के दिन गोमतीनगर जैन मंदिर में बड़े ही भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया गया। आचार्य विद्यासागर जी का जन्म शरद पूर्णिमा के दिन 1946 को ग्राम सदलगा जिला बेलगांव कर्नाटक राज्य में हुआ था। मंदिर के मंत्री आलोक जैन ने बताया कि विद्यासागर जी को 22 वर्ष की आयु में आचार्य ज्ञान सागर जी ने अजमेर में दीक्षा प्रदान की और बाद में आचार्य पद भी दिया, उनके सभी भाई दीक्षा लेकर संन्यास के पथ पर चल रहे हैं उनका जीवन सर्व समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने हिंदी एवं संस्कृत में कई ग्रंथ लिखे हैं, उनका हिंदी महाकाव्य मूकमाटी पर विभिन्न शोधार्थियों ने मास्टर और डॉक्टरेट के लिए अध्ययन किया ह , विभिन्न संस्थाओं में यह पढ़ाया जाता है। आचार्य श्री द्वारा लगभग 250 मुनि आर्यिका दीक्षित की, वह छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी दिगंबर तीर्थ से 18 फरवरी 2024 को इस संसार से देवगति को प्राप्त हुए।

### अपार्टमेंट में आरडब्लयूए अध्यक्ष ने आवंटी को मारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार स्थित अलखनंदा अपार्टमेंट में सोसाइटी स्टिकर नहीं लगे होने पर अपार्टमेंट के आरडब्लयूए अध्यक्ष अशोक सिंह और उनके भाई ने एक फ्लैट मालिक को पीट दिया। आरोप है कि दोनों लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पीड़ित ने गोमतीनगर विस्तार थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पीड़ित सत्येन्द्र द्विवेदी ने बताया कि वो अपार्टमेंट के ब्लॉक डी के फ्लैट नंबर 1002 में रहते हैं।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मंत्री जयवीर सिंह ने किया अखंड रामायण पाठ का शुभारम्भ

# महर्षि वाल्मीकि के आदर्श आज भी समाज के लिए पथ प्रदर्शक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को अलीगंज स्थित नया हनुमान मंदिर में आयोजित महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण के अखंड पाठ का शुभारम्भ किया। इसके बाद प्रदेश भर के मंदिरों में अखंड रामायण पाठ की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री जयवीर सिंह जानकीपुरम स्थित गौतम बुद्ध विहार कॉलोनी पहुंचे और लोगों को वाल्मीकि सम्मान दिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद बृजलाल भी मंत्री संग मौजूद रहे।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से महर्षि वाल्मीकि के जयंती पर प्रदेश के सभी 75 जिलों के देव मंदिरों और महर्षि वाल्मीकि से सम्बंधित स्थलों पर रामचरित मानस पाठ, अखण्ड रामायण पाठ, वाल्मीकि रामायण पाठ, सुन्दर काण्ड, भजन-कीर्तन, दीप प्रज्ज्वलन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

ऐसे आयोजन प्रदेश की संस्कृति और आस्था से जुड़ी हमारी परम्परा और लोक आस्था को सशक्त बनाते हैं।

उन्होंने कहा, राज्य में महर्षि वाल्मीकि के सम्मान के लिए भगवान राम की नगरी अयोध्या में उनके नाम पर अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट एवं भव्य प्रतिमा स्थापित की गयी है। संगीत नाटक अकादमी में वाल्मीकि प्रेक्षागृह, स्मारक, पुस्तकालय एवं छात्रावास के साथ अन्य कई योजनाएं संचालित हैं, जिससे वाल्मीकि समाज का गौरव एवं सम्मान बढ़ता है। मंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर चित्रकूट में पर्यटन विकास कार्य एवं वाल्मीकि की भव्य प्रतिमा की स्थापना के साथ ही अखंड रामायण पाठ किया जा रहा है। वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों के विकास और प्रचार-प्रसार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक इन स्थलों से जुड़ सकें।

### महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर कवि सम्मेलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्कृत संस्थान में वाल्मीकि रामायणानुगुणं सामाजिक समरसता विषय पर व्याख्यान गोष्ठी एवं संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। संस्थान के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि हम सब महान ऋषि को नमन करने के लिए एकत्र हुए हैं। महर्षि वाल्मीकि ने मानवता को ज्ञान, साहित्य और आदर्श जीवन का अमूल्य उपहार दिया। महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने संसार का प्रथम महाकाव्य 'रामायण' की रचना की। रामायण केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शन है, जो मर्यादा, कर्तव्य और सत्य के मार्ग को प्रकाशित करती है। प्रो0 अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने राम को विश्वपुरुष के रूप में प्रस्तुत करते हुए रामायण की सार्वभौमिकता और उसके वैश्विक प्रभाव पर प्रकाश डाला। प्रो. ओम प्रकाश पाण्डेय ने महर्षि वाल्मीकि को प्रथम काव्यकलाधर के रूप में वर्णित करते हुए काव्य पाठ प्रस्तुत किया।

# सर्वजन आम पार्टी की समीक्षा बैठक, प्रदेश भर से पदाधिकारी हुए शामिल

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में सर्वजन आम पार्टी की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। दारुल शफा में आयोजित बैठक में समस्त जिलों के जिला अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुन्नालाल कनौजिया ने की। प्रदेश में संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा की। संगठनात्मक मजबूती के लिए रणनीति तय की गई। भविष्य की कार्ययोजना पर दिशा-निर्देश दिए गए। जिलों से आए पदाधिकारियों ने जमीनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश भास्कर ने अपने संबोधन में सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें।

# 10 हजार का इनामी माफिया गिरफ्तार देशी पिस्टल और कारतूस भी बरामद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ की चिनहट पुलिस ने मंगलवार को 10 हजार के इनामी बदमाश अभय प्रताप सिंह उर्फ अभय माफिया को गिरफ्तार किया।

आरोपी ने 1 अक्टूबर को गोमतीनगर विस्तार स्थित सीबीसीआईडी कॉलोनी में खुलेआम फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाई थी। घटना के बाद से अभय फरार चल रहा था। पुलिस ने सर्विलांस और मुखबिर की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस कर मंगलवार सुबह बेतवा अपार्टमेंट में दबिश दी। आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से .32 बोर की एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक मैगजीन बरामद हुई है। 1 अक्टूबर को अभय ने अपने साथियों के साथ मिलकर सीबीसीआईडी कॉलोनी में एक युवक पर फायरिंग की थी। पीड़ित शैलेन्द्र वर्मा की तहरीर पर अभय के अलावा आशुतोष मिश्रा, सत्यम और उत्कर्ष मिश्रा समेत कई लोगों को नामजद किया गया था।

इस मामले में पुलिस पहले ही सत्यम और उत्कर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अभय की गिरफ्तारी पर पुलिस कमिश्नर ने 10,000 का इनाम घोषित कर रखा था। चिनहट और सुशांत गोल्फसिटी थानों में अभय पर हत्या के प्रयास, फायरिंग, धमकी, मारपीट और अवैध हथियार रखने जैसे चार संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

# तथ्य जुटाने कस्तूरबा बालिका विद्यालय में फिर पहुंची टीम

**महिला अफसरों की जांच में वार्डन पर लगाए गए आरोप पाए गए सही**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज तहसील के खुजौली गांव स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मंगलवार को एक बार फिर महिला अधिकारियों की टीम पहुंची है। डीएम के निर्देश पर जांच से जुड़े सभी तथ्य जो अभी तक नहीं मिल सके, उन्हें टीम जुटाएगी।

सभी फुटेज की स्क्रीनिंग की होनी है। वहीं, दूसरी तरफ विद्यालय की वार्डन का बर्खास्त होना तय है। उनको इस संबंध में बीएसए का नोटिस भेज दिया गया है। इससे पहले सोमवार शाम तक



चली महिला अफसरों की जांच में प्रथम दृष्टया वार्डन पर लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं। इसी बीच स्कूल शिक्षा महानिदेशक की टीम मोहनलालगंज पहुंची। उसकी जांच में भी वार्डन पर छात्राओं को पीटने, सफाई करवाने, बर्तन धुलवाने जैसे आरोप सही मिले हैं। जिलाधिकारी विशाख जी की ओर से अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति ज्योति गौतम की अध्यक्षता में बनाई गई न सदस्यीय जांच कमेटी में शामिल नगर मजिस्ट्रेट शिप्रा पाल और कोऑपरेटिव वैशाली सिंह पुलिस अधिकारियों के साथ को दोबारा विद्यालय पहुंचीं। अधिकारियों ने बताया कि जांच कमेटी ने दूसरे दिन कई छात्राओं के बयान रिकॉर्ड किए। वार्डन एवं प्रिंसिपल सुधा यादव को पहले अस्थायी रूप से हटाया बर्खास्त का नोटिस भेजा गया है। छात्राओं की सुरक्षा के नाम पर एक होमगार्ड व पीआरडी का जवान होता है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी ने बताया कि शासनदेश के अनुसार, इन विद्यालयों में वार्डन को 24 घंटे स्कूल परिसर में ही रहने का प्रावधान है।

### छात्राओं ने वीडियो के साथ जिलाधिकारी से की थी शिकायत

मामला शनिवार को तब सामने आया, जब तहसील समाधान दिवस पर 10 छात्राओं ने वीडियो के साथ जिलाधिकारी विशाख जी से शिकायत की थी। प्रिंसिपल व वॉर्डन पर मारपीट, धमकाने और झाड़ू-पोंछा करवाने का आरोप लगाया था। छात्राओं ने बताया कि रात में बाहरी लोग स्कूल आते थे। कोई छात्रा देख लेती तो उसे पीटा जाता था। खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से रविवार को मुकदमा दर्ज कराया गया है। कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में तैनात वार्डन रात में स्कूल परिसर में नहीं रुकती हैं। इन्हें 24 घंटे स्कूल परिसर में रहना चाहिए। इसके बावजूद शाम होते ही अपने घर चली जाती हैं। रात को केयर टेकर ही रहती हैं। मोहनलालगंज के केजीबीवी की छात्राओं की शिकायत ने वार्डन की पोल खोल दी है।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर दो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर मंगलवार को इंडिगो के 2 विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। एक विमान दिल्ली से वाराणसी तो दूसरा प्रयागराज जा रहा था। वाराणसी वाले विमान को वाराणसी के करीब पहुंचते ही पायलट को सूचना मिली कि यहां मौसम खराब है। फ्लाइट को लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। यह विमान सुबह 6.45 बजे लखनऊ में लैंड हुआ। प्रयागराज वाला विमान भी प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंच गया था। उसे भी लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली क्योंकि वहां एयरफोर्स का अभ्यास चल रहा था। यह विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर दोपहर करीब 1.15 बजे उतरा और फिलहाल खड़ा है। इन दोनों विमानों के पायलट से बताया गया कि लैंडिंग पॉसिबल नहीं है। इसके बाद



पायलट ने अमौसी एयरपोर्ट अथॉरिटी से कॉल मांगे। इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई-2211 दिल्ली से सुबह 4.50 बजे टेकऑफ हुई।

वाराणसी के करीब पहुंचने पर पायलट को वहां से मौसम खराब होने की सूचना मिली। पायलट ने अमौसी एयरपोर्ट से कॉल मांगकर क्लियरेंस लिया। इसके बाद लखनऊ की ओर डायवर्ट कर दिया। लखनऊ में सुबह 6.42 बजे विमान की सुरक्षित लैंडिंग कर दी गई। अमौसी एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, इंडिगो के इस विमान में 6 क्रू और 86 यात्री सवार थे। मौसम खराब होने चलते वाराणसी एयरपोर्ट पर एटीसी से लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली। साथ ही बता दिया गया कि यहां अभी लैंडिंग नहीं की जा सकती। विमान ने एयरपोर्ट के पास 5 चक्कर लगाए। उसके बाद लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान आकर डेढ़ घंटे खड़ा रहा। सवार सभी 92 यात्री विमान में ही बैठे रहे। इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-5076 दोपहर 12.20 बजे प्रयागराज पहुंचती है। दिल्ली से 10.55 बजे रवाना होकर यह उड़ान प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंची, लेकिन लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। इसे भी लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। यह विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर करीब 1.15 बजे उतरा और अभी खड़ा है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, वाराणसी में मौसम सामान्य होने के बाद विमान को लखनऊ में लैंड कराया गया।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर महापौर ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के परिवर्तन चौक पर मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने आदि कवि महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में शहर के कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा, महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से मानवता, सत्य, धर्म और आदर्श जीवन का संदेश दिया। उनका जीवन सच्चाई, परिश्रम और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सांसद अनूप वाल्मीकि, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान, पूर्व सांसद अशोक वाजपेयी, प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

# औद्योगिक विकास मंत्री ने प्रबंधक यूपीसीडा को किया बर्खास्त

**हेमेंद्र प्रताप सिंह पर थे मनमानी व कदाचार के कई आरोप**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा में प्रबंधक विद्युत यांत्रिक के पद पर तैनात रहे हेमेंद्र प्रताप सिंह द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी करना उन्हें भारी पड़ गया। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी द्वारा प्रबंधक विद्युत यांत्रिक हेमेंद्र प्रताप सिंह की बर्खास्तगी के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

27 नवम्बर 2020 को शासन द्वारा ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण से हेमेंद्र प्रताप सिंह का यूपीसीडा में स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था। 1 दिसंबर 2020 को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास विभाग द्वारा उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया। लेकिन यूपीसीडा में कार्यभार सम्भालने के बजाय प्रबंधक विद्युत यांत्रिक हेमेंद्र प्रताप सिंह 18 अप्रैल 2022 तक अनुपस्थित रहे।

अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, चिकित्सा अवकाश हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत न करने, पर्याप्त आधार एवं संतोषप्रद स्पष्टीकरण के बिना अवकाश स्वीकृत कराए बगैर सेवा से विरत रहने के आरोप लगाए गए थे। उन्हें उच्चादेशों की प्रत्यक्ष अवहेलना का भी दोषी पाया गया था। आरोपों के सम्बंध में एसीईओ द्वारा जांच की गई। एसीईओ यूपीसीडा की जांच आख्या में प्रबंधक हेमेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ लगाए गए आरोप सिद्ध पाए गए।

# कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अपने प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का जन्मदिन प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पाण्डेय की मौजूदगी में आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के जन्मदिन पर कांग्रेसजनों द्वारा उनका जन्मदिन मनाया गया।

श्री राय ने अपने जन्मदिन के अवसर पर केक काटा। इस मौके पर मौजूद राष्ट्रीय महासचिव ने श्री राय को केक खिलाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। वहीं श्री राय ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश



कांग्रेस कार्यालय में कार्यरत बाल्मीकि समाज के कर्मचारियों को अंगवस्त्र एवं मिष्ठान वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला/शहर अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई एवं सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी एवं केक काटा। पूरे दिन पुष्पगुच्छ एवं बधाई देने वालों का ताता लगा रहा।

# चेन लूटने वाले लुटेरे गिरफ्तार, सोने के टुकड़े व नकदी बरामद

**लखनऊ।** गोमतीनगर पुलिस ने 2 लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनमें से एक ओला ड्राइवर है। उसने अपने दोस्त के साथ गोमती नगर में दो चेन लूटी थी। उनके कब्जे से सोने के टुकड़े और नकदी बरामद की है। दोनों बाइक से क्षेत्र में घूमकर लोगों से चेन लूटते थे। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि गोमतीनगर क्षेत्र में 28 सितंबर और 6 अक्टूबर को बाइक सवार बदमाशों ने चेन लूट ली थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सनराइज हॉस्पिटल हरदोई रोड, थाना ठाकुरगंज मजहर (27) और झरियन तालाब सआदतगंज निवासी फैसल पुत्र राहत अली के रूप में हुई है। पुलिस ने मजहर के कब्जे से लगभग 5 ग्राम की गली हुई सोने की धातु और 24 हजार रुपए नकद जब्त किए।

**अभिव्यक्ति**

### स्वामी चिदम्बरानंद सरस्वती ने देश व धर्म से जुड़े मुद्दों पर खुलकर रखे विचार

# स्वार्थ से ऊपर उठकर एकजुट हो हिन्दू समाज : स्वामी चिदंबरानंद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जानकीपुरम विस्तार के सूर्या अकादमी में आयोजित पत्रकार परिषद में मंगलवार को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्वामी चिदम्बरानंद सरस्वती ने देश और धर्म से जुड़े मुद्दों पर खुलकर विचार रखे।

उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले और बरेली हिंसा की घटनाओं को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हिन्दू समाज स्वार्थ से ऊपर उठकर एकजुट हो, क्योंकि आतंकवाद की जड़ें बहुत गहरी हैं और इसके निशाने पर हमारा अस्तित्व है। उन्होंने अविमुक्तेश्वरानंद



सरस्वती महाराज को भी आड़े हाथों लेते हुए बिहार चुनाव में लोगों को खुद को शंकराचार्य बुलाने वाले पाखंडियों से बचने की सलाह दे डाली। सरस्वती ने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछकर मारा गया, यह केवल सरकारों के लिए नहीं बल्कि हिन्दू समाज के लिए चेतावनी थी। संदेश साफ है, हम तुम्हें तुम्हारे धर्म से पहचानकर मार देंगे, अब तुम क्या कर लोगे? लेकिन अब भारत बदल चुका है। पहले की तरह आतंकियों को छोड़ा नहीं जाता, बल्कि जवाब उसी भाषा में दिया जाता है। यह मोदी और योगी सरकार की दृढ़ नीति का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि, आज दुनिया का एकमात्र धर्म हिन्दू धर्म है जो सर्वे भवन्तु सुखिनः की बात करता है। फिर भी हमें असहिष्णु कह दिया जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि पूरे विश्व में आतंक के मूल में एक ही मजहब दिखाई देता है। यह समय है कि हिन्दू समाज ऐसे विभाजनकारी तत्वों को पहचानें और उनका विरोध हर स्तर पर करे।

स्वामी चिदम्बरानंद ने धर्म और राजनीति के बदलते समीकरणों पर कहा कि,2014 के बाद पहली बार देश ने आस्था का ध्रुवीकरण देखा है। जहां एक ओर केदारनाथ में घोड़े-खच्चर वाले करोड़ों कमा रहे हैं, वहीं कुम्भ में करोड़ों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। यह बताता है कि भारत की आत्मा फिर से अपने धर्म और संस्कृति की ओर लौट रही है। उन्होंने कहा, हमने भगवान को भी जातियों में बाँट दिया, यही हमारी कमजोरी है। लेकिन अब परिवर्तन की शुरुआत हो चुकी है। लोग गूगल पर धर्म खोज रहे हैं। संतों से जुड़ रहे हैं।

नॉन-वेज छोड़ रहे हैं। अमेरिका और यूरोप में गो-वीगन का ट्रेंड चल रहा है, पर हम अपने देश में गाय पर बहस कर रहे हैं, यह शर्म की बात है। आई लव मोहम्मद विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए चिदम्बरानंद सरस्वती ने कहा, यह सब सुनियोजित षड्यंत्र है। जिनके मजहब में पोस्टर और चित्र हराम हैं, वही अब सार्वजनिक प्रदर्शन कर रहे हैं। यह किसी षड्यंत्र का हिस्सा है। और इसका उचित जवाब हमारी योगी सरकार ने दिया है। ऐसे अनुशासन की आवश्यकता पूरे देश में है।

# डीएम ने की निर्माण कार्यों की विभागवार समीक्षा

- कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कर करने के निर्देश
- तय समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं हुए तो अधिकारियों की जवाबदेही होगी तय




**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जनपद में 50 लाख से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की वर्तमान प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं की स्वीकृति हो चुकी है, उनके क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराते हुए कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति संबंधित पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड की जाए, जिससे शासन स्तर से निगरानी और मूल्यांकन की प्रक्रिया सशक्त हो सके। उन्होंने कहा कि कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए फील्ड निरीक्षण भी समय-समय पर किया जाए, जिससे कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का सही आकलन हो सके। बैठक में कुछ विभागों द्वारा प्रस्तुत कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कारणों की स्पष्ट रिपोर्ट तलब की तथा सुधारात्मक कदम तत्काल उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी अधिशासी अभियंताओं एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किए गए तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, एडीएसटीओ अरुण कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर रामचंद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिशासी अभियंता, परियोजना अधिकारी, लेखाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मार्ट के पास लड़कियों को छेड़ रहे युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** एंटी रोमियो टीम के महिला उपनिरीक्षक पूजा वर्मा ने बलराम पुर मार्ग पर एक मार्ट के पास लड़कियों को घूर रहे और छेड़छाड़ कर रहे गुलजार अहमद पुत्र जाहिद अली निवासी प्रधान पुरवा रानी थाना इटिया थोक को गिरफ्तार कर लिए। उपनिरीक्षक पूजा वर्मा ने बताया कि महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक कर रही थी तभी मुखबिर खास की सूचना मिली कि एक युवक मार्ट के बाहर खड़ा हो कर आने जाने वाले लड़कियों के साथ छेड़छाड़ कर रह है और उन को घूर रहा है। इस पर महिला आरक्षी सिपाही रचना परमिला सिपाही अमित तोमर के साथ पहुंच गई। हम लोगों को देख कर भागने लगे। जिस पर उस को पकड़ कर जेल भेज दिया गया।

# राष्ट्रपति ने जिले के आयुष वर्मा को किया सम्मानित

- राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2022-23 से नवाजा, नई दिल्ली में हुआ समारोह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

रूपईडीहा के नई बस्ती निवासी आयुष वर्मा को वर्ष 2022-23 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र हॉल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत दिया गया।आयुष वर्मा ने एनएसएस स्वयंसेवक के रूप में कई राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई है। इनमें पर्यावरण संरक्षण,



डिजिटल इंडिया, कैशलेस इंडिया और स्वच्छ भारत अभियान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ÷से माउंटेन टू हिमालय÷ जैसे अभियानों में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस सम्मान से आयुष वर्मा के परिवार और रूपईडीहा क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आयुष वर्मा ने अपने कार्यों से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

# महर्षि बाल्मीकि जयंती पर रामायण का हुआ आयोजन



**मनकापुर/ गोंडा समृद्धि न्यूज़।**

मनकापुर नगर पंचायत क्षेत्र के रामलीला मैदान स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर पर जिलाधिकारी गोंडा प्रियंका निरंजन,उप जिला अधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी के दिशा निर्देश में हनुमानगढ़ी मंदिर पर गोंडा से आए हुए रामायण मंडली द्वारा बहुत ही सुंदर संगीत मई भव्य रामायण पाठ किया गया एवं भजन कीर्तन व आरती किया गया उसके रूपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी एंव मंदिर के पुजारी व नगर के भक्तगण काफी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# दीनदयाल शोध संस्थान में बाल्मीकि जयंती आयोजित हुई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को दीनदयाल शोध संस्थान गोंडा पर महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर लोक भारती द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोक भारती के शीर्ष पदाधिकारीयो ने वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित किया तथा उनके जीवनी पर वर्णन किया कार्यक्रम के माध्यम से प्राकृतिक खेती,जल संरक्षण और स्वच्छता तथा एक जिला एक नदी के तहत मनोरमा नदी को सुंदर बनाने के लिए मनोरमा संरक्षण टीम का गठन किया गया एवं सारे अभियान के संयोजक भी गठित किए गए। प्राकृतिक का प्राकृतिक खेती के संयोजक शारदाकांत पांडे,सह संयोजक के रूप में धनंजय मणि, देवनारायण तिवारी बिट्टू तिवारी तथा



सत्यप्रकाश को दायित्व देते हुए स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक डॉ, दिलीप शुक्ला सह संयोजक आकाश सागर रिचा पांडेय नदी संरक्षण के लिए दयाशंकर पांडे ,भगवान चरण ओझा,अन्ना,दिनेश मिश्रा एवं राजेश दुबे तथा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री वीरेंद्र पाल सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री लोक भारती गोपाल उपाध्याय श्री कृष्णा चौधरी कार्यक्रम का संचालन आरएसएस ओमप्रकाश जी ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित भूपेंद्र पाल एडियो पंचायत संदीप शुक्ला शिवपूजन गुप्ता नवीन सुनील दुबे निक्कू दुबे मिश्रा संजय चौबे हरिश्चंद्र पांडे ननकू गुप्ता सुमित सिंह सनी सिंह अमन पांडे बृजेश त्रिपाठी सीमा मिश्रा अंजलि तिवारी ममता मिश्रा अरविंद सोनी हिमालय गिरीश नीरज पांडे सुधांशु प्रिंस सुखविंदर सुधाकर सत्यम अशोक तिवारी मोहित तिवारी मनोज शुक्ला हरिओम तिवारी बजरंगी लाल पांडे भूदेव सिंह सुरेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# रंगदारी न देने पर युवक को पीटा, दस पर मुकदमा दर्ज

- मेडिकल कालेज में कराया गया घायल का इलाज

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक से दस हजार रुपए की रंगदारी मांगी गई रंगदारी न देने पर युवक को मार पीट कर घायल कर दिया गया। युवक की मां की तहरीर पर छह नामजद सहित चार पांच अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया गया है । नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी अर्चना पांडेय पत्नी अभिषेक पांडेय ने नगर कोतवाली में तहरीर दिया कि बीते 24 सितंबर को उस के बड़े बेटे से रंगदारी मांगी जा रही थी। रंगदारी नहीं दी गई। इस के बाद उस के छोटे बेटे भास्कर से दस हजार रुपए की रंगदारी मांगी गई। रंगदारी न देने पर बीते 3अक्टूबर को जब वह बाइक से घर लौट रहा था। उस को रास्ते में कप्तान सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह निवासी वजीर गंज अंश दीक्षित निवासी इमलिया गुरुदयाल विवेक तिवारी निवासी चौखड़िया हर्षू कश्यप निवासी छेदी पुरवा आर एन प्रताप निवासी पंत नगर सहित चार से पांच अज्ञात लोगों ने रोक कर हमला कर दिया। घायल अवस्था में उसका इलाज मेडिकल कालेज में कराया गया। घटना की तहरीर पर कप्तान सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह अंश दीक्षित विवेक तिवारी हर्षू कश्यप आर एन प्रताप सहित चार से पांच लोगो पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## खबरें एक नजर में

### लड़की को भगा ले गया युवक

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के एक कालोनी निवासी एक महिला ने नगर कोतवाली में तहरीर दिया कि उस के घर पर गरीबी पुरवा निवासी गौरव कुमार पुत्र हीरा लाल आता जाता था। उस की पुत्री से घंटों घर पर ही बात चीत करता था। उस को शादी करने के बहाने बहला फुसला कर भगा ले गया। तहरीर पर गौरव कुमार के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस उस की तलाश कर रही है।

### खेत में लगे पेड़ को काटने से मना करने पर महिला को पीटा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के काशी पुर मौजा चांद पुर निवासी प्रियंका पत्नी हीरा लाल के खेत पर बॉस का पेड़ लगा हुआ था। जिस को शैलेश कुमार सुधीर कुमार सुरेश कुमार जबरन काट रहे थे । मना करने पर ईट पत्थर से फेक कर मारा पीटा गया। जिस से घायल हो गई।अस्पताल में इलाज कराया। तहरीर पर शैलेश सुधीर कुमार सुरेश कुमार रवि चंद्र पर मार पीट का मुकदमा दर्ज किया गया है ।

### जमीनी रंजिश में पिता-पुत्र को पीटा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पिपरा पदुम गांव के निवासी उमा कांत मिश्र और उसके पुत्र अमित मिश्रा को लाठी डंडा से हमला कर के घायल कर दिया गया। उमा कांत मिश्र ने बताया कि वह अपने खेत में जानवर का गोबर डालने गया था। जिस को लेकर रमेश तिवारी से विवाद हो गया। उस की जमीन को जबरन कब्जा करना चाहते है। घटना की तहरीर पर रमेश दिनेश रेणु नीलम पर मार पीट का मुकदमा दर्ज किए गया है।

### स्कूल गई इंटर की छात्रा गायब

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के पथवलिया गांव के निवासी प्रभाकर पांडेय ने बताया कि उस की पुत्री निधि पांडेय कक्षा 12 की छात्रा है। पढ़ने के लिए सरजू प्रसाद इंटर कालेज आई थी। इस के बाद घर वापस नहीं गई। काफी खोज बीन के बाद भी कही पता नहीं चल सका। मोबाइल नंबर भी बंद बता रहा है। तहरीर पर गुमशुदगी का मुकदमा नगर कोतवाली में लिखा गया है।

### अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा, दो गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के खैरीघाट इलाके में पुलिस ने एक घर में चल रही अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से तीन निर्मित और तीन अर्धनिर्मित तमंचे सहित उन्हें बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। खैरीघाट थाना प्रभारी राशिद खान को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामपुर धोबियाहार ग्राम के मजरा बाबू पुरवा में बुद्धि सागर विश्वकर्मा के घर में अवैध असलहे बनाए जा रहे हैं। इस सूचना पर उप निरीक्षक बेचन प्रसाद, मनोज यादव और अन्य आरक्षियों के साथ थाना प्रभारी ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बुद्धि सागर और अरमान नामक दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि मौके से 315 बोर के तीन निर्मित अवैध तमंचे, तीन अर्धनिर्मित असलहे और उन्हें बनाने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# समाज में समरसता को बढ़ावा देती है भागवत

- वृद्धजन को प्रमाण-पत्र प्रदान कर किया सम्मानित




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत ग्राम फरदा त्रिकोलिया में आयोजित श्रीमद् भागवतमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ एवं नागरिक समारोह में पूर्णाहूति एवं भण्डारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश के मंत्री, मत्स्य विभाग डॉ. संजय कुमार निषाद ने सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के साथ बुजुर्ग ग्रामीणों सहित निषाद समाज के लगभग 50 लोगों का नागरिक सम्मान करते हुए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर ब्लाक प्रमुख हुजूरपुर अजीत प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र, उपजिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय, तहसीलदार रविकांत द्विवेदी, थानाध्यक्ष मिथलेश राय, नीरव प्रताप सिंह, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. निषाद ने कहा कि श्रीमद् भागवत से समाज में समरसता का संदेश फैलता है जिससे आपसी भाई चारा को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि आज महर्षि बाल्मीकि जी का प्राकट्य दिवस भी है जिन्होंने रामायण की रचना की और उसके माध्यम से समाज को एक संदेश दिया कि भगवान राम ने बिना भेदभाव के निषाद राज से मित्रता की वही मां शबरी के झूठे बैर भी खाए, इस संदेश से आज सबको सीखने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज भयमुक्त होकर लोग धार्मिक और सामाजिक आयोजन कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेहतर कानून व्यवस्था के कारण प्रदेश का तेज़ी के साथ विकास हो रहा है। कार्यक्रम को विधायक सदर अनुपमा जायसवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया।

# बस पलटने से दो दर्जन यात्री घायल, पांच रेफर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

श्रावस्ती से मनौना धाम गई बस वापस आ रही थी इसी दौरान बहराइच जिले के नानपारा लखीमपुर हाईवे मार्ग पर नैनिहा जंगल के पास पहुंचते ही बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में भर्ती करवाया जहां पर पांच लोग जो की गंभीर रूप से घायल थे उनको इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र मे श्रावस्ती जनपद से मनौना धाम गई बस मंगलवार सुबह वापस आ रही थी लखीमपुर बहराइच हाईवे मार्ग पर नैनिहा जंगल के पास अचानक बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें दो दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए



यह बस श्रावस्ती के सिविल लाइन बेलभरिया से मनौना धाम गए थे और वापस लौट रहे थे इसी दौरान बस अनियंत्रित होकर पलट गई। यात्रियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार जनता ढाबा के कर्मचारियों ने यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद बस का चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गया है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक जनार्दन गिरी और उप निरीक्षक विश्वनाथ चौरसिया सहित मोतीपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया कि दुर्घटना से कोई जनहानि नहीं हुई है मौके पर पुलिस को भेजा गया है।

# कोर्ट के आदेशों के अनुपालन करने के लिए शासन ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

लंबे समय से न्यायालय के आदेशों के अनुपालन न होने से परेशान शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए राहत की खबर आई है। उत्तर प्रदेश शासन के बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने अब ऐसे मामलों में सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि न्यायालय के आदेशों का समयबद्ध अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माना जाएगा। जारी आदेश में कहा है कि कई मामलों में न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के बावजूद सक्षम प्राधिकारी समय पर निर्णय नहीं ले रहे हैं, जिससे शासन की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आदेश में यह भी उल्लेख है कि कई बार निचले स्तर की लापरवाही के कारण उच्च अधिकारी न्यायालय में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को विवश होते हैं, जबकि वास्तविक जिम्मेदारी नीचे के स्तर के अधिकारियों की होती है। अपर मुख्य सचिव ने निर्देशित किया है कि सक्षम प्राधिकारी स्वयं या अपने स्तर के अधिकारी ही अदालत में जवाब प्रस्तुत करें। उच्च अधिकारियों को अनावश्यक रूप से अदालत में पेश न होना पड़े, इसके लिए सभी स्तरों पर समन्वय और सतर्कता बरती जाए। शासन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी अधिकारी द्वारा न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की गई या उन्हें जानबूझकर लंबित रखा गया, तो उसके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

विभाग ने आदेश की प्रति सभी महानिदेशकों, निदेशकों, सचिवों, शिक्षा परिषदों, वित्त नियंत्रकों और सभी सहायक शिक्षा निदेशकों को भेज दी है, ताकि तत्काल प्रभाव से इसका पालन सुनिश्चित कराया जा सके। उम्मीद की जा रही है कि कोर्ट में वर्षों से लंबित पड़े शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के मामलों में अब न्याय पाने की राह आसान होगा।

# जंगली जानवर के हमले से ग्रामीण घायल, हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के कैसरगंज इलाके में जंगली जानवर के हमले जारी हैं। मंगलवार दोपहर दयालपुरवा गांव में शौच के लिए गए एक ग्रामीण पर हिंसक जानवर ने हमला कर दिया। ग्रामीणों की चीख-पुकार सुनकर दौड़े लोगों ने उसकी जान बचाई। दयाल पुरवा निवासी 40 वर्षीय मिल्की राम मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे खेतों की ओर जा रहे थे, तभी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद जानवर भाग निकला। हमले में मिल्की राम के हाथ पर घाव हो गए हैं।

उन्हें एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। मझरा तौकली इलाके में आदमखोर जानवर के हमले लगातार हो रहे हैं। अब तक भेड़िए के हमलों में चार बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हुए हैं।

# उत्सव सेवा संघा ने ग्रामीणों को बांटे फलदार पौधे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

धरती को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सामाजिक संस्था उत्सव सेवा संघा के संस्थापक स्वामी मैत्रेय के निर्देश पर मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के तमोलिनपुरवा गांव मे पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड रहे। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पहले जब हम लोग एक दूसरे से मिलते थे तो जय राम जी की के साथ खेती बाड़ी का हालचाल होता था, इसलिए बाड़ी का अर्थ बागवानी अर्थात पेड से है । कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को



फलदार आम के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान मिहींपुरवा के प्रख्यात बोनसाई विशेषज्ञ , समाजसेवी सोमवर्धन पाण्डेय ने उत्सव सेवा संघा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा ग्रामीणों में पेड़ लगाने की प्रेरणा देना समय की बड़ी आवश्यकता है । उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को पौधारोपण की सही विधि और देखभाल की जानकारी भी दी। सोमवर्धन पाण्डेय ने कहा कि फलदार वृक्ष लगाने से न केवल वातावरण स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त होगा, बल्कि समाज को ताजगी भरी ऑक्सीजन और स्वादिष्ट फलों का लाभ भी मिलेगा। उन्होंने आगे बताया कि आम के फल बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए ऊर्जा और आनंद का स्रोत होते हैं। इसके सेवन से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं तथा आत्मा में खुशी और संतोष की अनुभूति होती है । इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आम के पौधे प्राप्त कर संस्था उत्सव सेवा संघा का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने यह भी संकल्प लिया कि वे पौधों को सिर्फ रोपित ही नहीं करेंगे, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करके उन्हें सुरक्षित रूप से बड़ा करेंगे।

# सेबी-एनएसई ने किया जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

वर्ल्ड इन्वेस्टर वीक 2025 के अंतर्गत भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड एवं राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज द्वारा पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में निवेशक जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों में वित्तीय साक्षरता, जिम्मेदार निवेश और साइबर फ्रॉड से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज के हर वर्ग विशेषकर पुलिस बल को सुरक्षित व जिम्मेदार निवेश निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में बी. के. गुप्ता, उप महाप्रबंधक, सेबी द्वारा पुलिस



कर्मियों व आरटीसी प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को मुख्य निवेशक सुरक्षा, वित्तीय योजना एवं नैतिक निवेश के महत्व पर जानकारी दी व अपने विचार साझा किये गये व विवेक दुआ, मुख्य प्रबंधक एनएसई, सीएस श्रुति शर्मा, प्रभारी नियामक विभाग (उत्तर प्रदेश क्षेत्र), एनएसई द्वारा सभी प्रतिभागियों को विभिन्न निवेश विकल्पों, पूंजी बाजार से जुड़े जोखिम प्रबंधन व निवेश में सावधानी बरतने के उपायों की जानकारी दी । साथ ही सोशल मीडिया फ्रॉड, फेक इन्वेस्टमेंट स्कीम्स, ऑनलाइन ठगी तथा साइबर अपराध से बचाव के व्यावहारिक उपायों पर भी जानकारी देकर जागरुक किया गया ।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर रामानन्द कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शरद पूर्णिमा-महर्षि वाल्मीकि जयंती पर संघ ने आयोजित किया कार्यक्रम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम शारीरिक बौद्धिक कार्यक्रम किए गए। मध्य रात्रि खीर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह शिवम नारायण ने किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ ने कहा कि शरद पूर्णिमा में मन निर्मल, विचार शांत और हृदय प्रेम पूर्ण होता है। शरद पूर्णिमा की चांदनी अमृत के समान मानी जाती है। इस रात्रि में चंद्र किरणों में औषधीय और ऊर्जा तत्व होते हैं इसीलिए प्राचीन काल से भारत में वैद्य औषधियो को शरद पूर्णिमा की रात बाहर रखते है।

## खबरें एक नजर में

### रामलीला में कलाकारों ने दर्शकों का मोहा मन



**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ क्षेत्र के पूरे बघेलन नेवाजगंज में पिछले 12 वर्षों से लगातार रामलीला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्थानी कलाकारों द्वारा बेहतरीन रामलीला का मंचन किया जा रहा है चार दिन पूर्व से आयोजित हो रही रामलीला को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ इकट्ठा हो रही है जिसे देखकर दर्शन मंत्र मुक्त हो रहे हैं न्यू गंगा रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में स्थानिक कलाकारों द्वारा राम जन्म राम वन गमन दशरथ विलाप राम केवट संवाद सीता हरण पंचवटी कुटी राम वाली युद्ध सुग्रीव मिलन सहित प्रतिदिन अलग-अलग लीला को प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें राम की भूमिका में देव सिंह सीता की भूमिका में अनूप हनुमान की भूमिका में रामू शर्मा परशुराम की भूमिका में अमित मिश्रा दशरथ की भूमिका में संजय सिंह एवं केके की भूमिका में कपिल यादव ने बेहतरीन अभिनय का प्रदर्शन किया स्थानी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जा रही भगवान राम की लीला को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ जमा हो रही है जिसे देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो रहे हैं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजू शर्मा संचालक श्यामलाल संरक्षक रिंकू फौजी ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से पिछले 12 वर्षों से लगातार सात दिनों तक रामलीला का आयोजन किया जा रहा है कमेटी द्वारा दशहरा मेला का आयोजन 8 सितंबर को किया जाएगा।

### नपा द्वारा आयोजित मेला रावण दहन के साथ संपन्न



**बिसवां, सीतापुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित दशहरा मेला नगर के ऐतिहासिक रामलीला मेला मैदान में रावण दहन के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण दहन का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। रावण के विशाल पुतले को अग्नि के हवाले किए जाने के साथ ही पूरे मैदान में जय श्रीराम के नारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में नगरवासी एवं आसपास के क्षेत्रों से हज़ारों की संख्या में लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। सभी आनंद लिया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल तथा अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी कर्मियों सहित उपस्थित रहे।

### चौपाल लगाकर पुलिस ने की महिला सशक्तीकरण पर वार्ता



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत भीड़-भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं के प्रति सुरक्षित वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से दशहरा पर्व पर जनपदीय पुलिस को निरंतर गश्त एवम् सघन चेकिंग करते हुए सतर्क दृष्टि रखने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवम् अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निकट पर्यवेक्षण में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में- थाना थानगांव के लालपुर गोलोक कोंडर, थाना हरगांव के ग्राम राही, थाना मिश्रित के पंचायत भवन भिखनापुर, थाना इमलिया सुल्तानपुर के भोगीपुर, थाना महमूदाबाद के ग्राम शिवाजी नगर व ग्राम सहजानी, थाना खैराबाद के ग्राम पाठकपुर व ग्राम हृदयनगर, थाना नैमिषारण्य के ग्राम अटवा, थाना सदरपुर के रमुआपुर कमहरिया, थाना मछरेहटा अंतर्गत प्रकाश एकेडमी सूरजपुर व कस्तूरबा गांधी विद्यालय ग्राम केसरा थाना मछरेहटा, थाना लहरपुर के ग्राम अकेचनपुर टप्पा, थाना रामपुर मथुरा के तुलसीपुर खरिका, थाना रामपुरकलां के ग्राम पंचायत कान्दुनी, थाना कमलापुर के प्राथमिक विद्यालय ग्राम बसईडीह, थाना सिधौली अतंर्गत गांधी मैदान, थाना सकरन के उमरखुर्द, थाना मानपुर ग्राम महदापुर, थाना संदना के ग्राम बांसखेड़ा मजरा रालामऊ, थाना तालगांव के ग्राम शरिफपुर तालहा के श्री जगन्नाथ पब्लिक स्कूल में, थाना कोतवाली देहात अंतर्गत ग्राम सलेमपुर अलीरजा पंचायतभवन एवम् शेष अन्य समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा- महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के उद्देश्य से विद्यालयों में सभाएं एवम् ग्राम/कस्बों में महिला चौपालों का आयोजन कर उपस्थित महिलाओं/बच्चों को उनके आत्मसम्मान के साथ किसी प्रकार का समझौता न करनें, उनके अधिकारों के विषय में एवम् उनके सहयोग हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।

### हर्ष फायरिंग दौरान अपनी ही गोली का शिकार हुआ युवक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र मुंशीगंज के अंतर्गत गरथौलिया गांव में सोमवार की रात जश्न के दौरान की गई हर्ष फायरिंग के दौरान अपनी की गोली का शिकार हुआ युवक। जिनकी अस्पताल में इलाज दौरान मौत हो गई। गरथौलिया गांव निवासी मस्तराम यादव पुत्र रामस्वरूप के घर पुत्री के जन्म के उपलक्ष्य में निकासन का कार्यक्रम था, जिसमें मस्तराम के रिश्तेदार परिवार और इष्ट मित्र भी शामिल हुए थे, इसी कार्यक्रम में शामिल होने देव यादव पुत्र संजय कुमार यादव उम्र 19 वर्ष निवासी मुराइन का पुरवा गरथौलिया भी आमंत्रित था, रात करीब 10:30 बजे डांस के बीच देव ने देशी तमंचे से फायर कर दिया लेकिन गोली आगे की बजाय पीछे निकलती हुई उसके सीने में घुस गई। गंभीर हालात में परिजन लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। करीब आधे घंटे बाद अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची मुंशीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक देव दिल्ली में रहता था और दो दिन पहले ही इस कार्यक्रम में शामिल होने अपने गांव आया था। मुंशीगंज थाना प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अभी तक किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं मिली है. अगर मिलती है तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### तेज आवाज़ में डीजे बजाने पर ऑपरेटर को किया अधमरा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत नुआंवा गांव में दुर्गा पूजा विसर्जन के अवसर पर तेज आवाज़ में साउंड बजाना एक डीजे ऑपरेटर को महंगा पड़ गया। दबंगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल ऑपरेटर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार अमेठी कोतवाली क्षेत्र के नुवावा गांव निवासी जगतपाल चौहान के बेटे संग्रामलाल चौहान डीजे ऑपरेटर का काम करते हैं। गांव में स्थापित दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन होना था, जिसके लिए संगम लाल साउंड बजा रहे थे। इसी दौरान उत्तम गुप्ता, सत्यम गुप्ता और राज गुप्ता बच्चा पुत्र नरेंद्र गुप्ता मौके पर पहुंचे।

### 64ली अवैध कच्ची शराब बरामद

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में मंगलवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम-हतवा, ब्रम्हनी तथा बाबूगंज, अमेठी, हारिमऊ में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र-तिलोई में थानाजायस, फुरसतगंज के अंतर्गत ग्राम-ब्रम्हनी, हतवा से कुल 64 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 350कि.ग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई एवं आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया।उक्त कार्यवाही में रानी सागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तिलोई मय स्टॉफ मनोज कुमार आदि दबिश में सम्मलित रहे।

### क्षेत्राधिकारी ने किया चार दिवसीय मेले का शुभारंभ

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड फुरसतगंज के फुरसतगंज बाजार में लगने वाले ऐतिहासिक मेले का आगाज क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा ने उपजिलाधिकारी अमित कुमार सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख पप्पू सिंह तथा मौजूद विशाल जनसमूह के साथ फीता काट कर किया गया।



कई दशकों से फुरसतगंज का ऐतिहासिक मेला शरदपूर्णिमा से प्रारंभ होकर चार दिन चलता है। मेला आयोजक पंकज सिंह द्वारा पूर्ण व्यवस्था कर दी गई है जिसमें बाहर से आने वाले व्यापारी बिसातखाना, झूले, सर्कस, आदि के लिए समुचित व्यवस्था, के साथ ही उनकी सुरक्षा व्यवस्था के साथ मेला मैदान में अलग अलग लाइनों में दुकानों की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के साथ ही मेला कमेटी द्वारा नियुक्त बैलेंटियर रहेंगी जिसमें पुरुषों के साथ महिला पुलिस भी वर्दी ,व सादी वर्दी में रहेंगी। मेला मैदान में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना है फिर भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अभिषेक शुक्ला को अलग से व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी श्रीराम पांडे को सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद तथा चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए रखने को कहा है पुलिस के साथ ही पीएसी बल भी मौजूद रहेगा। मेला आयोजक पंकज सिंह ने आए हुए सभी अधिकारियों को पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस विशेष मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित कुमार सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रमेश सिंह तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विस सम्मेलन की बैठक संपन्न

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में घटी जीएसटी, मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार के तहत आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा सम्मेलन की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने पहुंचे मिश्रिख लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद अशोक कुमार रावत का भाजपा जिला अध्यक्ष रायबरेली बुद्धिलाल पासी ने पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री रावत ने कहा कि जीएसटी के नए रिफंड पर इस प्रांगण में बछरावां विधानसभा की यह बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में हमारी पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं




व्यापारी बंधु उपस्थित हैं। हमारी सरकार का प्रमुख उद्देश्य जन सामान्य को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, व्यापार को सरल बनाना और राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। इसी क्रम में वस्तु एवं सेवा कर की दरों में समय-समय पर की जा रही कटौतियां आम जनता के लिए राहत का संदेश लेकर आई है। जीएसटी की दरों में कमी का प्रत्यक्ष लाभ आम उपभोक्ता को मिलता है। इससे जीवन यापन की लागत कम होती है। आर्थिक बोझ में कमी आती है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि घटी जीएसटी, मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार ने जो आने वाला समय है, अगर कहें कि हिंदू संस्कृति में आने वाला जो त्यौहार है दीपावली का, उसका सभी लोगों को इंतजार रहता है। प्रधानमंत्री जी ने घटी जीएसटी का यह उपहार देकर सभी वर्ग के व्यापारियों एवं आम जनता को बड़ी राहत दी है। इसी कड़ी में उन्होंने यह भी बताया कि जीएसटी की दरों में कटौतियां केवल कर सुधार ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूती देने वाला कम है। छोटे एवं मध्यम व्यवसायायों को कर में राहत मिलने से उनका संचालन आसन होता है। जिससे स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता है। रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के तहत आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना मजबूत होती है। भारत के आर्थिक विकास में अब केवल सरकार ही नहीं, जनता की सक्रिय भागीदारी भी एक महत्वपूर्ण कारक बन चुकी है। जीएसटी प्रणाली में पारदर्शिता, डिजीटल भुगतान को बढ़ावा, और स्वरोजगार की नई संभावनाओं ने एक सशक्त समावेशी और सहभागी अर्थव्यवस्था की नींव रखी है।

## दुकान में महिला ने की चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**बछरावां, रायबरेली।** एक महिला के द्वारा बेकरी की दुकान में शातिराना अंदाज में चोरी करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।मंगलवार सुबह 7:00 बजे के आसपास सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें शातिराना अंदाज से एक महिला नमकीन के पैकेट अपने झोले में रखती हुई देखी जा सकती है। थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत बेकरी की एक दुकान से एक शातिर महिला चोर का आतंक देखने को मिला। जिसका सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के विषय में जब पड़ताल की गई तो पता चला कि यह वायरल वीडियो कस्बा अंतर्गत दयानंद डिग्री कॉलेज की मार्केट में स्थित दिलीप कुमार की मदर डेयरी की दुकान का है। जिसमे एक महिला अलग अलग दिन उक्त दुकान पर सामान लेने के बहाने चोरी करती हुई दिखाई दे रही है। इस संबंध में अधिक



जानकारी देते हुए दुकान के मालिक दिलीप कुमार ने बताया कि मेरी दुकान पर यह शातिर महिला कई बार सामान लेने आई। मैं दुकान पर नहीं था, मेरे पारिवारिक जन दुकान पर मौजूद थे। उक्त महिला के द्वारा सामान लेने के दौरान दुकान से चोरी की गई। उक्त शातिर महिला अगर आपकी दुकान पर दिखाई दे तो इससे सावधान रहें और तत्काल पुलिस को सूचना दें। साथ ही साथ उन्होंने पुलिस से भी इस घटना की शिकायत की है। वही सीसीटीवी वीडियो के जरिए पुलिस महिला की जाँच पड़ताल मे जुट गई है। वीडियो देखकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि किस प्रकार महिला ने शातिराना अंदाज में बड़ी सफाई से चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

## वाल्मीकि जयंती पर राम जानकी मंदिर में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन

- चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने फूलमाला पहनाकर नगर के सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

**महराजगंज, रायबरेली।** वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर के सुप्रसिद्ध मंदिर राम जानकी में सुंदर पाठ का आयोजन किया गया उसके बाद सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता प्रभात साहू द्वारा राम जानकी मंदिर में सुंदरकांड



के पाठ का आयोजन करवाया गया तत्पश्चात हवन-पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। फिर नगर पंचायत में कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सफाई कर्मी फूलमती, तुषार, दिनेश, सभासद धर्मेंद्र वर्मा, विनीत वैश्य, कमलेश, कुशमेश, अमित त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शरद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

अश्विनी माह की शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर मन्नते मांगी। मंगलवार को शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों एवं गैर गैर जनपदों से आये श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर पहुंच कर आस्था की डुबकी लगाई इसके साथ ही स्नान घाटों के पास स्थित देवी मंदिरों एवं शिवालयों में पहुंचकर विधि विधान से पूजा-अर्चना की। मंगलवार को सुबह से ही स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सुबह 5 बजे से लेकर 10 बजे तक श्रद्धालुओं की भीड़ से घाट भर गए। जो दोपहर तक घाटों पर स्नान करने का सिलसिला चलता रहा। पूर्णिमा पर गंगा नदी में स्नान करने के पश्चात



अपने अपने तीर्थ पुरोहितों से श्रद्धालुओं ने भगवान श्री सत्यनारायण की कथा के साथ विधि विधान से हवन पूजन भी किया सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद गिरि ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात को अमृत वर्षा होती है इस दिन खीर बनाकर आकाश के नीचे रखने पर और अगले दिन खाने पर अनेक बीमारियां ठीक होती हैं ऐसा कहा गया कि द्वापर में श्रीकृष्ण ने आज के ही रात महारास रचाया था भगवान श्रीकृष्ण ने अनेक गोपियों के साथ एक रूप होते हुए भी अनेक रूपों में विभाजित हुए थे इस दिन गंगा स्नान करने से पाप एवं कष्ट दूर होते हैं।

### इन घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़

कस्बे के सड़क घाट, वीआईपी घाट, रानी जी का शिवाला घाट, दीनशाह गौरा घाट, गऊघाट, पक्का घाट संकट मोचन घाट, पथवारी घाट, महावीरन घाट, राजा नेवाज सिंह घाट , शुकुल घाट, बरुडडा घाट सहित छोटा और बड़ा मठ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही प्रशासन की तरफ श्रद्धालुओ को सुरक्षित स्नान कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ नाव नाविक गोदाखोर की व्यवस्था कराई गई थी।

## प्रेम और एकता का अद्भुत जोड़, जब पूरे गांव ने मिलकर गरीब बेटी का करवाया विवाह

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जातिवाद व लाशों पर राजनीति करने वाले नेता तब नजर नही आते जब गरीबों को सबसे ज्यादा जरूरत होती है। यही नेता धीरे-धीरे समाज से समरसता खत्म करते चले जा रहे हैं और खुद तो आगे बढ़ रहे हैं लेकिन उनकी जाति के लोग बहुत पीछे खड़े नजर आते हैं। उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में जाति राजनीति और लाशों पर राजनीति करना एक फैशन बन चुका है वही एक ऐसी खबर सूरज की रोशनी की तरह अपनी छटा बिखेर रही है कि एक गांव ने मिलकर गरीब कन्या के हाथ पीले करवाये या खबर उदाहरण के तौर पर देखी जा सकती है। क्योंकि आधुनिक समय मे बरगलाने वाले लोग तो बहुत मिलते हैं लेकिन किसी की समस्या का समाधान करने वाले बहुत कम ही कम लोग नजर आते हैं। चन्दापुर थाना क्षेत्र में पड़ने वाला गांव अशर्फाबाद के दिनेश पुत्र दिन्नू जो की



काफी गरीब है और झोपड़ी में रहता है खाने पीने के भी लाले हैं राशन के सहारे किसी तरह इस भूमिहीन व्यक्ति का परिवार चलता है। परिवार में कुल चार सदस्य हैं एक लड़की एक लड़का और इसकी पत्नी जो की मानसिक रूप से विक्षिप्त भी है। वही अशर्फाबाद में क्षत्रिय साहू कश्यप व पासवान समाज के लोग रहते हैं सभी बिरादरियों ने मिलकर शादी के सारे इंतजाम किए अमेठी जिले के सयमसी गांव से बारात आई बारातियों का भरपूर स्वागत किया गया खाना पीना नाश्ता सहित हर तरह का इंतजाम रहा तो वही दहेज में बेटी को गांव वाले ने हर वह सामान दिया जो बेटियों को मिलता है ।नाते रिश्तेदार सहित हजारों लोगों की भीड़ मौजूद रही और सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर रधना पुत्री दिनेश जिनकी शादी पंचम पुत्र सतगुरु के साथ हुई है लोगों ने खूब मदद की और आशीर्वाद दिया। वही इस विवाह का क्षेत्र भर में चर्चा है कि अगर गांव चाहे तो कुछ भी कर सकता है अशर्फाबाद गांव के बारे में मशहूर है कि यहां की समस्या यही पर खत्म कर दी जाती है। जब कभी किसी गरीब को या किसी मजबूर को कोई जरूरत पड़ती है तो गांव वाले पर चढ़कर उसकी मदद करते हैं और हर तरह से उसके साथ खड़े हुए नजर आते हैं।

सनातन और समरसता का अद्भुत जोड़ दिखा जब सभी बिरादरियों ने मिलकर एक गरीब कन्या के हाथ पीले करवा दिए दिए आज भी भारत के गांव में एकता प्रेम इसी तरह देखा जाता है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई वाल्मीकि जयंती

**महमूदाबाद, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

बाल्मीकि जयंती मंगलवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नई बाजार उत्तरी स्थित बाल्मीकि मन्दिर में विधायक आशा मौर्या द्वारा विधि-विधान से मंत्रोचारण के बीच पूजन-अर्चन किया। इसके बाद जिला पंचायत गेस्ट हाउस से फीता काटकर जुलूस का शुभारंभ विधायक आशा मौर्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई स्थानों पर रामायण पाठ का आयोजन के साथ समरसता भोज भी हुआ। बाल्मीकि जयंती के अवसर पर भगवान शिव-पार्वती, भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी, बाल्मीकि जी के साथ, श्रीराम दरबार, राधा-कृष्ण, भारत माता सहित करीब आधा दर्जन से अधिक देवी-देवताओं के स्वरूप ट्रैक्टर-ट्रालियों पर आकर्षक सजावट के साथ शोभायात्रा के दौरान विराजमान थे। जुलूस जिला पंचायत गेस्ट हाउस से शुरू होकर रामकुंड चौराहा पहुंचा। इसके बाद जूलूस कोतवाली मार्ग होकर रोडबेज बस स्टाप पहुंचा। जुलूस बजाजा चौराहा होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ भट्ठा वार्ड स्थित बाल्मीकि मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर कोतवाल अनिल सिंह, अतुल वर्मा, लल्लूराम, सुनील कुमार, राजेश कुमार, मुरादी, संजय, मैकू, पिंटू, आशाराम, आकाश कुमार, सागर, रामू, महेश, समीर, संगीता, पन्नो सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महादेवपुरम द्वारा शरद पूर्णिमा एवं महर्षि बाल्मीकि जयंती कार्यक्रम बन्नी वार्ड स्थित बाबा परमहंस मंदिर में



मनाया गया। इस अवसर पर आरएसएस के नगर प्रचारक चक्रपाणि जी का मार्गदर्शन स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि संघ के प्रत्येक उत्सव और कार्यक्रम का एक संदेश है। शरद पूर्णिमा कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ाने एवं समाज में व्याप्त ऊंच-नीच छुआ-छुत, भेदभाव को मिटाकर एक समरस समाज की स्थापना इसका मूल उद्देश्य है। आज ही के दिन महर्षि बाल्मीकि जी का जन्म हुआ था, जिन्होंने रामायण ग्रन्थ की रचना की तथा जिनके कारण आज मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जीवनगाथा को हम सभी जानते हैं। मान्यवर कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस भी है, आज के दिन चंद्रमा अपनी पूर्ण 16 कलाओं से युक्त होकर मध्यरात्रि के समय अमृत की वर्षा करता है। इसीलिए भारतीय समाज में शरद पूर्णिमा के दिन पात्र में खीर बनाकर खुले आकाश में रखी जाती है तथा मध्यरात्रि के बाद अथवा अगले दिन सभी उस अमृतमय खीर प्रसाद को ग्रहण करते हैं। भारत माता की प्रार्थना के पश्चात सभी स्वयंसेवक बंधुओं ने अमृतमय खीर प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रचारक देवेश मिश्र, आंजनेय आशीष, पुष्पेंद्र शुक्ल, धंनजय, मृत्युजंय, शुभम् सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



**बिसवां (सीतापुर)।** स्थानीय वाल्मीकि मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से संपन्न हुई। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण से एक भव्य शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों पर निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में वाल्मीकि समाज के श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शोभायात्रा में रामायण के पात्रों की आकर्षक झाँकियाँ सजाई गईं। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में श्रद्धालु नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिससे पूरे नगर में धार्मिक माहौल व्याप्त हो गया।

## बच्चे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सेफ्टी टैंक से बरामद

**लहरपुर, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र ग्राम लालपुर बाजार से राजस्थान मजदूरी करने गए एक परिवार के 8 वर्षीय बच्चे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सेफ्टी टैंक से बरामद। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर बाजार निवासी गोपी चंद्र पुत्र दीन दयाल के 8 वर्षीय पुत्र अनुभव का शव गांव पहुँचने पर हड़कंप मच गया और भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए, इसी बीच दुर्घटना की सूचना पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह व पुलिस बल ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली। गोपी चंद्र ने पुलिस को बताया कि, वह नानकपुरा भीलवाड़ा राजस्थान में मजदूरी करता था विगत रविवार को मजदूरी के पैसों को लेकर ठेकेदार नरेंद्र से विवाद हो गया था जिस पर सोमवार को फैक्ट्री वालों ने नरेंद्र की गलती मानकर समझाया था, इसी बीच उसका लड़का अनुभव कालोनी में खेल रहा था, वह लापता हो गया और तलाश करने पर कालोनी के पीछे टैंक के पास अनुभव



की चप्पल पड़ी देख कर जब टैंक का ढक्कन उठाया गया तब उसमें अनुभव का शव पड़ा हुआ मिला, मौके पर पहुंची राजस्थान पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के हवाले कर दिया, जिसके बाद परिजन शव लेकर गांव लालपुर बाजार चले आए। आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुँचे कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने स्थित को संभालकर घटना के संबंध में भीलवाड़ा पुलिस से संपर्क किया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि, घटनास्थल राजस्थान है भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना की जांच कर कार्यवाही की जा रही है, शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## घटी जीएसटी पर पूर्व विधायक ने व्यापारियों संग की गोष्ठी

- घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार



**अमेठी।** जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित मटियारी भवन पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला राजाबाबू ने जनपद के कपड़ा, चिकन, फार्मा, जनरल मर्चेंट के व्यापारी बंधुओं के साथ संवाद कर व्यापारी बंधुओं से घटे हुए जीएसटी दरों की जानकारी साझा की। सभा में उपस्थित व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद दिया। सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले से व्यापारी और उपभोक्ता दोनों ही अत्यंत उत्साहित हैं। यह ऐतिहासिक सुधार न केवल व्यापार जगत को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है, बल्कि आम जनता को भी इसका सीधा लाभ मिल रहा है। उक्त अवसर पर कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, व वरिष्ठ नेताओं के साथ व्यवसायी गण उपस्थित रहे।

## डीएम संजय चौहान के नाम से किसी ने बनाई फेक फेसबुक आईडी

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की व्यक्तिगत फेसबुक आईडी Sanjay Chauhan Ias के नाम से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों के पास फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा जा रहा है। इसकी जानकारी होने पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने तत्काल इस मामले का खंडन जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके नाम से भेजी जा रही फ्रेंड रिक्वेस्ट फर्जी है और इस पर किसी को भी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा किसी को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट नहीं भेजी जा रही है। मेरी फेसबुक आईडी के नाम से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति के नाम से पैसे या किसी प्रकार की वित्तीय सहायता की मांग की जाती है, तो बिना सत्यापन के किसी प्रकार का लेन-देन न करें।

## संघ के शताब्दी वर्ष पर आरएसएस ने किया शस्त्र पूजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

विजयादशमी पर्व के दिन वर्ष 1925 में स्थापित देश के सबसे बड़े संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय गौरीगंज के केशव बस्ती में संघ शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव में बौद्धिक एवं पथ संचलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता युद्धवीर ने बताया कि शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पंच परिवर्तन का निश्चय हुआ है, उसके लिए सबसे पहले समाज में सामाजिक समरसता रहे सारा समाज एक है हम सब भाई-भाई हैं ऐसा भाव सभी के अंदर आए। दूसरा पर्यावरण में सभी को जन्मदिन पर एक पौधा लगाकर उसकी परवरिश करना तथा प्लास्टिक का उपयोग नहीं




करना। तीसरा विषय है आज हमारे परिवार एकाकी होते जा रहे हैं तो परिवारों में सामूहिक भोजन सामूहिक भजन सामूहिक बैठने की परंपरा का निर्वहन हो जिससे सब परिवार आपस में मिलकर रहें। चौथा स्व यानी स्वदेशी जागरण का भाव अपने देश के प्रति अपनी ही बनाई हुई वस्तुओं का उपयोग करना स्व भाषा स्व वेश स्व भजन स्व भ्रमण ऐसे सभी विषय पर ध्यान देना तथा पांचवा विषय अपने देश में रहते हुए अपने कर्तव्य का पालन करना, देश के हित में हम क्या कर सकते हैं ऐसा सभी को विचार करना ऐसा अपना शताब्दी वर्ष में सभी वर्ग को, समाज को साथ लेकर काम करना है। मुख्य रूप से सह जिला संचालक डॉ गुरुदीन, जिला प्रचारक पवन, जिला प्रचार प्रमुख दिव्यांश मिश्रा, नगर प्रचारक मनोज धार, नगर कार्यवाह सूर्य प्रकाश, करूणेश, सत्येंद्र, गोविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जहरीली दवा बनी अभिशाप

मध्यप्रदेश और राजस्थान में सर्दी–खांसी की दवा के सेवन से 16 बच्चों की मौत हो गई। इन बच्चों को कोल्ड्रिफ कफ सीरप स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया था, किंतु वह मौत का कारण बन गया। इसकी गुणवत्ता संदेह के दायरे में है। मध्य प्रदेश के खाद्य एवं दवा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा है कि संदिग्ध सिरप को परीक्षण के लिए 1 अक्टूबर को तमिलनाडु भेजा था। इसकी रिपोर्ट तीसरे दिन मिल गई थी। किंतु मप्र में 29 सितंबर से जांच जारी है, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। जबकि इसी बीच स्वास्थ्य विभाग का कार्य देख रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सार्वजनिक बयान दे दिया कि सीरप के नौ नमूनों में हानिकारक तत्व नहीं मिले हैं। यह सीरप श्रीसन कंपनी बनाती है, जिसकी उत्पादन इकाई तमिलनाडु के कांचीपुरम में है। मप्र सरकार के कहने पर तमिलनाडु सरकार के औषधि प्रशासन विभाग ने कंपनी की उत्पादन इकाई से नमूने लेकर जांच की तो एसआर–13 बैच में हानिकारक रसायन डायथिलीन ग्लायकल (डीईजी) पाया गया। दवा में इसकी निर्धारित मात्रा 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि इसका प्रतिशत जांच में 48 प्रतिशत से अधिक पाया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार सक्रिय हुई और इसके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगा दी। मृतक बाल–गोपालों का इलाज करने वाले छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ प्रवीण सोनी के खिलाफ मामला दर्ज करके, फिलहाल जमानत पर रिहा कर दिया है। इन मौतों और इस रिपोर्ट के बाद सतर्कता बरतते हुए कई राज्य सरकारों ने इस दवा को प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र सरकार ने भी सलाह दी है कि दो वर्ष से छोटे बच्चों को कफ सीरप नहीं पिलाया जाए। इस पूरी प्रक्रिया से लगता है कि प्रदेश में ही नहीं देश में निगरानी तंत्र कमजोर है। यूपीए सरकार ने जब नकली दवाओं से छुटकारे के नजरिए से औषधीय एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम बनाया था तब यह मान लिया गया था कि अब नकली दवाओं पर कमोबेश प्रतिबंध लग जाएगा। क्योंकि इस कानून के तहत न केवल इस धंधे को गैर जमानती बना दिया गया था, बल्कि दवा बनाने वालों से लेकर बेचने वालों तक को दस साल से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान रखा गया था। लेकिन देखने में आया है कि दवा दुकानों पर लगातार नकली दवाओं के भण्डार बरामद हो रहे हैं और लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। साफ है, नकली दवा कारोबार न केवल बेखौफ जारी है बल्कि इसमें बेइंतहा इजाफा भी हो रहा है। यही नहीं ये दवाएं सरकारी अस्पतालों के माध्यम से भी धड़ल्ले से उपयोग में लाई जा रही हैं। इससे जाहिर होता है कि सरकारी चिकित्सा–तंत्र का एक बड़ा हिस्सा इस कारोबार को ताकत दे रहा है। इसके पहले 2019–20 में जम्मू के रामनगर में भी एक फार्मा कंपनी के बनाए सीरप से 12 बच्चों ने दम तोड़ दिया था। कंपनी पर एफआईआर हुई, लेकिन मामला अभी भी लंबित है। वर्ष 2022 में हरियाणा की दवा कंपनी के सीरप से गांबिया में 70 और उज्बेकिस्तान में 65 बच्चों की मौतें हो गई थीं। सितंबर 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी रैनबेक्सी की तीस जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था। रैनबैक्सी की देवास (मध्य प्रदेश) और पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगाई थी। अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि रैनबैक्सी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है।

# भारतीय वायुसेना : साहस, समर्पण और शक्ति का संगम

**योगेश कुमार गोयल**



**भारतीय वायुसेना दिवस (8 अक्तूबर) पर विशेष**

**वायुसेना के बेड़े में शामिल राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स भारतीय आकाश को सुरक्षित रखने की अभेद्य शक्ति प्रदान करते हैं। वहीं, सारंग जैसे हेलीकॉप्टरों के शो स्टंट्स, प्रचंड और ध्रुव जैसे लाइट और एडवांस्ड हेलीकॉप्टर्स, सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक और जगुआर जैसी भारी मशीनें वायुसेना की बहुपक्षीय क्षमताओं का प्रदर्शन करती हैं। इन एयरक्राफ्ट की उच्च तकनीकी क्षमताएं न केवल देश की सुरक्षा की गारंटी हैं बल्कि इसे वैश्विक मंच पर सम्मान और प्रतिष्ठा भी दिलाती हैं। भारतीय वायुसेना दिवस का मुख्य उद्देश्य केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं है बल्कि युवाओं को इस गौरवशाली सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना भी है।**

भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 93वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर वायुसेना अपनी शक्ति, शौर्य और तकनीकी उत्कृष्टता का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस मौके पर आयोजित भव्य एयर शो भारतीय वायुसेना की क्षमताओं और सामर्थ्य का प्रतीक बन जाता है। आसमान में वायुवीरों के करतब, फाइटर जेट्स और हेलीकॉप्टर्स के समकालिक युद्धाभ्यास को देखकर हर दर्शक रोमांच और गर्व से भर उठता है। वायुसेना के बेड़े में शामिल राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स भारतीय आकाश को सुरक्षित रखने की अभेद्य शक्ति प्रदान करते हैं। वहीं, सारंग जैसे हेलीकॉप्टरों के शो स्टंट्स, प्रचंड और ध्रुव जैसे लाइट और एडवांस्ड हेलीकॉप्टर्स, सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक और जगुआर जैसी भारी मशीनें वायुसेना की बहुपक्षीय क्षमताओं का प्रदर्शन करती हैं। इन एयरक्राफ्ट की उच्च तकनीकी क्षमताएं न केवल देश की सुरक्षा की गारंटी हैं बल्कि इसे वैश्विक मंच पर सम्मान और प्रतिष्ठा भी दिलाती हैं।

भारतीय वायुसेना दिवस का मुख्य उद्देश्य केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं है बल्कि युवाओं को इस गौरवशाली सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना भी है। एयर शो के माध्यम से युवा पीढ़ी वायुसेना की चुनौतीपूर्ण, साहसिक और सम्मानजनक भूमिका के बारे में जानती है और उनके मन में देश सेवा के प्रति उत्साह जागृत होता है। आज भारतीय वायुसेना न केवल सीमा रक्षा में सक्षम है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता देने में भी अग्रणी भूमिका निभाती है। यह स्थापना दिवस भारतीय वायुसेना की समर्पित सेवा, साहस और तकनीकी दक्षता का उत्सव है, जो हमें यह याद दिलाता है कि भारत के आकाश में स्वतंत्रता, सुरक्षा और गौरव का सूर्य सदैव चमकता रहेगा।

भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं। भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं।

भारत के मुकाबले चीन के पास भले दोगुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थर्राते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं। इनके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सेकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई अन्य घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थर्राते हैं।

भारतीय वायुसेना की जाबांजी के अनेक किस्से दुनियाभर में विख्यात हैं। हमारी वायुसेना चीन के साथ एक तथा पाकिस्तान के साथ चार युद्धों में अपना पराक्रम दिखा चुकी है। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था- 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स।' 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे। 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' की स्थापना के समय इसमें केवल चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् वायुसेना को अलग पहचान मिली और साल 1950 में 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' का नाम बदलकर 'इंडियन एयरफोर्स' कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी 'वेस्टलैंड' द्वारा निर्मित 'वापिती-2ए' था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

## विचार

# मुख्य न्यायाधीश पर हमला, संयोग या प्रयोग



**मगर अब मोदी सरकार में पूरा माहौल बदल चुका है। राहुल गांधी ने नफ़रत का कैरोसिन पूरे देश में छिड़के जाने का जो दावा किया था, वह सही दिखाई दे रहा है। देश में जातिवादी और धार्मिक आधार पर हिंसा अब भयावह रूप में सामने आ रही है। जस्टिस गवई पर हमला केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, न ही यह क्षणिक भावावेश में की गई हरकत है। बल्कि यह कई बरसों से समाज में भरी जा रही नफरत का निचोड़ है। याद रहे कि जस्टिस गवई दलित समुदाय से आने वाले दूसरे मुख्य न्यायाधीश बने हैं, लेकिन बौद्ध धर्म को मानने वाले वे पहले मुख्य न्यायाधीश हैं।**

सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के भीतर एक ऐसी घटना हुई, जिसकी कल्पना भी कभी नहीं की गई होगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर एक वकील ने जूता उछालने की कोशिश की। यह घटना उस वक्त हुई जब जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली बेंच वकीलों के मामलों की सुनवाई के लिए मेंशन सुन रही थी। बताया जा रहा है कि आरोपी वकील राकेश किशोर जज के डाइस के करीब पहुंचा और जूता उतारकर फेंकने की कोशिश की, हालांकि सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते उसे रोक लिया। सुरक्षाकर्मी जब आरोपी वकील को पकड़कर बाहर ले जा रहे थे, तब वह सनातन का अपमान नहीं सहेंगे का नारा लगा रहा था।

उसके नारे से सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि वह कट्टर दक्षिणपंथी मानसिकता का है, जिसके लिए संविधान मायने नहीं रखता, बल्कि धर्मांधता को वह तरजीह देता है। अब इस मामले की पूरी जांच होगी, तब पता चलेगा कि मुख्य न्यायाधीश गवई पर जूता उछालने का दुस्साहस आखिर उसने क्यों किया। हो सकता है 16 सितंबर को खजुराहो मामले में दिए फैसले से आरोपी नाराज हो, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति को दोबारा स्थापित करने की याचिका को खारिज कर दिया था। तब भी कुछ वकीलों ने इस फैसले पर नाराजगी जताई थी या फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में जस्टिस गवई की मां ने जाने से इंकार कर दिया, इस बात से आरोपी नाराज हो।

कारण जो भी यह घटना आजाद भारत के इतिहास में एक बड़ा कलंक बन गई है और इसका जिम्मेदार सीधे-सीधे नरेन्द्र मोदी की सरकार को कहा जा सकता है। भाजपा पहले भी केंद्र की सत्ता में रही है, और हिंदुत्व के नाम पर नफ़रत फैलाने का काम उसने पहले भी किया है। बाबरी मस्जिद को तोड़ना, गुजरात दंगे इसके उदाहरण हैं। लेकिन समाज में नफ़रत के इजहार को लेकर एक झिझक और संकोच था। सहिष्णुता का एक महीन सा आवरण समाज पर डला हुआ था, जो अब पूरी तरह तार-तार हो चुका है। नफरत करना और उतनी ही बेशर्मी से उसका इजहार करना अब गर्व की बात हो चुकी है। संघ से प्रेरित लोग काफी अरसे से नारा देते आए हैं कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। पहले इस नारे को लगाने में लोग हिचकते थे। मगर अब मोदी सरकार में पूरा माहौल बदल चुका है। राहुल गांधी ने नफ़रत का कैरोसिन पूरे देश में छिड़के जाने का जो दावा किया था, वह सही दिखाई दे रहा है। देश में जातिवादी और धार्मिक आधार पर हिंसा अब भयावह रूप में सामने आ रही है। जस्टिस गवई पर हमला केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, न ही यह क्षणिक भावावेश में की गई हरकत है। बल्कि यह कई बरसों से समाज में भरी जा रही नफ़रत का निचोड़ है। याद रहे कि जस्टिस गवई दलित समुदाय से आने वाले दूसरे मुख्य न्यायाधीश बने हैं, लेकिन बौद्ध धर्म को मानने वाले वे पहले मुख्य न्यायाधीश हैं। हालांकि संविधान के हिसाब से न्याय की आसंदी पर बैठे व्यक्ति की धार्मिक आस्था मायने नहीं रखती है। लेकिन जब पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ राम मंदिर के लिए दिए फैसले से पहले देवी के सामने बैठने की बात कहते हैं, अपने घर में गणपति पूजा के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बुलाकर उसका सार्वजनिक इजहार करते हैं, तब समाज भी इस तथ्य को मानने लगता है कि न्यायपालिका में धार्मिक आस्था के लिए जगह बन चुकी है। अगर जस्टिस गवई की जगह कोई सवर्ण हिंदू इस समय मुख्य न्यायाधीश के पद पर होता, तब शायद इस तरह जूता उछालने का दुस्साहस नहीं किया जाता। लेकिन वे दलित हैं, क्या इसलिए उन पर हमले की कोशिश की गई, यह सवाल गंभीरता से विचार की मांग करता है। इस घटना पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा है कि दलित और अल्पसंख्यक होना इस देश में गुनाह बना दिया गया है, उनकी इस टिप्पणी को खारिज नहीं किया जा सकता। क्योंकि दलितों और अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ ही रहे हैं। अभी एनसीआरबी के ताजा आंकड़े भी यही बता रहे हैं कि इन आंकड़ों में कोई कमी नहीं आई है। अभी उत्तरप्रदेश में ही मानसिक तौर पर विक्षिप्त एक दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। बरेली में आई लव मुहम्मद कहने पर ऐसा बवाल चल रहा है कि जुमे की नमाज के बाद लोगों से सीधे घर जाने की अपील की गई।

## एक्सपायरी डेट का पानी बेचना जीवन से खिलवाड़

बिना किसी ट्रेडमार्क, मैन्युफैक्चरिंग डिटेल्स और एक्सपायरी डेट का पानी बेचना लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ है। यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उपभोक्ताओं के प्रति घोर लापरवाही व सेवाओं में कमी है। इसके लिए विक्रेता जवाबदेह है। उपभोक्ता आयोग में शिकायत करने पर पीड़ित को राहत मिल सकती है। एक दुकानदार एक्सपायरी डेट की पानी की बोतल बेच रहा था।

स्थानीय लोगों की शिकायत पर खाद सुरक्षा अधिकारी ने छापेमारी की,तो उसकी दुकान में 766 बोतलें एक्सपायर डेट की पाई गई। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने उनमें से 16 बोतलें तो जांच के लिए सील कर दी जबकि 750 पानी की बोतलें मौके पर ही नष्ट करवा दी, ताकि भविष्य में उनका कोई उपयोग न कर सके। यह घटना जिला श्रावस्ती के हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र की है। एक उपभोक्ता ने जब दुकान से पानी की बोतल को खरीदा तो उसने देखा कि पानी की पैकिंग के समय जो एक्सपायरी डेट अंकित है वह बीत चुकी है। इस पर उसने इसकी सूचना एसडीएम को दी। एसडीएम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए खाद सुरक्षा अधिकारी को मामले में कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। जिसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पुलिस टीम के साथ संबंधित दुकान में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उक्त एक्सपायरी डेट की पानी की बोतलें पकड़ी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी का कहना है कि एक्सपायरी डेट के पानी के नमूने की रिपोर्ट आने के बाद दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इसी प्रकार ग्वालियर में बिना किसी ट्रेडमार्क, मैन्युफैक्चरिंग डिटेल्स और एक्सपायरी डेट का पानी बाजार में बेचकर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट ने की है। उन्होंने तहसील दिवस पर जनसुनवाई के दौरान एक्सपायरी डेट का बोतल बंद पानी बेचने वालों के खिलाफ एडीएम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने क्षेत्र की दुकानों पर बिना मैन्युफैक्चरिंग डिटेल्स व बिना एक्सपायरी डेट अंकित किए पानी के पाउच बिकने की शिकायत की थी। उपभोक्ता अपने साथ खाली पाउच लेकर आए थे। इन पाउच में ट्रेडमार्क, मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपायरी डेट छपी हुई नहीं थी। जिसे जिला मजिस्ट्रेट ने गम्भीरता से लिया और दोषी दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। दरअसल पानी जिसे जल ही जीवन कहा गया है,हमारे स्वास्थ्य में एक अहम योगदान करता है। तभी तो चिकित्सक भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह देते हैं। पानी का सेवन न सिर्फ हमारे शरीर को अंदर से हाइड्रेट रखता है बल्कि इसका असर हमारी त्वचा और सम्पूर्ण स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। वहीं शरीर में पानी की कमी होने पर डिहाइड्रेशन से लेकर थकान, सिरदर्द, चक्कर आना और कब्ज जैसी समस्या हो सकती है। लेकिन शायद ही हम कभी यह सोचते हो कि बोतल बंद पानी की भी एक्सपायरी डेट होती है। वास्तव में हम कितने दिनों तक का रखा हुआ या फिर बोतल बंद पानी पी सकते हैं? कानून की दृष्टि से भी एक्सपायरी डेट का पानी बेचना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत उपभोक्ताओं के प्रति घोर लापरवाही व सेवाओं में कमी की परिधि में आता है। जिसके लिए विक्रेता को जवाबदेह ठहराया जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित उपभोक्ता को मुआवजा या अन्य राहत उपभोक्ता आयोग में शिकायत करने पर मिल सकती है। राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की के वरिष्ठ वैज्ञानिक रहे संजय जैन का कहना है कि अगर पानी पूरी तरह से शुद्ध है तो वह खराब नहीं होता है। क्योंकि शुद्ध पानी में किसी भी तरह के बैक्टीरिया, मिनरल्स और अशुद्धियां नहीं पाई जाती हैं। जब तक पानी में किसी तरह की अशुद्धि नहीं होती है तब तक वह खराब भी नहीं होता है। यदि पानी किसी गंदे कंटेनर या किसी खराब चीज के संपर्क में नहीं आता है वह तब तक खराब नहीं होता।



## राशिफल

**मेष:–** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**बृषभ :–** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुन:–** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है।

**कर्क:–** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंह:–** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या:–** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने।

**तुला:–** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:–** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनु:–** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे।

**मकर:–** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभ:–** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीन:–** किसी अचल सम्पति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# शिक्षा जगत में जाति, भारत से विदेश तक योग्यतावाद

**अमृता दासगुप्ता**

**भारतीय शिक्षा प्रणाली में कई पदानुक्रम मौजूद हैं। उनमें से एक है अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा तक पहुँच, जो अक्सर केवल विशेषाधिकार प्राप्त जातियों और वर्गों के लिए ही उपलब्ध होती है। जिन सार्वजनिक शिक्षण संस्थानों में शिक्षा का माध्यम क्षेत्रीय भाषा होती है, वे आमतौर पर हाशिए पर पड़ी जातियों के लिए होते हैं। संक्षेप में, जाति-आधारित हाशिए पर पड़े छात्र हमेशा अंग्रेजी में पारंगत नहीं होते। वे क्षेत्रीय भाषाओं या बोलियों में संवाद करते हैं। सवर्ण या उच्च जातियां भारत और विदेशों में शैक्षणिक परिदृश्य पर प्रमुखता से राज करती हैं।**

प्रोफेसर मरूना मुर्मू (जादवपुर विश्वविद्यालय, इतिहास विभाग की प्रोफेसर) का जातिवादी अपमान जारी है। हाल ही में, उनसे अदालत में यह साबित करने के लिए कहा गया है कि उन्होंने कितनी पढ़ाई की है कि वे खुद को प्रोफेसर कहती हैं। पीछे मुड़कर देखें तो, यह उनके लिए पाँच साल लंबी लड़ाई रही है। इसकी शुरुआत कोविड-19 आपातकाल के दौरान परीक्षा आयोजित करने के मुद्दे पर उनकी टिप्पणी से हुई थी - एक ऐसा विषय जिस पर पूरे देश में व्यापक रूप से बहस हुई थी। प्रोफेसर मुर्मू ने सरकार के इस फैसले से छात्रों की जान जोखिम में पड़ने पर अपनी पीड़ा व्यक्त की थी।

इसके जवाब में, पश्चिम बंगाल के बेथ्यून कॉलेज की एक छात्रा, पारोमिता घोष ने प्रोफेसर मुर्मू की आदिवासी जातीय पहचान पर हमला करते हुए कहा था कि अयोग्य और अक्षम लोग आरक्षण प्रणाली का लाभ उठाते हैं जबकि योग्य लोग पिछड़ जाते हैं। प्रोफेसर मुर्मू ने छात्र के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 154 और अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई। मामला अभी भी लंबित है, जिससे प्रोफेसर मुर्मू को रोजमर्रा की जिंदगी में अकथनीय परीक्षणों से गुजरना पड़ रहा है। सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए संघर्ष करते हुए उनका भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है।

इस मामले के संबंध में, बंगाल के जातिविहीन राज्य होने के निराधार विचारों के बारे में पहले ही बहुत कुछ कहा जा चुका है। अब बस यह मूल्यांकन करना बाकी है कि वर्तमान समय में दुनिया भर में जाति और योग्यता के संबंधों को कैसे जीवित रखा जाता है, जो अंबेडकर के इस कथन को सत्य साबित करता हैरू ष्यदि हिंदू दुनिया के अन्य देशों में पलायन करते हैं, तो जाति एक वैश्विक समस्या बन जाएगी।ष्ब्पप, निस्संदेह, यह भारत से शुरू होकर दुनिया भर में अपनी जड़ें फैलाएगा। वैश्विक शिक्षा जगत में जातिगत भेदभाव को पोषित करने वाले तीन बुनियादी घटक हैंरू अंग्रेजी भाषा, विदेशी संदर्भ के कारण, और विदेशों में कक्षाओं में जाति और प्रवासी समुदायों का परस्पर संबंध।

भारतीय शिक्षा प्रणाली में कई पदानुक्रम मौजूद हैं। उनमें से एक है अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा तक पहुँच, जो अक्सर केवल विशेषाधिकार प्राप्त जातियों और वर्गों के लिए ही उपलब्ध होती है। जिन सार्वजनिक शिक्षण संस्थानों में शिक्षा का माध्यम क्षेत्रीय भाषा होती है, वे आमतौर पर हाशिए पर पड़ी जातियों के लिए होते हैं। संक्षेप में, जाति-आधारित हाशिए पर पड़े छात्र हमेशा अंग्रेजी में पारंगत नहीं होते। वे क्षेत्रीय भाषाओं या बोलियों में संवाद करते हैं। सवर्ण या उच्च जातियाँ भारत और विदेशों में शैक्षणिक परिदृश्य पर प्रमुखता से राज करती हैं। जातिवाद को स्पष्ट रूप से नकारने के बावजूद, भारत में कई प्रोफेसर अंग्रेजी माध्यम की पृष्ठभूमि वाले छात्रों को प्राथमिकता देते हैं और अगर छात्र क्षेत्रीय भाषाओं में कक्षाएं लेना पसंद करते हैं तो वे असहज महसूस करते हैं।

इस प्रकार, अंग्रेजी में प्रवाह भारतीय शिक्षा प्रणाली में वर्ग और जाति के आधार पर भेदभाव का प्राथमिक चरण बन जाता है। किसी छात्र की जिज्ञासा या विचारों की आलोचनात्मकता के बजाय अंग्रेजी में उसकी दक्षता को महत्व देना जातिवाद और वर्ग विशेषाधिकार का एक और संकेत है। स्थानीय शिक्षा पृष्ठभूमि वाले छात्र को मार्गदर्शन देने के लिए अतिरिक्त श्रम की आवश्यकता होती है। अतिरिक्त काम से बचने के लिए, सवर्ण मार्गदर्शक जाति-आधारित हाशिए पर पड़े छात्रों को विदेशी विश्वविद्यालयों में आवेदन करने से हतोत्साहित करते हैं। मूलतः, यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे भाषा की समस्याएँ आवश्यक आलोचनात्मक कुशाग्रता के बावजूद उनके शैक्षणिक भाग्य का निर्धारण करने में एक महत्वपूर्ण कारक बन जाती हैं। परिणामस्वरूप, भारत में, अंग्रेजी-भाषी, जाति-विशेषाधिकार प्राप्त छात्र ही विदेशों में पूर्ण छात्रवृत्ति के साथ प्रवेश पाने में मुख्य रूप से सफल होते हैं। ये वे छात्र हैं जिनके लिए प्रोफेसर आसानी से सिफारिशें लिखते हैं, उन्हें अपने सहकर्मियों और विदेशी नेटवर्क से जोड़ते हैं। इससे आपूर्ति का एक अंतहीन चक्र बनता है जो सवर्ण विद्वानों के वैश्विक नेटवर्क को बनाए रखता है। इस प्रकार, जाति-हाशिए पर पड़े विद्वानों को जानबूझकर इस क्षेत्र से बाहर धकेला जाता हैकृमानो, यह कोई ऐसी चीज हो जिसके वे योग्य ही न हों, और यह एक ऐसी दुनिया हो जो उनके लिए अप्राप्य हो। इस संदर्भ में, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के सुमित समोस ने भी कुछ इसी तरह के विचार व्यक्त किए। कक्षा में प्रवेश करते ही मुझे एहसास हुआ कि मैं वहाँ के अधिकांश भारतीयों और पाकिस्तानियों से अलग हूँ। एक बार जब आप बोलना शुरू करते हैं, तो लोग समझ जाते हैं कि आप किस जाति से हैं, क्योंकि मैं हाशिए के समुदायों के प्रतीकों, आंदोलनों और राजनीतिक नेताओं के बारे में बात करता था। यह एक बहुत ही अस्पष्ट क्षेत्र है क्योंकि अगर वे आपके साथ नहीं रहना चाहते, तो वे बस यह कह सकते हैं कि यह व्यक्तिगत मतभेद हैं, यह जाति का मामला नहीं है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### बीती रात तेज हवाओं संग हुई वर्षा से धान की फसल जमींदोज



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश से किसानों को करारा झटका लगा है। पकने की कगार में पहुंच चुकी धान की फसल तेज हवाओं से खेतों में धराशायी हो गई है। इससे फसल सड़ने की संभावना बलवटी हो गई है क्योंकि धान के खेतों में पानी भरा हुआ है। बीतीरात मौसम ने अचानक पलटी मारी और रात करीब 11:00 बजे तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। 30 से 40 किलोमीटर रफ्तार से चली हवाओं ने पकने के कगार पर पहुंच चुकी धान की फसल को खेतों में जमींदोज कर दिया है। तेज हवाओं के कारण धान किसानों को विदोखर पुरई, पलरा, विदोगर मेंदनी, चंद्रपुरवा बुजुर्ग, बिरखेरा, पारा रैपुरा, पंधरी, भौनिया, टेढ़ा, पचखुरा बुजुर्ग, सुरौली, पत्योरा, देवगांव, गहतौली, जलाला, भमौरा आदि में करारा झटका लगा है। सैकड़ो बीघे का धान तेज हवाओं के कारण खेतों में जमींदोज हो गया है। खेतों में पानी भरा होने से इसके सड़ने की संभावना बन जाने से किसान चिंतित हो चुका है। सुबह किसानो ने जब प्रकृति के इस कहर को देखा तो माथा पीट लिया

### पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में जमीन विवाद में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।जनपद कानपुर नगर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के ककरईया गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र सीताराम यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि कुरारा थाना क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में वर्ष 2016 में 6 बीघा कृषि भूमि विष्णु यादव पुत्र अयोध्या यादव से खरीदी थी। इसका कानूनी बंटवारा हदबंदी दायर की थी।इसका निर्णय वर्ष 2025 में आ गया था मंगलवार को सुबह नौ बजे अपने खेत में मेडबंदी करा रहा था।तभी गांव निवासी बाबू यादव पुत्र पेरवा,झल्लू यादव, मुकेश यादव, तथा कल्लू यादव पुत्र झल्लू वहां पर आए तथा गाली गलौज कर जान से मारने के लिए दौड़े। तथा गाली गलौज कर जान से मारनेकी धमकी दी। तथा मेडबंदी के कार्य पर दबंगई दिखा कर रोक लगा दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### पुलिस ने शांति भंग में तीन को भेजा जेल

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पुलिस ने अलग-अलग स्थान से तीन लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किया है। इनमें एक युवक महिला के साथ गाली गलौज करने वाला भी शामिल है।थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि प्रेम वर्मा, शिवम यादव, मनोज सोनी को शांति भंग में हिरासत में लेकर न्यायालय भेजा गया है। इसमें वार्ड संख्या 17 की निवासी विनीता के साथ गाली-गलौज करके मकान उड़ा देने की धमकी देने वाला मनोज सोनी भी शामिल है।

### ट्रॉला की टक्कर से विद्युत पोल टूटा, सप्लाई बंद



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 16 विवेकानंद नगर में नवीन गल्ला मंडी के पीछे वाली गली में लगे सीमेंट के विद्युत पोल के ट्राला की टक्कर से टूट जाने से इस गली में अंधेरा छा गया है नवीन गल्ला मंडी के पीछे आरओ प्लांट वाली गली में लगा विद्युत पोल बीती रात अज्ञात ट्रैक्टर ट्राला चालक ने टक्कर मारकर विद्युत पोल क्षतिग्रस्त कर दिया। विद्युत पोल टूट जाने से इस गली के सैकड़ों घरों में अंधेरा छा गया है। अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि विद्युत पोल टूटने की जानकारी है इसको बदलने के आदेश दिए गए हैं रात तक आपूर्ति शुरू हो जाने की उम्मीद है।

### चालीस छात्र-छात्राओं को वन जीवों के प्रति लगाव पैदा करने के लिए शहर भ्रमण कराया गया



**मौदहा, हमीरपुर।** पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा वन जीव प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है जिसमें कस्बे के एक निजी स्कूल में चालीस छात्र-छात्राओं को कानपुर शहर के चिड़ियाघर में वन जीवो के प्रति लगाव स्नेह पैदा करने के लिए भ्रमण कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वन विभाग मौदहा के द्वारा वन जीव प्राणी सप्ताह के अंतिम दिन मंगलवार को कस्बे के एसटीपी स्कूल के छात्र-छात्राओं को वन जीव व पेड़ पौधों से लगाव पैदा करने के लिए वह पर्यावरण संरक्षण प्राण वायु मैं इनका योगदान देखते हुए उनको अपना प्रेरणा बनाने के लिए कानपुर के चिड़ियाघर में एकदिवसीय भ्रमण के लिए भेजा गया वाहन को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया इस मौके पर वन रेंजर सुरेश कुमार त्रिपाठी,ऋषभ मिश्रा, वंदना अवस्थी, शोभाराम सहित सभी विभागीय कर्मचारी व देखने वाले उपस्थित रहे।

### घास काटने गई किशोरी को सांप ने डसा, गंभीर



**जसपुरा (बांदा)।** थाना जसपुरा क्षेत्र के बरेहटा गांव की 17 वर्षीय किशोरी कु. रोशनी को मंगलवार की सुबह खेत में घास काटते समय सांप ने डस लिया। घटना के बाद किशोरी बेहोश हो गई। चरवाहों की नजर पड़ी तो उन्होंने तत्काल गांव के समाजवादी पार्टी तिंदवारी विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद निषाद को सूचना दी। प्रमोद निषाद ने बिना देर किए अपनी निजी बोलेरो से रोशनी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जसपुरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल बांदा के लिए रेफर कर दिया गया। वहां भी प्रमोद निषाद ने स्वयं अपनी गाड़ी से लेकर पहुंचाया और भर्ती कराया। किशोरी के उपचार के लिए परिवार व ग्रामीणों ने शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

### मिशन अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों, महिलाओं व बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित



बांदा। शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में सघन जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है साथ ही कई रचनात्मक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में आज पुलिस लाइन ग्राउंड में महिला पुलिसकर्मियों व बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिला पुलिस कर्मियों, महिलाओं व बच्चों द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया गया । इस दौरान । 50 मीटर बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता में अनाया को प्रथम, आयुष को द्वितीय तथा कृष्णा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । 100 मीटर बच्चियों की दौड़ प्रतियोगिता में निष्ठी को प्रथम, उर्मी को द्वितीय तथा प्रसिद्धि को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । 1600 मीटर बच्चियों की दौड़ प्रतियोगिता में ईसिता को प्रथम, साक्षी को द्वितीय तथा साक्षी(द्वितीय) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । 1600 मीटर की महिला पुलिसकर्मियों की दौड़ प्रतियोगिता में महिला आरक्षी आंकाक्षा पाण्डेय प्रथम, महिला आरक्षी रंजना कुशवाहा द्वितीय तथा म.उ.नि. रेनू शर्मा को तृतीय स्थान पर रही। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सोना यादव प्रथम, अनीता व पूजा संयुक्त रुप से द्वितीय, तथा रेखा तृतीय स्थान पर रही।

### क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**अतर्रा/बांदा।** क्षेत्र की क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हिन्दू इण्टर कालेज अतर्रा के मैदान में हुआ, मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार सीओ साहब अतर्रा ने मार्चपास्ट की सलामी ली एवं हरी झण्डी दिखाकर खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संजय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, संगीता वेद निराला चेयरमैन अतर्रा, राजकिशोर बाजपेयी, विधायक प्रतिनिधि एवं सभासद अतर्रा, प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया, प्रबंधक श्री सुरेन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया, सुरेश कुमार क्रीड़ा जिला सचिव, मेजर मिथलेश कुमार पाण्डेय प्रधानाचार्य बजरंग इ का अतर्रा, राकेश कुमार पटेल प्रधानाचार्य राजकुमार इ का नरैनी, पूनम गुप्ता प्रधानाचार्या आर्य कन्या बांदा, शिवेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल गुमाई, अंजुली एवं डाक्टर सरिता राजकीय हाईस्कूल अधरोरी, गिरजाशरण तिवारी, राजेश तिवारी, बीरेंद्र सिंह चन्देल प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल पौहार, डाक्टर अजय आर्या, वेद निराला पूर्व मण्डल अध्यक्ष,राजाबाबू बाजपेयी, थानाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, संतोष द्विवेदी, दादूराम वर्मा प्रधानाचार्य जनता इ का खुरहण्ड, अवधेश प्रताप सिंह, उमाकांत चौरिहा, मनोज कुमार पटेल, राजेन्द्र कुमार कुशवाहा, रामकेश कुशवाहा प्रधानाचार्य तथागत, अर्जुन गुप्ता, लालमणि, श्याम निगम एवं अतर्रा क्षेत्र के सभी खेल प्रभारी लगे रहे , आज 100 मीटर दौड़, शाट पुट, लम्बीकूद, 400 मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

# धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा कुरारा के कृषि उत्पादन मंडी समिति के सामने महर्षि वाल्मीकि उपवन में महर्षि वाल्मीकि की जयंती कार्यक्रम धूमधाम एवं हर्षोल्लस के साथ मनाया गया।कस्बा के वाल्मीकि उपवन में स्थापित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पूर्व चेयरमैन व सांसद प्रतिनिधि हमीरपुर विधान सभा तथा वर्तमान चेयरमैन आशारानी कबीर ने माल्यार्पण किया। तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए।इसके बाद झलोखर संस्कृत विद्यालय से आए विद्वान छात्रों ने सुंदर कांड का पाठ किया इस अवसर पर लोगो को संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमैन माया वाल्मीकि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्शो पर चलकर प्रेरणा लेनी चाहिए। जिस प्रकार महर्षि वाल्मीकि ने अच्छे लोगों की संगत से बुरे कार्यो को छोड़कर ज्ञान प्राप्त कर विद्वान हो गए कि उन्होंने संस्कृत भाषा में रामायण जैसे महाग्रंथ की रचना कर डाली। समाज के लोगों को गलत कार्य को त्याग कर अच्छे कार्य करते हुए अपने बच्चो को शिक्षित बनाए।तभी समाज का

उत्थान होगा घनश्याम वाल्मीकि ने कहा कि जिस प्रकार कठिन परिश्रम से महर्षि वाल्मीकि ने ज्ञान प्राप्त करते हुए प्रथम कवि की उपाधि प्राप्त की। तथा प्रथम महाकाव्य रामायण की रचना की । उसी प्रकार समाज के लोगों को बच्चो को शिक्षा दिलाकर समाज का नाम रोशन करना चाहिए।इस अवसर पर रामदास सुदर्शन,जिला महामंत्री भाजपा, सोनू वाल्मीकि, रजीत कठेरिया, रामसजीवन वाल्मीकि सुनील, रामदेवी, मनोज, अजय, शंकर, वर्षा नामदेव, विराट सोनकर, वोटबाबू, आदि वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे।क्षेत्र के कंडोर गांव स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर मेमहर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सुंदर कांड का पाठ किया गया। तथा इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा मौजूद रहे।

**वाल्मीकि को कवि के रुप में भी जाना जाता है:** रामायण के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। वाल्मीकि को उनकी विद्वता और तपस्या के कारण महर्षि की उपाधि मिली थी। उन्होंने रामायण जैसे महत्वपूर्ण महाकाव्य की रचना की और उन्हें संस्कृत के पहले कवि के रूप में भी जाना जाता है।

### कोरी समाज महासंस्थान के पदाधिकारियों ने महर्षि वाल्मीकि जयंती बनाई



**हमीरपुर।** सिकरोड़ी अशोक सागर के आवास पर कोरी समाज महासंस्थान के पदाधिकारियों ने महर्षि बाल्मीक की जयंती मनाई गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा सुरेश कोरी प्रदेश अध्यक्ष रहे अध्यक्षता अशोक सागर ने की और कार्यक्रम का संचालन रामहेत अनुरागी ने किया सभी ने महर्षि बालमीक के बारे में विचार किये मुख्य अतिथि ने इस कार्यक्रम में कहा कि सभी लोगो को महापुरुषों के विचारों पर चलना चाहिए और बालमीक ने रामायण ग्रन्थ की रचना की जिसमे श्री राम के बारे में लिखा है इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामबहादुर नयन राम बाबू प्रधानाचार्य संदीप रजनीश जीतू सोनू नारायण प्रेमलता काजल आदि लोग उपस्थित रहे।

### महिला सशक्तीकरण पर महिलाओं को माला पहनाकर सम्मानित किया गया



मौदहा हमीरपुर। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद मौदहा द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के अधिकार महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए महिला सफाई मित्रों का माल्यार्पण कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया,महिला सशक्तिकरण सम्मान एक पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना है। यह सम्मान महिलाओं की उपलब्धियों को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है।

## पति सहित ससुरालियों द्वारा मारपीट कर घर से निकालने की पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के गोकुल डेरा गांव निवासी विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों द्वारा मारपीट कर घर से निकाल देने व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।क्षेत्र के गोकुल डेरा गांव निवासी महिला अनीता पत्नी अन्नू निषाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेरी शादी जनपद जालौन के कालपी कस्बा निवासी अन्नु निषाद पुत्र रामसिंह के साथ 21 जून 2017 को हुई थी। शादी के बाद पति व ससुराल के लोग मारपीट करने लगे तथा प्रताड़ित करने लगे। इसकी जानकारी मायके में अपने भाई लाल सिंह को दी। तो लाल सिंह मुझे लेने ससुराल गया तो उसके साथ भी गाली गलौज किया । इसके बाद मेरे पति अन्नू, देवर विनोद , ससुर रामसिंह तथा चचिया ससुर बाबू सिंह ने मारपीट कर घर से निकाल दिया इसके बाद मैं अपने मायके गोकुलडेरा आ गई। इसके बाद 5 अक्टूबर को मेरे पति व देवर मेरे मायके में आए तथा यहां भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने व प्रताड़ित करने , तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

## समाधान दिवस पर गांव वालों ने मंडलायुक्त को दिया था प्रथानापत्र

- तहसील समाधान दिवस पर दिया गया था आश्वासन, पेयजल के संकट से आज भी जुझ रहे ग्रामीण

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



रीवन गांव के वासिन्दे भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं तहसील समाधान दिवस में सैकड़ो की संख्या में मंडला आयुक्त के समक्ष उपस्थित होकर अपनी पीड़ा जाहिर की थी तत्काल प्रभाव से पेयजल व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए आश्वासन दिया गया था पर चार दिन बीत जाने के बाद भी गांव के आधे से अधिक की आबादी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रही है।

बीते शनिवार को समाधान दिवस में सैकड़ों की तादाद में महिला पुरुषों ने एकत्रित होकर पानी दो, पानी दो का नारा बुलंद करते हुए नगर के तहसील परिसर में पहुंच मंडलाआयुक्त व जिलाधिकारी के समक्ष अपनी व्यथा बताते हुए पानी दिलाए जाने की जोरदार मांग की थी जिसमें उपस्थित अधिकारियों ने एक स्वर के साथ तत्काल प्रभाव से ग्रामीणों को पीने का पानी मुहैया कराने के लिए आदेश जारी किया था अभी तक चार दिन बीत जाने के बाद भी रीवन गांव के ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए इधर-उधर चक्कर काट रहे हैं जबकि इस संबंध में जिम्मेदारों से बात की गई तो उनका कहना है कि सरकारी ट्यूबवेल की मोटर खराब हो जाने पर मोटर निकाल कर मरम्मती कारण करने के लिए भेज दिया गया है अब देखने वाली बात यह है कि चार दिन बीत देने के बाद भी ग्राम वासियों में खासा आक्रोश भी पनप रहा है इस संबंध में गांव के प्रधान प्रतिनिधि शिवप्रकाश ने बताया कि आधीभी गांव में नमामि गंगे के द्वारा संचालित ट्यूबवेल से पानी मिल रहा है पर जल संस्थान की मोटर अभी तक नहीं बन पाई तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दशकों से पानी की समस्या बनी हुई है वहां के दलित मलिन बस्तियों को के लोगों को आजादी के स्वर्ण शताब्दी के बाद भी एकमात्र कुआं ही साधन है जिससे ग्रामीण अपने-अपने अपने प्यास बुझाते और सरकारी योजनाओं का मलिन बस्ती में अभी भी लोगों को पानी मुहैया नहीं हो पा रहा जिससे ग्रामीण पीने के पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है।

## डीसी मनरेगा ने मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सोशल मीडिया में प्रसारित मनरेगा में फैले भ्रष्टाचार पर जमीनी हकीकत जानने के लिए डीसी मनरेगा ने आधा दर्जन गांवों से अधिक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और जमीनी हकीकत जानने का प्रयास किया इतना ही नहीं कुछ गांव में गुणवत्ता संतोषजनक पाई तथा कुछ गांव में छुटपुट कर्मियों को देखकर सुधार के निर्देश दिए।अवगत हो कि विकासखंड में वर्षो से मनरेगा के द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार आरोप लगता रहता है जिसकी चर्चा आम बात हो गई कुछ दिनों से लगातार सोशल मीडिया में मनरेगा के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप प्रत्यारोप आए दिन चर्चा में बना रहता है जबकि जनप्रतिनिधियों की माने तो सोशल मीडिया में प्रसारित किए जाने वाले समाचार कमाई का मुख्य साधन बनाने में लगे हुए हैं इस मामले पर डीसी मनरेगा राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मौदहा विकासखंड के सिजनौडा ,भैस्ता, उरदना ,सिजवाही ,टिकरी ,चांदी कला, भभई कपसा आदि गांव में निरीक्षण किया गया तथा उरदना गांव में नमामि गंगे के द्वारा सीसी तोड़ने के उपरांत मरम्मत न किए जाने से कड़ी नाराजगी जताते हुए विभागीय कार्रवाई करने का आदेश भी जारी किया तो वहीं चांदी कला में चौबीस लाख रुपए से बनाई गई सीसी निर्माण में गुणवत्ता की जांच के संबंध में बताया कि यह काम संतोष जनक है मुक्तिधाम के पास बनाई गई सीसी की सराहना किया मुक्तिधाम तक पहुंचाने के लिए संपर्क मार्ग नहीं था जिसको देखते हुए हाल ही में बनवाया गया है।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सुन्दरकाण्ड का आयोजन



**बांदा।** मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद बांदा के सहयोग से संकट मोचन हनुमान मंदिर व अन्य मंदिर में सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संकट मोचन मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मालती वासू द्वारा महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा पंजीकृत बलराम यादव और लोकगीत पार्टी के द्वारा सुंदरकांड का पाठ तथा रामचरितमानस व भजन कीर्तन का कार्यक्रम संपादित किया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आर के रावत के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## कांग्रेसियों ने महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई



**बांदा।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशन पर महुआ ब्लाक के ग्राम पंचायत गिरवाँ में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ महर्षि वाल्मीकि की फोटो में पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर मनाई गई, कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष रज्जाक मंसूरी ने की। मुख्य अतिथि राजेश दीक्षित कांग्रेस जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आज वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि वाल्मीकि, जिनका बचपन का नाम रत्नाकर था, संस्कृत के आदि कवि और रामायण के रचयिता थे। एक डाकू के रूप में जीवन शुरू करने के बाद, नारद मुनि से मुलाकात होने और आत्म-चिंतन के बाद उनका जीवन बदल गया। उन्होंने क्रौंच पक्षी की घटना से प्रेरित होकर पहला श्लोक कहा, जिससे उन्हें ऋषि का दर्जा मिला और उन्होंने ब्रह्मा के निर्देश पर भगवान राम के जीवन पर आधारित रामायण की रचना की। अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए वे डाकू बन गए थे, लेकिन नारद मुनि से मुलाकात के बाद उनके जीवन में परिवर्तन आया। उन्होंने नारद मुनि के कहने पर श्मरा-मराश् जपना शुरू किया, जिससे उनका हृदय परिवर्तन हुआ और वे ऋषि बन गए। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जिला सचिव कालीचरण साहू, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, मण्डल उपाध्यक्ष उर्मिला रैकवार, विमल कुमार अवस्थी, राजेन्द्र कुमार, तौफीक अहमद, दिलीप कुमार अवस्थी, सन्तोष कुमार वर्मा, हसीब अहमद, रिंकू, सन्तोष कुमार अवस्थी, ज्ञानेश कुमार अवस्थी, शब्बीर मंसूरी, बरकत अली आदि प्रमुख कांग्रेस जन उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष रज्जाक मंसूरी ने सबका आभार प्रकट किया।

### कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती



**बांदा।** कांग्रेस कार्यालय में महान धर्म ग्रंथ रामायण की रचना कार कार आदि कवि वाल्मीकि जी की जयंती कांग्रेस जनों ने मनाई सामाजिक न्याय की शिक्षा देने वाले एवं दिन हीन के पक्ष में खड़े होने के लिए प्रेरित करने वाले महर्षि वाल्मीकि के जीवन एवं उनकी रचना ऑन रचनाओं से हमें सबसे प्रेम एवं कर्तव्य के मार्ग पर चलने की हम सबको प्रेरणा मिलती है अप विचार व्यक्त करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह ने कहा हम सबको ऐसे महान संत का अनुकरण करना है कांग्रेस जनों ने महान संत के चित्र पर मालय अर्पण करके उनको कोटि-कोटि नमन किया। अवसर पर अशोक चौहान उपाध्यक्ष डा. केपी सेन, शिवबली, अशोक वर्धन, कर्ण सुखदेव गांधी, रेनू शर्मा, छेदीलाल धुरिया, आरिफ निजामी, अलीबक्श अली आदि जन उपस्थित रहे।

### अज्ञात चोरों ने बुलेट उड़ाई

**अतर्रा/बांदा।** अज्ञात चोरों ने बुलेट गाड़ी व लैपटाप लेकर रफू चक्कर हो गए। थाना पुलिस घटना जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित ने पुलिस पर एफआईआर दर्ज न करने का लगाया आरोप है। थाना अंतर्गत ग्राम महोतरा के सत्ती दाई का पुरवा निवासी रामनरेश पुत्र राम किशोर यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि वह दो अक्टूबर को अपनी दो पहिया बुलेट को अपने छात्रावास के सामने स्थित गली आजाद नगर कस्बा अतर्रा वाले मकान में खड़ी कर सुबह 10 बजे अपने गांव चला गया था उसके अतर्रा स्थित आवास में रहने वाले किराएदार वहीं पर थे शाम को जब वह गांव से वापस लौटा तो उसकी बुलेट गाड़ी वह अनिल यादव के कमरे का ताला टूटा था और कमरे से लैपटॉप भी गायब था उसने गाड़ी व लैपटॉप का आसपास पता लगाया चोरों की जानकारी नहीं हुई उसने थाने में तहरीर दी जिस पर थाना पुलिस लगभग एक सप्ताह से घटना की जांच पड़ताल करने में जुटी है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर पालिका की टीम ने मारे छापे

- चालान कर दुकानदारों से वसूला 10 हजार रुपये राजस्व
- दोबारा बिक्री करने पर दुकानदारों को दी सख्त चेतावनी

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी की अगुवाई में टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान छापामार टीम ने पांच किलो प्रतिबंधित पालीथिन बरामद करते हुए दुकानदारों से 10 हजार रुपये का राजस्व वसूल किया। शासन के निर्देश पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्णतः रोक लगाने के अनुपालन में मंगलवार को नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी श्रीचंद्र के नेतृत्व में पालिका व पुलिस टीम ने शहर के बलखंडी नाका चौराहा, गूलरनाका, मुख्य बाजार स्थित दुकानों, प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित पॉलीथीन व प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाकर पांच किलो सिंगल यूज प्लास्टिक के ग्लास जब्त किए। पॉलीथीन व प्लास्टिक विक्रेताओं पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही भविष्य में बिक्री करते पाए जाने पर जुर्माना लगाने की सख्त चेतवनी दी। नगर पालिका ईओ ने बताया कि कि पालिका क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवेंद्र, राजस्व निरीक्षक रामजस सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन-(नगरीय) अभिषेक खरे, गौरव श्रीवास्तव, मनीष, विकास, सफाई नायक राजाराम समेत तमाम पालिका कर्मचारी शामिल रहे।

# लव जिहाद के आरोप में युवक गिरफ्तार

**महोबा/पनवाड़ी, समृद्धि न्यूज़।**

- नाबालिग से दोस्ती कर किया ब्लैकमेल

जनपद महोबा के पनवाड़ी कस्बे में सोमवार को पुलिस ने लव जिहाद के एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए एक मुस्लिम युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पर पास्को एक्ट की धारा 7/8 तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में नाबालिग लड़की के पिता द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, आरोपी युवक ने सोशल मीडिया पर अपनी पहचान छिपाकर हिंदू नाम से एक फर्जी अकाउंट बनाया और 14 वर्षीय बालिका से संपर्क स्थापित किया। दोनों के बीच ऑनलाइन बातचीत के बाद युवक ने किशोरी का भरोसा जीत लिया। बताया गया कि धीरे-धीरे उसने लड़की को बहलाया-फुसलाया और उसे आपत्तिजनक तस्वीरें भेजने के लिए मजबूर किया। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी ने बाद में इन्हीं तस्वीरों के माध्यम से किशोरी को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और उस पर अनुचित दबाव डालने लगा। जब पीड़िता को युवक की वास्तविक पहचान का पता चला तो उसने बातचीत बंद करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी उसे लगातार धमकाता रहा। मानसिक रूप से परेशान होकर बालिका ने आखिरकार अपने माता-पिता को पूरी घटना की जानकारी दी। परिवार की ओर से तुरंत पनवाड़ी थाना पुलिस को तहरीर सौंप दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान युवक ने कई अहम जानकारियाँ दीं, जिनके आधार पर पुलिस ने उसके खिलाफ कड़ी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। सोमवार को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह मामला बेहद संवेदनशील है और इसमें पास्को एक्ट के साथ-साथ विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराएं भी लागू की गई हैं। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा था या नहीं। घटना के खुलासे के बाद पनवाड़ी कस्बे में आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान छिपाकर नाबालिग लड़कियों को फंसाने के मामलों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। फिलहाल पुलिस आरोपी के मोबाइल और सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-ऑक्शन** आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | Catering SMU2S |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at AY Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.09.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 13.10.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 13.10.2025 at 12:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:

| Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|
| Ayodhya Dham | Catg-LKO- AY-SMU-195-25-1 | AY/PF-2&3/168 | 13.10.2025 at 12:30 hrs. | SMU | Minority |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3085/2025

# हाईटेंशन से पिता-पुत्र झुलसे, मची अफरा-तफरी

▸ ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द लाइन को शिफ्ट नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को होंगे मजबूर



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सुमेरगंज कस्बे में मंगलवार की शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब आबकारी मोहल्ले में छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से पिता-पुत्र गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद दोनों को सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पिता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार सुमेरगंज निवासी 30 वर्षीय एजाज अपने तीन वर्षीय बेटे अफसान के साथ मंगलवार शाम करीब चार बजे छत पर बैठे थे। अचानक बारिश शुरू होने पर एजाज ने बेटे को भीगने से बचाने के लिए छाता खोला। तभी छाते का सिरा छत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गया। तेज करंट लगते ही एजाज छटपटाने लगे और बच्चा छिटककर दूर जा गिरा। बिजली का झटका इतना तेज था कि एजाज का पूरा शरीर झुलस गया, जबकि अफसान का पैर बुरी तरह जल गया। परिजनों ने शोर सुनकर किसी तरह लकड़ी के सहारे दोनों को छूने से बचाते हुए नीचे उतारा और सीएचसी रामसनेहीघाट ले गए। वहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए एजाज को जिला मुख्यालय रेफर कर दिया, जबकि अफसान का इलाज सीएचसी पर जारी है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक बिजली विभाग की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। वर्षों से मोहल्ले के बीचोंबीच छतों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, लेकिन विभाग ने न तो तारों को ऊंचा करने की जहमत उठाई और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही लाइन को शिफ्ट नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## गाजेबाजे के साथ निकाली गयी टेसू की बारात

**जालौन,उरई।** अश्विन पूर्णिमा पर एक ओर जहां बाल्मीकि मंदिर में धार्मिक आयोजन किए गए। वहीं दूसरी ओर नगर के कई स्थानों पर टेसू की बारात भी निकाली गई। मोहल्ले के लोगों ने इस बुंदेली कार्यक्रम का आनंद लिया। शरद पूर्णिमा पर नगर में कई स्थानों पर टेसू झिंझिया के विवाह के आयोजनों की धूम रही। लोगों का मानना है कि टेसू झिंझिया के ब्याह के बाद से शादी, विवाह का दौर शुरू हो जाता है। उसमें कोई अड़चन नहीं आती है। नगर के मोहल्ला तोपखाना, जोशियाना, हरीपुरा, चुर्खीबाल, गंगाधाम के बगल में युवाओं की टोली ने टेसू की बारात निकाली। टेसू के पात्र को विशेष रूप से बड़ा काजल, हाथों में झाड़ू को लेकर सजाया गया।

# कुंतेश्वर धाम में श्रद्धा के साथ मनी वाल्मीकि जयन्ती

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। कुंतेश्वर धाम मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंगलवार को पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को वाल्मीकि जी के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी खंड विकास अधिकारी जयराम वाल्मीकि के संयोजन में किया गया। इसमें भजन-कीर्तन और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी हुईं, जिनमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद रहे।पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है।

उन्होंने महर्षि वाल्मीकि को किसी एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरे हिंदू धर्म समाज के महर्षि बताया, जिन्होंने रामचरितमानस की रचना की। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके ज्ञान का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर रामसागर कनौजिया, अमित भैया राम दयाशंकर शुक्ल, रविंद्र अवस्थी मेड़ीलाल मौर्य, जयचंद यादव प्रहलाद कुमार विमल, मुकेश यादव, प्रवेश यादव संदीप मौर्य, अनिल कनोजिया, रामसागर कनौजिया श्रवण सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने आयोजित किये जागरूकता कार्यक्रम



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति फेज- 05 के दृष्टिगत पुलिस द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे शारदीय नवरात्रि के पर्व पर मिशन शक्ति फेज- 05 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अपने- अपने क्षेत्रों में महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक कर उप्र शासन व उप्र पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई।

महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

# श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाई महर्षि वाल्मीकि की जयंती

▸ पूजन हवन भण्डारे में शामिल हुए सैकड़ों लोग

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

महर्षि वाल्मीकि जयंती जिले में श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाई गई। माल गोदाम रोड स्थित महर्षि वाल्मीकि पार्क में समाजसेवी रमेश चौधरी के नेतृत्व में पार्क में स्थापित महर्षि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ ही पूजन हवन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस पूजन हवन कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने हिस्सा लिया।

सदर विधायक सुरेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह वर्मा, सपा राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप सहित तमाम गणमान्य लोगों ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि किया। वही छाया चौराहे पर वाल्मीकि समाज के



युवाओ द्वारा आयोजित भंडारे में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे में प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री व प्रभारी मंत्री सुरेश राही, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत सहित भाजपा के जिला अध्यक्ष अरविन्द मौर्य, रामकुमारी मौर्य, महामंत्री संदीप गुप्ता आदि भाजपा नेताओं ने वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि करके भंडारे में प्रसाद वितरण किया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक सुरेश यादव अरविंद सिंह को सहित कई दलों के नेताओं ने भी महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्पांजलि किया। नगर पालिका मार्केट के सामने वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित बेबी शो प्रतियोगिता एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में मेधावी छात्रों की विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई और उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन वाल्मीकि समाज के नेता रमेश चौधरी सुरेश चंद चौधरी तिलकचंद चौधरी आनंद चौधरी सहित कई वाल्मीकि समाज के युवाओं ने योगदान दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी रत्नेश कुमार, जे एल भास्कर, मंशाराम कनौजिया, दिनेश चंद्र रावत, कमलेश कुमार, केशनलाल चौधरी, विनोद कुमार सहित बाल्मीकि समाज के सैंकड़ो लोग उपस्थित हुए।वहीं जिला सहकारी बैंक के सभागार में विश्व हिंदू परिषद के नेता रामनाथ मौर्य के संयोजन में बाल्मीकि जयन्ती मनाई गई। इस जयन्ती में भाजपा नेताओं सहित प्रभारी मंत्री ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शरद पूर्णिमा पर राधावल्लभ लाल का हुआ धवल श्रंगार

**इटावा।** पुराना शहर छैराहा स्थित नगर का वृंदावन धाम श्री राधावल्लभ मंदिर पर शरद पूर्णिमा का पावन पर्व मंगलवार को श्रद्धाभाव के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। यहां पर ठाकुर जी का धवल श्रंगार किया गया। वही ठाकुर जी को शरद बिहार भी कराया गया। मंदिर में भजन-कीर्तन की धूम रही और सभी भक्तों को बासौधी का प्रसाद वितरित किया गया। राधा वल्लभ मंदिर पर ब्रज की परंपरा के अनुसार सभी कार्यक्रम आयोजित होते हैं। शरद पूर्णिमा के मौके पर ठाकुर जी के चरण सेबक गोपाल प्रकाश चंद्र गोस्वामी ने ठाकुर जी का विशेष पूजन अर्चन कर धबल श्रंगार किया। देर शाम भगवान की आरती उतारी गई। महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। मंदिर आने वाले सभी भक्तों को बासौंधी का विशेष प्रसाद भी दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेसजनों ने मनायी महर्षि वाल्मीकि जयंती



**इटावा।** संस्कृत साहित्य के महाकाव्य रामायण के रचियता महर्षि बाल्मीकि की जयंती कांग्रेस कार्यालय पर समस्त-कांग्रेस जनों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से हमे प्रेरणा लेते हुए उनके द्वारा बताये हुए सद् मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने सदैव मानव कल्याण और हितों पर जोर दिया है। हमें भी इसका अनुसरण करना चाहिए। इसके बाद सभी कांग्रेसी कटरा शमशेर खां में बत्तख तलैया स्थित आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के मन्दिर पर पहुंचे। वहां उन्होंने वाल्मिक जी की प्रतिमा के ऊपर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, पूर्व ज़िलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, ज़िलामहासचिव अमित त्रिपाठी अंबुज, मैनपुरी कोऑर्डिनेटर करण सिंह राजपूत, सरवर अली, प्रदीप द्विवेदी, अमन तिवारी, अंसार अहमद व धर्मेंद्र कुमार सहित तमाम कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### चेयरमैन ने मनाई महर्षि बाल्मीकि की जयन्ती

**भरथना, इटावा।** महाकाव्य रामायण के रचियता आदिकवि महर्षि बाल्मीकि की जयन्ती के अवसर पर पालिकाध्यक्ष सहित अन्य समाजसेवियों ने बाल्मीकि मन्दिर पर पहुँचकर पूजन अर्चन के साथ माल्यार्पण कर उनका जन्मोत्सव मनाया। मंगलवार की सुबह कस्बा के मुहल्ला गायत्री नगर स्थित महर्षि बाल्मीकि मन्दिर पर आयोजित जन्मदिवस समारोह के दौरान पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू ने समाजसेवियों, पालिका कर्मियों व बाल्मीकि समाज के लोगों के साथ विधिवत पूजन अर्चन उपरान्त महाकाव्य रामायण के रचियता आदिकवि महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर यूनियन के प्रदेश मंत्री सोनू कुमार, जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र सेवी, सभासद शिवराम सिंह यादव, अर्जुन सिंह, आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया, श्रीनवेश यादव सहित कई अन्य समाजसेवियों व बाल्मीकि समाज के लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### थोक सब्जी व गल्ला मंडी में बंदरों के आतंक की जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज करायी शिकायत

**जालौन,उरई।** नगर में थोक सब्जी मंडी व गल्ला मंडी के अलावा मोहल्लों में बंदरों से परेशान लोगों ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए इन्हें पकड़वाने की मांग की है। नवीन फल एवं सब्जी मंडी के अलावा गल्ला मंडी के व्यापारी भी बंदरों की समस्या से आतंकित हैं। बंदर फल और सब्जियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नगर में बंगरा रोड पर नवीन फल और सब्जी मंडी स्थित है। फल व सब्जी मंडी में काफी संख्या में बंदर हैं। फल व सब्जी व्यापारी अशफाक राईन ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए लिखा कि बंदर दुकानों में घुसकर फलों और सब्जियों को उठा ले जाते हैं। इतना ही नहीं दुकानदार की जरा सी लापरवाही में बंदर दुकानों में घुसकर फल और सब्जियों को इधर, उधर फेंककर नुकसान कर देते हैं। यदि दुकानदार उन्हें भगाने की कोशिश करते हैं तो दुकानदारों को दौड़ा लेते हैं। बंदरों द्वारा किए जा रहे नुकसान से व्यापारियों को आर्थिक हानि हो रही है। इसके साथ दुकानदारों के मन में बंदरों को लेकर भय भी बना रहता है। वहीं, फर्दनवीस, भवानीराम आदि मोहल्लों में भी लोग बंदरों की समस्या से परेशान हैं। उन्होंने बंदरों को पकड़वाने की मांग की थी। जिसका निस्तारण करते ईओ सुशील कुमार ने शिकायतकर्ता को अवगत कराया है कि बंदरों के पकड़ने के लिए न तो नगर पालिका के पास पर्याप्त उपकरण है और न ही विशेषज्ञ हैं।

# समाजसेवी दिनेश यादव ने किया रामलीला महोत्सव का शुभारम्भ

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अजगव धनुष को दो खंडों मे देख क्रोधित हुए परशुराम ने जनक की गर्दन पर फरसा ताना तो लक्ष्मण बीच मे आ गए वह कहने लगे बचपन मे न जाने कितनी धनुही उन्होंने तोड़कर फेंक दी उस समय तो ऐसा क्रोध नही किया तो फिर अब इस पुराने धनुष पर ममता किसलिए छलकने लगी है लक्ष्मण परशुराम के बीच बढते युद्ध को विराम देने के लिए राम को बीच मे आना पड़ा।

ऊसराहार मे रामलीला महोत्सव समित के तत्वाधान मे चल रही रामलीला मे धनुष भंग के आयोजन मे अपार जनसमूह श्रीराम विवाह का साक्षी बना प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने मंच पर उच्च कला का प्रर्दशन किया तो भीड भी सुबह आठ बजे तक डटी रही कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी दिनेश यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया उन्होंने कहा माता की महिमा अपार है इसे सिद्ध भी राम ने ही किया है उन्होंने कभी माता का अपमान नही होने दिया माता के कर्ज से कभी बेटा पार नही पाता है माता की छाया हमेशा पुत्र को सिबंल प्रदान करती है रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ज्ञानेंद्र अवस्थी संदीप पाल लाखन सिंह यादव लवी गुप्ता नरेन्द्र राहुल राज वर्मा जितेंद्र धनगर प्रशांत तिवारी उमेश गुप्ता ने अतिथियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया कार्यक्रम मे रावण एंव बाणासुर का संबाद काफी रोचक रहा जनक के विलाप ने सबकी आखें नम कर दी जब कोई राजा धनुष नही तोड़ पाया तो जनक ने कठोर बचन कहे जिन्हे सुन लक्ष्मण को क्रोध आ गया।

# गर्भावस्था में एनीमिया और लापरवाही हो सकते हैं बड़ा खतरा

▸ गर्भवती को सामान्य दिनों की तुलना में दोगुना आयरन की होती है आवश्यकता सीएमओ डॉ. संजय शर्मा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

कैसरगंज की बरखुरद्वारा पुर निवासी बंदना (30) आज अपने चार महीने के बच्चे के साथ मुस्कुरा रही हैं। लेकिन पहले हालात चिंताजनक थे।

पहली तिमाही में उनका हीमोग्लोबिन नौ ग्राम था, लेकिन आयरन गोलियों के बाद उल्टी होने पर उन्होंने दवा छोड़ दी और चौथे माह में यह सात ग्राम तक गिर गया। गंभीर एनीमिया के लिए उन्हें सीएचसी कैसरगंज में पांच बार आयरन सुक्रोज इंजेक्शन दिए गए। नियमित निगरानी के बाद प्रसव के समय हीमोग्लोबिन नौ ग्राम हुआ और उन्होंने सामान्य प्रसव से बच्चे को जन्म दिया। जिले में हर साल हजारों महिलाएं गर्भावस्था के दौरान गंभीर एनीमिया का सामना करती हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,60,835 गर्भवती महिलाओं में से 82,270 एनेमिक और 10,504 गंभीर एनेमिक पाई गईं। एसीएमओ डॉ. संतोष राना के अनुसार बार-बार गर्भधारण, मासिक धर्म या प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, पेट में कृमि संक्रमण, मलेरिया, अन्य संक्रमण और थैलिसिमिया एनीमिया के प्रमुख कारण हैं। सीएमओ डॉ. संजय शर्मा के अनुसार गर्भवती को सामान्य दिनों की तुलना में दोगुना आयरन की आवश्यकता होती है।

जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस में महिलाओं को आयरन-फोलिक गोलियां दी जाती हैं। पिछले वर्ष 1,53,587 महिलाओं को गोलियां और 10,178 गंभीर एनेमिक महिलाओं को चिकित्सकीय देखरेख में आयरन सुक्रोज इंजेक्शन दिए गए। सीएमओ ने कहा कि मातृत्व एनीमिया रोकने में परिवार और समुदाय की भागीदारी, पोषणयुक्त भोजन, समय पर जांच और मानसिक सहयोग महत्वपूर्ण हैं।



**गर्भावस्था में घातक है एनीमिया**

डॉ. राना बताती हैं कि गर्भावस्था में एनीमिया के कारण चक्कर आना, सांस फूलना, त्वचा-पीलापन और अत्यधिक थकान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं गंभीर एनीमिया प्रसव और प्रसव के बाद भी जोखिम बढ़ाता है, अत्यधिक रक्तस्राव, प्रसव जटिलताएं और माँ का जीवन संकट में पड़ सकता है। शिशु के लिए समय से पहले जन्म, कम वजन, विकास में बाधा, संक्रमण और जन्मजात असामान्यताएं तथा कुछ मामलों में मृत्यु का खतरा भी बना रहता है।

# किसान सभा का जिला सम्मेलन आयोजित



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

किसान सभा इटावा का 19वां दो दिवसीय जिला सम्मेलन 6 अक्टूबर को देर शाम नगला बरी में भारी उत्साह और आंदोलन को व्यापक व तेज करने के संकल्प के साथ महामंत्री मुकुट सिंह के प्रेरणादायक समापन भाषण के साथ सम्पन्न हुआ। इससे पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष भारत सिंह द्वारा सभा का झण्डा फहराया गया, शहीदों को श्रृद्धांजली दी गयी। तत्पश्चात राष्ट्रीय संयुक्त सचिव प्रसिद्ध लेखक, सम्पादक बादल सरोज ने सम्मेलन का उदघाटन किया।

जिलामंत्री संतोष शाक्य ने 18 पेजों की लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए पिछले सम्मेलन के बाद के आंदोलनो और संगठन की समीक्षा किसानो की प्रमुख समस्याओं और आगे किसान सभा को व्यापक और जुझारू बनाने का संकल्प पेश किया। जिसपर 18 प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव और विचार रखे सर्वसम्मति से रिपोर्ट गगनभेदी नारों के साथ स्वीकार की गयी। संगठन का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें पहली बार तीन महिलाओ को जोडते हुए 43 सदस्यों की जिला कांउसिल 19 सदस्यों की जिलाकार्यकारिणी उसी में से रामबृजेश यादव अध्यक्ष, संतोष शाक्य मंत्री, डा. शौकीन सिंह कोषाध्यक्ष, वैध विश्राम सिंह शिवराम सिंह, रामबरन उपाध्यक्ष एवं संतोष राजपूत, विवेक यादव, शिववचन सिंह उर्फ बच्चू संयुक्त मंत्री चुने गये। इनके अलावा जिला कार्यकारिणी में नाथूराम यादव, विश्राम सिंह, अमर सिंह शाक्य, वीरेन्द्र सिंह, अजीत प्रताप सिंह, रामसेवक, अरविंद शाक्य, गोपेश यादव, आपेन्द्र यादव प्रधान, रामनेरश व सुरेश चंद्र चुने गये। राज्य सम्मेलन के लिए 23 प्रतिनिधि चुने गये।

# देवा मेला एवं प्रदर्शनी 2025 का उद्घाटन आज

▸ डीएम की धर्मपत्नी शैलजा त्रिपाठी करेंगी फीता काटकर उद्घाटन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली शाह की स्मृति में आयोजित होने वाले 10 दिवसीय विश्व प्रसिद्ध देवा मेला एवं प्रदर्शनी की औपचारिक शुरूआत 08 अक्टूबर से की जाएगी। देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति के सचिव / एडीएम अरुण कुमार सिंह ने बताया कि परंपरा के अनुसार जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की धर्मपत्नी श्रीमती शैलजा त्रिपाठी द्वारा बुधवार की शाम 5 बजे शेख मुहम्मद हसन गेट पर फीता काटकर देवा मेला एवं प्रदर्शनी 2025 की भव्य शुरुआत की जाएगी। उद्घाटन के बाद से 10 दिवसीय देवा मेला एवं प्रदर्शनी के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं और ऑडिटोरियम मंच के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत भी हो जाएगी। मेला में आने वाले जायरीन की सुविधाओं और उनकी सुरक्षा हेतु भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ में प्रशासनिक अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है जो अपने अपने कार्यों को संपादित करेंगे।



**08 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम**

1. प्रस्तुति- बहार सुगम संगीत प्रभाग
2. प्रस्तुति-आकांक्षा स्टेपिंग स्टोन
3. प्रस्तुति-बाला जी का बचपन
4. प्रस्तुति-अरुणोदय पब्लिक स्कूल

रात्रि 08 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक बिरहा कार्यक्रम

# 17 साल से फरार रेलवे एक्ट का वारंटी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) इटावा ने बीते सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने रेलवे एक्ट के मामले में लगातार 17 सालों से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से पुलिस और कोर्ट दोनों को चकमा दे रहा आरोपी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया।

जीआरपी इंस्पेक्टर दिनेश प्रकाश शर्मा ने बताया कि सोमवार को वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन के मालगोदाम के पास से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान शान मोहम्मद पुत्र जमील निवासी नई बस्ती कटरा शमशेर खां, अर्चना स्कूल कोतवाली इटावा के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि शान मोहम्मद के खिलाफ वर्ष 2008 में रेलवे एक्ट की धारा 427 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। उस समय रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में जीआरपी ने कार्रवाई की थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा था और लगातार ठिकाना बदलकर गिरफ्तारी से बचता रहा। इंस्पेक्टर ने बताया कि न्यायालय द्वारा कई बार उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए, लेकिन आरोपी हर बार स्थान बदलकर बच निकलता रहा।

## करवाचौथ के मद्देनजर बाजारों में बढ़ाई जाये अतिरिक्त सुरक्षा

**इटावा।** उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने करवाचौथ के त्योहार के मद्देनजर जिले के प्रमुख बाजारों में अतिरिक्त सुरक्षा बल बडाये जाने की मांग की है, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित व शहर अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव ने जिलाप्रशासन से मांग की है कि इस समय करवाचौथ और दिवाली के दृष्टिगत बाजारों में भीड़ बड़ रही है, जिसमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है भीड़ का फायदा उठाकर अराजक तत्व भी सक्रिय हो जाते हैं इसलिए बाजारों में अतिरिक्त फोर्स लगाई जाये, साथ ही तीन पहिया और चार पहिया वाहनों को भीड़ वाले बाजारों से जाने से रोका जाए। मांग करने वालों में जिलामहामंत्री अभय टंडन, जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, उघोग मंच के जिला अध्यक्ष भारतेन्द्रनाथ भारद्वाज, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, रेडीमेड ऐसोसिएशन के अध्यक्ष देव गुप्ता आदि व्यापारी नेता प्रमुख हैं।

# एसएसपी ने उपमहानिरीक्षक का किया स्वागत



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर हरीश चन्दर आईपीएस का जनपद आगमन हुआ। रिज़र्व पुलिस लाइन स्थित अतिथि गृह पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गार्द द्वारा सलामी दी गई। इसके बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक कर मिशन शक्ति के पहले चरण में किये गये कार्यों की समीक्षा की तथा अगले चरण के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। जनपद में आगमन के बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक ने थाना सिविल लाइन व नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया।

उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की समीक्षा की, मिशन शक्ति व महिला बीट से संबंधित रजिस्टरों एवं अभिलेखों की जांच की, जन शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध, लाइन सुबोध गौतम, क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह एवं पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।



## हर्षोल्लास से मना कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन

**इटावा।** महेरा चुंगी कैंप कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का जन्मदिन हर्षौल्लास से मनाया गया। प्रशांत तिवारी ने बताया प्रदेश में अजय राय हर वर्ग के साथ खड़े हे एवं प्रदेश की जनता की लड़ाई लड़ रहे हे इस डबल इंजन की सरकार से आने वाले 2027 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सरकार उनके नेतृत्व में बनेगी। प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी ने जन्मदिन के अवसर पर पूजा अर्चना कर लम्बी आयु की कामना की। जिलाउपाध्यक्ष सतीश नागर ने महेवा ब्लाक में पौधारोपण किया एवं कहा कि आज दलित समाज की आवाज उठा रहे हे एवं योगी की सरकार में दलित समाज का शोषण हो रहा है। जन्मदिन के मौके पर रोहित दुबे, अन्नू दीक्षित, निखिल बाजपेई, राहुल यादव, अवनीश तिवारी, अनुराग करण रहे।

# दो लाख की सुपारी देकर कराई गई हत्या का खुलासा



घटना का खुलासा करते एसपी विनोद कुमार व मौजूद आरोपित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

तालग्राम थाना क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर युवक की लाश मिलने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने हत्या की साजिश रचने वाले शातिर अपराधी मनीष गुप्ता को तीन साथियों सहित गिरफ्तार कर लिया है। मनीष ने मृतक सुमित राठौर को रास्ते से हटाने के लिए अपने ही लेबर को दो लाख रुपये की सुपारी दी थी। अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तालग्राम थानाध्यक्ष शशिकान्त कनौजिया, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल गबरूद्दीन, एसओजी व सर्विलांस टीम निरीक्षक त्रदीप सिंह, उपनिरीक्षक देवेश कुमार, हेड कांस्टेबल मनोज सिंह, सुधीर कुमार, दुष्यंत यादव, तेजप्रताप सिंह सहित पुलिस टीम ने एक्सप्रेसवे की पुलिया के पास से मनीष गुप्ता (31) निवासी कचहरी टोला, कन्नौज, मुहीन (20) पुत्र सफरूद्दीन, निवासी हाजीगंज खुर्द, कन्नौज, याकूब (18) पुत्र इशहार, निवासी हाजीगंज खुर्द व एक बाल अपचारी (17) को गिरफ्तार कर कब्जे से हत्या में प्रयुक्त स्विफ्ट कार (क्ष 74,ह 4900), रस्सी, एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस और चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। एसपी विनोद कुमार ने खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने घटना को स्वीकार किया है। मास्टर माइंड मनीष गुप्ता ने दो लाख की सुपारी देकर हत्या कराई थी। मास्टर माइंड सहित चार को गिरफ्तार किया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस को पकड़वाने के डर से कराई हत्या

**कन्नौज।** गिरफ्तार मनीष गुप्ता ने पूछताछ में बताया कि वह गांजा बेचने का काम करता था और मृतक सुमित राठौर द्वारा उसे कई बार पुलिस से पकड़वाया गया था। इसी रंजिश में उसने अपने लेबर मुहीन को 2 लाख रुपये में सुपारी देकर हत्या की साजिश रची। मुहीन ने अपने दो साथियों याकूब और एक नाबालिग की मदद से इस वारदात को अंजाम दिया।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

**कन्नौज।** 4 अक्टूबर को मुहीन ने सुमित को आगरा घुमाने के बहाने बुलाया। योजना के अनुसार, मनीष ने एक स्विफ्ट कार उपलब्ध कराई और ईंधन भी भरवा दिया। कार में सवार होकर चारों आरोपी सुमित को लेकर निकले। रास्ते में उसे गांजा का नशा कराया गया और जब वह बेहोशी की हालत में पहुंचा तो रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई। शव को एक्सप्रेसवे किनारे फेंककर आरोपी फरार हो गए।

# वाल्मीकि जयंती पर हवन यज्ञ, समाज ने निकाली शोभायात्रा, वरिष्ठों का हुआ सम्मान





**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

पवित्र ग्रन्थ रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर समाज के लोगो ने हवन यज्ञ कर के एक शोभायात्रा निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।

मंगलवार को समधन नगर पंचायत के मोहल्ला ठाकुरद्वारा स्थित मंदिर में कार्यक्रम के तहत वाल्मीकि समाज के लोग एकत्रित हुऐ इसके बाद रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर एक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां दी गई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना था बाद में वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ लोगो के सिर पर पगड़ी बांधकर उनका सम्मान किया गया इसके बाद में बग्गी में महर्षि की प्रतिमा रखकर नगर के मैन सड़क पर शोभा यात्रा निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान नरेश चंद्र, वाल्मीकि सुनील कुमार, वाल्मीकि राजीव कुमार, वाल्मीकि अशोक, वाल्मीकि आनन्द, वाल्मीकि संदीप कुमार आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## कन्नौज के युवाओं को मिलेगी आधुनिक खेल सुविधा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जनपद के युवाओं के खेल भविष्य को सवारने के लिए समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बड़ी पहल की है। उन्होंने विधायक निधि से ?24.99 लाख की धनराशि स्वीकृत कर रामलीला ग्राउंड पर सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। इसके लिए कार्यदायी संस्था के रूप में यूपी सिडको को नामित किया गया है। राज्य मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजकर इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह कोर्ट न केवल युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि कन्नौज में खेल संस्कृति को भी नई दिशा देगा।

रामलीला ग्राउंड पर बनेगा सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट

### खेलों को मिलेगा बढ़ावा

**कन्नौज।** मंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस कोर्ट के निर्माण से बास्केटबॉल समेत अन्य खेलों को भी बढ़ावा मिलेगा। यह मैदान नई प्रतिभाओं को सामने लाने और उन्हें उचित प्रशिक्षण देने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनपद को और भी खेल सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

### स्थानीय युवाओं में उत्साह

**कन्नौज।** इस घोषणा के बाद स्थानीय युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। युवाओं का कहना है कि अब उन्हें बास्केटबॉल जैसे आधुनिक खेलों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। रामलीला ग्राउंड पर बनने वाला यह कोर्ट उन्हें न सिर्फ अभ्यास का अवसर देगा, बल्कि प्रतियोगिताओं के आयोजन की राह भी खोलेगा।

# धूमधाम से मना साईं मीर ध्यान मंदिर का षष्टम स्थापना दिवस





**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

### भंडारे के साथ हुआ द्विदिवसीय आयोजन का समापन

सांई मीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, शिर्डी धाम के परिसर स्थित सांई मीर ध्यान मंदिर में षष्टम स्थापना दिवस के द्विदिवसीय आयोजन का समापन विशाल भंडारा के साथ हुआ। शिर्डी से आये पुरोहित चन्द्रशेखर कुलकर्णी, सहयोगी आचार्यगण वैभव, योगेश, बाला साहब ने सांई मीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन शिर्डी धाम के चेयरमैन डॉ जितेन्द्र सिंह यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर मैडम डॉ अनीता रंजन के सानिध्य में पूजन प्रातः 6 बजे, श्री साईबाबा जी की काकड आरती, इसके पश्चात बाबा का रूद्र अभिषेक, श्रृंगार, छाटी आरती प्रातः 8- बजे से आचमन, प्राणायाम, अभिषेक पूजन, स्थापित देवता पूजन, विशेष हवन उपरान्त, क्षेत्रपाल बली पूजन, यज्ञ की पूर्णाहूती, श्री सांई बाबा की माध्यान्ह आरती दोपहर 12 बजे हुई। प्रसाद वितरण तथा भण्डारा के साथ षष्टम स्थापना दिवस समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर सांई मीर ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट के डॉ अर्पित कटियार, डा सुधीर कुमार बघेल, मनोज कुमार, सुनील यादव, विवेक कुमार, शिवाकान्त, अनुज कुमार, अतुल यादव, रामप्रीत राम, उमांस नारायन अवस्थी, अरुण कुमार, रजत शाक्य, दीपक कुमार, रेहान, राहुल शाक्य, खुशबू वर्मा, शर्मिला मौर्य, निशा यादव, अनुरागिनी, दीपा राजपूत, अलसिफा, सुजाता शाक्य, काजल त्रिपाठी, पारुल त्रिपाठी, अदिति शर्मा, मयंक सक्सेना, संतोष कुमार, अमर सिंह, प्रियोजन सिंह, दिलीप कुमार, योगेन्द्र सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, आशीष द्विवेदी, अमितलता, हिमानी बर्थवाल, अनुज कुमार, संजीव कुमार, आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे। सभी ने समस्त विश्व के कल्याण की कामना की।

# राम जन्मोत्सव पर भक्ति में सराबोर हुए श्रोता



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के मिरगावां श्री ग्रामेश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति की अविरल धारा बही। कथा व्यास कनक पांडेय ने नारद मोह प्रसंग और भगवान श्रीराम के जन्म की कथा का अत्यंत भावुक चित्रण किया। कथा के भावपूर्ण क्षणों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूज्या कनक पांडेय ने बताया कि कैसे त्रिकालदर्शी नारद मुनि भी प्रभु की माया से प्रभावित होकर मोह में फंसे, तो वातावरण गंभीर हो गया। उन्होंने समझाया कि यह प्रसंग हमें बताता है कि ज्ञान और भक्ति दोनों के संतुलन से ही मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। वहीं, श्रीराम जन्म का उत्सव प्रारंभ होते ही पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों की आंखें प्रभु प्रेम में छलक पड़ीं और हर ओर भक्ति का उत्सव दिखाई देने लगा। श्रद्धालुओं ने कहा कि कनक पांडेय की कथा से न केवल धर्म का संदेश मिला, बल्कि जीवन की दिशा भी स्पष्ट हुई।

## दंपति के साथ मारपीट और धमकी का मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बहवलपुर गांव में 4 अक्टूबर की शाम 6 बजे सोनू कश्यप और उनकी पत्नी सुशीला के साथ दबंगों ने मारपीट करते हुए तमंचे के बल पर जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित दंपति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

सोनू के अनुसार अजय शाक्य, मोनू शुक्ला और दो अन्य अज्ञात लोग नशे में उनके घर पर आए और गालियां दी। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। घर में घुसकर दबंगों ने उनकी पत्नी सुशीला को भी बाल पकड़कर जमीन पर गिराया और दोनों को गंभीर चोटें पहुंचाईं। गांव वालों के शोर मचाने पर दबंग तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# 51 पौधे रोपकर मनाया पुत्र का जन्मदिन



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक एवं विख्यात पर्यावरणविद् रंजू सिंह लकी ने 51 पौधे रोप कर अपने पुत्र कृष्णा का जन्मदिन मनाया और सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

रंजू सिंह लकी ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरेन्द्र कुमार यादव चतुरीपुर सहित चौधरी वीरभान सिंह शिक्षा सदन इंटर कॉलेज और बीआर शिक्षा सदन डिग्री कॉलेज में 51 पौधे रोप कर सभी से अपने या बच्चों के जन्मदिन पर पौधारोपण की अपील की। उन्होंने लोगों से पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और पौधरोपण को बढ़ावा देने का आह्वान किया। हरेन्द्र यादव ने सभी से अपील करते हुए कहा अपने और अपने बच्चों के जन्मदिन पर कम से कम पांच-पांच पौधे लगाएं, ताकि पर्यावरण संरक्षण में योगदान हो सके। इस नेक पहल में एडवोकेट सुमित कुमार यादव, पवनेश यादव, कृष्ण प्रताप, दुष्यंत कुमार यादव, अंजली, पारुल सहित कई लोग शामिल हुए।

## अजय राय के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से उत्सव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का 57वें जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले अजय राय के चित्र पर माल्यार्पण किया, उसके बाद केक काटा और लड्डू बांटकर खुशियां बांटीं। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष विनोद दुबे ने कहा कि अजय राय वाराणसी से लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन कर जीत की ओर अग्रसर थे, लेकिन वोट चोरी की साजिश से उन्हें हराया गया। उन्होंने कहा कि आने वाला भविष्य कांग्रेस का है। 2027 में उत्तर प्रदेश में महागठबंधन की सरकार बनेगी, जबकि 2029 में राहुल गांधी के नेतृत्व में महागठबंधन केंद्र में सत्ता संभालेगा। दुबे ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस उत्सव में पीसीसी सदस्य एवं प्रदेश महासचिव संजय पौल, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार दुबे पप्पू, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान, आशाराम, राजू खान, मेहराज वारसी, शेरा खान सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झांकियों के साथ निकली महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा

### पूजन करके विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने किया शुभारंभ



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

श्री महर्षि सेवा समिति के तत्वावधान में मनमोहक झांकियों के साथ महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन करके शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं। उन्होंने प्रभु श्रीराम के जीवन काल में विश्व प्रसिद्ध कालजई कृति रामायण महाकाव्य की रचना की थी। उनके द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे व ईओ सुनील कुमार सिंह आदि ने भी महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण किया। सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा सभासद किशनलाल वाल्मीकि ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट करके अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान अमरदीप, देवेंद्र, सुभाष चंद्र, गोपाल, कैलाश, सूरज, सुरेश चंद्र, अजय, विनोद, बृजेश व कालका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

शोभा यात्रा में कई जीवंत झांकियों सहित डीजे एवं बैंड शामिल थे। यह विशाल शोभा यात्रा पश्चिमी बाईपास से तिरंगा तिराहा और फिर तहसील परिसर होते हुए मोहल्ला कस्सा बान स्थित वाल्मीकि मंदिर तक निकाली गई। पुरानी गल्ला मंडी के पास उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के महामंत्री दीपांक दुबे, सत्यनारायण वर्मा, अमित भारतीय, संजीव गुप्ता गांधी, प्रियांशु गुप्ता, ताशु गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता एवं रामू आदि ने स्वागत किया।

पुराने सौरिख बस स्टॉप के पास रामलीला कमेटी के अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा, महामंत्री कौशलेंद्र सिंह श्यामू चौहान, अनुराग त्रिपाठी, शैलेंद्र दुबे लालू, मोहित दुबे, पिंकू दीक्षित, सर्वेश कुमार चौरसिया, हिमांशु चौहान, पंकज दुबे, टिंकू दीक्षित, अजीत शुक्ला, अश्वनी कुमार अवस्थी, अनुराग अग्निहोत्री, अंकुर दीक्षित, आचार्य प्रशांतानंद चंदन, टीटू अग्निहोत्री, बब्बा यादव आदि ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

# मानसिक स्वास्थ्य महत्व के प्रति किया जागरूक

### मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली




रैली निकाल जागरूक करते छात्र- छात्रा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में चल रहे मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और क्षेत्रवासियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया।

रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, भावनात्मक संतुलन और आत्म- जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश दिए। बच्चों ने पोस्टर, नारे और स्लोगन के माध्यम से लोगों का ध्यान मानसिक स्वास्थ्य की ओर आकर्षित किया। विद्यालय के प्राचार्य संदेश कुमार पाण्डेय ने मानसिक स्वास्थ्य को जीवन का अहम हिस्सा बताया। और कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही जरूरी मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी है। विद्यार्थियों को इस दिशा में जागरूक करना आज की आवश्यकता है। परामर्शदाता विष्णु कटियार ने भी रैली के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्टाफ रहा।

# कुरसेड़ा गांव से देवकली मंदिर तक दंडवत यात्रा पर निकले रामजी



**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

ग्रेट इंडिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम कुरसेंडा से देवकली मंदिर, औरैया तक दंडवत यात्रा पर निकले भक्त राम जी तिवारी का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। जनसमूह की उपस्थिति में फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया गया और उनकी आस्था एवं संकल्प को प्रणाम किया गया।गौरतलब है कि राम जी तिवारी कुछ ही दिनों पहले जालौन स्थित देवी मंदिर एवं रतनगढ़ माता मंदिर तक की कठिन दंडवत यात्रा पूरी कर चुके हैं। अब एक बार फिर वे गहन श्रद्धा के साथ देवकली माता के दर्शन हेतु दंडवत यात्रा पर हैं। ग्रेट इंडिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि रामजी तिवारी की यह आस्था और संकल्प आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर संगठन के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय श्रद्धालु भी मौजूद रहे। भक्त रामजी की यह यात्रा न सिर्फ धार्मिक विश्वास का प्रतीक है।

## बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**जालौन,उरई।** बाइकों की आमने सामने भिडंत में दो लोग घायल हुए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगनेवा निवासी दयाशंकर (45) किसी काम के चलते अपने गांव से जालौन आ रहे थे। वहीं, कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुरा निवासी लालजी सिंह (55) भी औरैया की ओर से जालौन की ओर आ रहे थे। जब वह जगनेवा मोड़ के पास पहुंचे तभी दोनों बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना यूपी 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी पहुचांया गया।

# पोस्ट आफिस में काउंटर पर रखे 35 हजार रुपये गायब



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पोस्ट आफिस मे रूपये जमा करने आए ग्राहक के साथ टप्पेबाजी हो गई। काउन्टर पर रखे उसके 35 हजार गायब हो गये।

मंगलवार दोपहर नगर निवासी लड्डन नामक व्यक्ति मुख्य बाजार स्थित डाकघर में खोले गए खाते में 35 हजार रुपये जमा करने आया था। इस दौरान उसने रूपये का बण्डल जमा करने के लिए काउन्टर पर रखा था लेकिन इसी दौरान उसके मोबाइल पर काल आ गयी थी और वह बात करने मे व्यस्त हो गया था और मौका देख किसी ने काउन्टर पर रखे गये रूपये पार कर दिए थे जब उसने देखा तो होश उड गये थे और आनन फानन उसने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। टप्पेबाजी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेकर टप्पेबाज की तलाश शुरू कर दी है।

# पर्वतपुरा सहकारी समिति में एसडीएम ने देखी खाद वितरण की व्यवस्था

### मौके पर मिले किसानों से संवाद कर जानी हकीकत

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**



खाद के भंडारण का निरीक्षण करते एसडीएम विनय मौर्य।

एसडीएम विनय मौर्य ने बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति, पर्वतपुरा का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉक और वितरण प्रणाली का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही किसानों के साथ संवाद भी किया।

एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने मंगलवार को बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति, पर्वतपुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति की भंडारण व्यवस्था, वितरण प्रणाली, स्टॉक पंजीयन और विक्रय रजिस्टर'' का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि समिति पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है और किसानों को नियमित रूप से निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने किसानों से संवाद भी किया और उनसे उर्वरक उपलब्धता, मूल्य एवं वितरण संबंधी जानकारी ली। एसडीएम ने समिति के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसी भी किसान को उर्वरक लेने में अनावश्यक परेशानी न हो, वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। स्टॉक और विक्रय रजिस्टर दुरुस्त रखा जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने समिति द्वारा संचालित महासदस्यता अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में समिति की सदस्यता ग्रहण करें, ताकि सहकारिता आंदोलन मजबूत हो और सामूहिक भागीदारी से ग्रामीण विकास की दिशा में नई ऊर्जा का संचार हो सके। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े और उन्हें निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध हो सके। बताया कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सहकारी समिति अपने चहेतों को रात में बांट रहा खाद

**रामपुरा (जालौन)।** साधन सहकारी समिति में खाद वितरण को लेकर धांधली का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि समिति से रात के अंधेरे में अपने चहेते लोगों को खाद दी जा रही है, जबकि जरूरतमंद किसान एक-एक बोरी के लिए भटक रहे हैं। विकासखंड रामपुरा अंतर्गत साधन सहकारी समिति नावर से देर रात खाद वितरण किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। क्षेत्रीय किसान रामदुलारे कुशवाहा, सहदेव सिंह, भारत सिंह और सिमरन ने समिति के अध्यक्ष और सचिव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। समिति के पदाधिकारी पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए अपने नजदीकी लोगों को जरूरत से अधिक खाद दे रहे हैं, जबकि छोटे और गरीब किसान दिनभर लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौट रहे हैं। कुछ किसानों ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि उन्होंने सचिव से बात कर ली है और उन्हें आश्वासन दिया गया है कि रात में खाद मिल जाएगी।

# करवाचौथ पर बाजार में खरीदारी के लिये महिलाओं की उमड़ी भीड़

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**

सुहागिनों का प्रिय पर्व करवा चौथ नजदीक आते ही नगर के बाजार में रौनक बढ़ गई है। महिलाएं संवरने और व्रत की तैयारियों में व्यस्त है।

करवाचौथ का पर्व नजदीक आ रहा है। करवाचौथ को पर्व को देखते हुए नगर की सड़कों पर भीड़ उमड़ रही है। बाजार में महिलाएं खरीदारी में व्यस्त हैं। नगर के बाजार झंडा चौराहा और आसपास दुकानों पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रृंगार सामग्री, मेकअप किट, बिंदी, चूड़ियां, कंगन, साड़ियां और सूट की खरीदारी जोरों पर है। बाजार में नई नई डिजाइन की साड़ियों की भरमार है। महिलाएं अपनी पसंद की साड़ियां खरीद रही है महिलाओं के लिए उन्हें बस साड़ी पसंद आना चाहिए कीमत की फिक्र नहीं है। दुकानदार भी महिलाओं को उनकी पसंद की साड़ियां पसंद कराने में परहेज नहीं कर रहे हैं। शाम तक दुकानों पर खुली हुई साड़ियों के ढेर लग जाते हैं। इसी तरह मकअप किट और अन्य सामान की बिक्री भी हो रही। करवा के लिए भी आधुनिक सजे हुए करवा की मांग है। कॉस्मेटिक विक्रेता जाफर सिद्दीकी ने कहा कि करवा चौथ पर महिलाएं पारंपरिक श्रृंगार के साथ आधुनिक स्टाइल को भी अपनाना पसंद कर रही हैं।

## रोडवेज बस स्टैंड पर लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा हो स्थापित

**जालौन (उरई)।** नगर में निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टैंड का नाम लाल बहादुर शास्त्री रोडवेज बस स्टैंड किए जाने बस स्टैंड पर लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग करते हुए भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री ने सदर विधायक को मांग पत्र सौंपा है। भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री प्रदीप सक्सेना ने सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा को मांग पत्र सौंपकर बताया कि नगर के चुर्खीरोड पर रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस बस स्टैंड का नामकरण भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के नाम पर किया जाए। रोडवेज बस स्टैंड का नाम लालबहादुर शास्त्री रोडवेज बस स्टैंड किया जाए। इसके साथ बस स्टैंड परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा भी स्थापित कराई जाए।

# एफएसएल रिपोर्ट में मीथेन गैस से कोचिंग सेंटर में हुआ विस्फोट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन सातनपुर मंडी में एक कोचिंग सेंटर में हुए विस्फोट के बाद लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे थे, लेकिन इन कयासों पर उस समय विराम लग गया, जब एफएसएल रिपोर्ट में मीथेन गैस से विस्फोट होने की पुष्टि हुई।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट क्षेत्र स्थित एक कोचिंग सेंटर में हुए धमाके के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) की रिपोर्ट में बारूद या किसी विस्फोटक पदार्थ के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया है कि धमाका सेफ्टी टैंक में वेंटिलेशन की कमी और मीथेन गैस के जमाव के कारण हुआ था। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह ने बताया कि एफएसएल की जांच रिपोर्ट के अनुसार यह कोई बारूदी विस्फोट नहीं था, बल्कि गैस प्रेशर से हुआ हादसा था। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान एटीएस और फोरेंसिक टीमों ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए थे। रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद अब यह साफ हो गया है कि हादसा तकनीकी कारणों से हुआ। किसी साजिश या आपराधिक गतिविधि से इसका कोई संबंध नहीं है। थाना कादरीगेट क्षेत्र के एक कोचिंग सेंटर में अचानक हुए विस्फोट में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जबकि पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए थे। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी। घटना के बाद सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्मों पर बारूद से विस्फोट होने की अफवाहें तेजी से फैल गई थीं। जिससे लोगों में दहशत का माहौल था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एटीएसए बम निरोधक दस्ते और फॉरेंसिक टीम को जांच में लगाया था। टीम ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण कर विभिन्न सैंपल जांच के लिए भेजे थे। एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली है। एएसपी डॉ0 संजय कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी असत्य जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें।



धमाके के बाद क्षतिग्रस्त हुई थी बिल्डिंग का मलबा

# शरद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगायी डुबकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर पांचाल घाट गंगा में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कुछ लोगों ने सत्यनारायण की कथा का आयोजन भी किया। दोपहर तक सैकड़ों लोगों ने गंगा स्नान कर गंगा मइया का पूजन किया। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद सबसे पहले सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। इसके बाद गंगा मइया की पूजा और आरती की गई। मैनपुरी से आए श्रद्धालु चंद्रपाल ने बताया कि वह परिवार सहित शरद पूर्णिमा का स्नान करने आए थे और प्रातः ही डुबकी लगाकर पूजन कर लिया। घाट के पुरोहित राजकरन ने कहा कि अन्य जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शरद पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने पहुंचे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पांचाल घाट पर दोनों तरफ पुलिस बल तैनात रहा। इसके अलावा गोताखोर भी मौजूद थे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और गहरे पानी में न जाने के लिए संकेतांक लगाए गए। इसके साथ ही ड्रोन निगरानी से घाट पर नजर रखी गई। श्रद्धालुओं ने शरद पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर अपनी आस्था और भक्ति का परिचय दिया। प्रशासन और पुलिस के सतर्क रहने से यह आयोजन शांति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।



गंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु

# दो सगे भाइयों सहित छः लोग को आगजनी के मामले सात-सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▶ **प्रत्येक आरोपियों को दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से भी किया दंडित**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने आगजनी के मामले में सम्भारी पुत्र इच्छाराम निवासी कड़हर कमालगंज, बुद्धा उर्फ पुरुषोत्तम पुत्र रघुवीर सहाय, बब्बू पुत्र सदानंद निवासीगण खुटिया कमालगंज, सुरेश, श्यामनारायन पुत्रगण राधाकृष्णन निवासीगण बांकापुरवा कमालगंज, दिनेश पुत्र स्व0 ओंकार निवासी बारामऊ हरदोई को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सभी आरोपियों को सात-सात वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। बीते 29 वर्ष पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के गंगापार में बदमाश मटरू अक्सर आकर ग्रामवासियों को परेशान करता रहता था। पिछले शुक्रवार को गांव वालों ने एक राय होकर बदमाश मटरू को दौड़ाकर भगाया था। तब मटरू ने गांव फूंकने व जान से मारने की धमकी दी थी। दिनांक 14 दिसंबर 1996 को सुबह लगभग आठ बजे मटरू अपने गिरोह के अन्य साथियों बब्बू, कन्हैयालाल, सुम्भारी, श्याम नारायन, सुरेश, दिनेश, मुन्नू को साथ लेकर आया। यह लोग नाजायज हथियारों से लैस होकर गांव के पास आकर फायरिंग करने लगे। गांव वाले डर की वजह से घर छोड़कर भाग गए। तब उन लोगों ने घर पर धाबा बोलकर घरों में आग लगा दी और घरेलू सामान आग में फेंक दिया। आग से मगनलाल, सामंत, श्यामसुंदर, सुनील, सुक्खा, जयराम, अवनीश, हरिश्चन्द्र के घर जलकर राख हो गये। जिसमें कीमती सामान जल गया था। चीख पुकार सुनकर गांव के कई लोग आ गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय, अनुज प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने सुम्भारी, बुद्धा उर्फ पुरूषोतम, सुरेश, श्यामनारायन, दिनेश, बब्बू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# बाजारों में करवाचौथ की रौनक, महिलाओं ने शुरू की खरीददारी



करवाचौथ के लिए खरीददारी करतीं महिलाएं

**मिट्टी के करवा कर रहे हैं ट्रेंड**

जब भी बात हो करवाचौथ की और मिट्टी के कलश की याद न आए ऐसा तो हो ही नहीं सकता। जी हां! इन दिनों यहां पर मिट्टी के कलशों के ऊपर ऐसी कारीगरी की गई है जो देखते ही हर कोई इनको खरीदने को आतुर हो जाता है। यही कारण है कि इन दिनों मिट्टी से तैयार करवां काफी ट्रेंड कर रहे हैं। इनके ऊपर मूंगा और सितारों के द्वारा सजावट की गई है। जो इनकी सुंदरता में चार चांद लगा रही हैं।

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मुख्य बाजारों में करवाचौथ की रौनक देखने को मिलने लगी है। महिलाएं जमकर खरीदारी कर रही हैं। करवाचौथ पर पूजन की सामग्री में मुख्य रूप से करवा, दीपक, छलनी और अन्य सामानों का प्रयोग किया जाता है। नगर के यादव मार्केट, सेठ गली, फतेहगढ़ चूड़ी बाजार, पल्ला मटिया बाजार, स्टेट बैंक गली बाजार में भीड़ उमड़ रही हैं। करवा चौथ के पर्व पर विवाहितायें व्रत रखकर अपने पति की सुख समृद्धि, दीर्घायु की कामना करतीं हैं।

हिन्दू धर्म में इस त्योहार की बहुत मान्यता है। दुकानदार विश्वनाथ कश्यप ने बताया कि वह प्राचीन पर्वों की रीति को आज के समय में भी नहीं भुलाते हैं, बल्कि उसी में कुछ परिवर्तन करके आकर्षण बना देते हैं। ऐसे में मिट्टी के इन कलशों के ऊपर रखे हुए दीपक के साथ इस कलश की बिक्री होती है।

जिसे पूजा में बंद करके रख दिया जाता है। ऐसे में हर कोई इन नए प्रकार के कलशों, कैलेंडर, पुष्प, माला, सींक, गट्टा, चूरा, सिंदूर, कलश, अगरबत्ती, आरती, थाली, दीपक को खरीद रहे हैं। जिनके रेट 40 रुपए से लेकर 200 रुपए तक में सब कुछ मिल जाता है।

# गृह कलह के चलते महिला ने पीया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

**प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर**

जनपद कासगंज थाना पटियाली क्षेत्र के गाँव भरगैन निवासी शबाना उम्र 42 वर्षीय पत्नी अहमद ने गृह कलह के चलते जहरीला कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे प्राइवेट वाहन द्वारा गम्भीर हालत में कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# प्रधानी के चुनाव की रंजिश में घर पर चढ़कर ताबड़तोड़ फायरिंग, एक घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानी के चुनाव की रंजिश में दबंगों ने एक परिवार पर नाजायज असलहों व सरिया, डंडों आदि से हमला बोल दिया तथा ताबड़तोड़ फायरिंग की। फायरिंग में गोली लगने से एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गयी। घटना से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज क्षेत्र के गांव गौसपुर में सोमवार देर शाम प्रधानी की रंजिश को लेकर प्रधान उवैस आलम ने अपने समर्थक शहीद पुत्र रियाज, शहीद पुत्र कल्लू, करिया, रहीश, कामिल, अमन, सलमान आदि करीब 20-25 लोगों के साथ नाजायज असलहों चाकू, लाठी-डंडों व तमंचों से एक परिवार पर हमला बोल दिया तथा ताबड़तोड़ फायरिंग की। घटना में एक सलमान गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दो युवक बाल-बाल बच गए। गोली से घायल सलमान निवसाी गौसपुर को उसका भाई सीएचसी कमालगंज लाया। जहां उसका उपचार जारी है। घायल के भाई ने बताया गोली उसके भाई के सिर के ऊपर से और हाथ के पास से निकल गई। जिससे वह घायल हो गया। फायरिंग की सूचना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची कमालगंज पुलिस ने हालात को काबू में किया और घटना की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह विवाद गांव की प्रधानी की चुनावी रंजिश से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और झगड़े की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और सभी आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। खबर लिखे जाने तक थाने में किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी हैं।



घटना की जानकारी देता पीड़ित का भाई



अस्पताल में मौजूद घायल

# राजेपुर थाने में खड़े लावारिश वाहनों की हुई नीलामी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाने में वर्षों से खड़े वाहनों की नीलामी एसडीएम कने नेतृत्व में की गयी। नीलामी में एटा के व्यवसायी ने सर्वाधिक बोली लगायी।

जानकारी के अनुसार राजेपुर थाने में मंगलवार दोपहर लावारिश वाहनों की नीलामी की गई। सदर फर्रुखाबाद के उप जिलाधिकारी अतुल कुमार के नेतृत्व में हुई इस नीलामी में एटा निवासी सौरभ गुप्ता ने सबसे ऊंची बोली लगाई। नीलामी प्रक्रिया दोपहर 2 बजे शुरू हुई। इसमें कुल छह दुकानदारों ने हिस्सा लिया। नीलामी के लिए नौ बाइक, दो टेंपो और एक वैन शामिल थी। बोली की शुरुआत 70,000 रुपये से शुरु हुई। एटा निवासी सौरभ गुप्ता पुत्र मुकेश गुप्ता ने 76,000 रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर लावारिश वाहन अपने नाम किए। उन्हें ये वाहन सुपुर्द कर दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अतुल कुमार, राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार और दीवान महेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



नीलाम किये गये वाहन

# जांच में गोली मारने की घटना निकली फर्जी, शांतिभंग में चालान

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

▶ **पुलिस को झूठी सूचना देने के आरोप में दो युवको पर की गई कार्यवाही : थाना प्रभारी**

शराब के लिए रुपए न देने पर दो पक्ष आमने सामने हो गए। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गोली मारने का आरोप लगाया। एक पक्ष से वृद्ध गोली लगने से घायल भी हो गए। पुलिस जांच में गोली कांड की सूचना झूठी निकली। दोनों पक्षों से दो युवकों का शांति भंग में चालान किया गया।

क्षेत्र के गांव सिरसा शादनगर निवासी सहवीर यादव व उनका भतीजा पुष्पेंद्र से शराब पीने के लिए रुपए लेनदेन में विवाद हो गया। दोनों में गाली गलौज होने लगी। विवाद बढ़ने पर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगाया। सहवीर के पुत्र मनोज ने अपने पिता को गोली लगने की सूचना पुलिस को दी। जबकि दूसरे पक्ष से पुष्पेंद्र ने स्वयं को गोली लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सहवीर को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया रेफर किया गया। पुलिस ने मंगलवार सुबह मनोज व पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में युवकों ने बताया कि शराब पीने को लेकर विवाद हो गया था। जिसमें सहवीर व पुष्पेंद्र मारपीट के दौरान नाली में गिर गए। जिससे उनके चोट लग गई। उन्होंने गोली लगने की झूठी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने दोनों युवकों का शांतिभंग में चालान कर दिया। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया दो युवकों का झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने में शांति भंग में चालान किया गया है। दोनों पक्षों ने तहरीर नहीं दी है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एंटी रोमियो टीम ने कंपिल में मिशन शक्ति अभियान फेस 5.0 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम चलाया। टीम ने भीड़भाड़ वाले बाजार इलाकों में जाकर बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया। इस दौरान टीम ने विभिन्न आपातकालीन सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इनमें 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 वूमेन हेल्पलाइन, 102 गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु के लिए एम्बुलेंस और 101 अग्निशमन सेवा शामिल थी। टीम द्वारा मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी हेल्पलाइन नंबर 1076 के उपयोग के बारे में भी बताया गया। इसके अतिरिक्तए टीम ने बालिकाओं और महिलाओं को साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए। उन्हें किसी भी अनजान लिंक को खोलने से बचने की सलाह दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में महिला दरोगा नीतू सिंह और महिला आरक्षी प्रिया तोमर सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जागरुक करती पुलिस

# बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

महिला ने थाना पुलिस को पुत्री को भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार कमालंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि दिनांक 06.10.25 को समय दोपहर करीब 1:30 बजे मेरी पुत्री को निखिल पुत्र रक्षपाल निवासी ग्राम पसई नगला थाना कमालगंज बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। खोजबीन की, लेकिन पुत्री का पता नहीं चला। मुझे आशंका है कि मेरी पुत्री को भगाने में निरंजन पुत्र हरिप्रसाद व राहुल पुत्र बल्लू राजपूत निवासी ग्राम पसई नगला थाना कमालगंज का सहयोग है।

# बाल्मीकि जयंती पर नगर पालिका परिषद कायमगंज में हुआ कार्यक्रम

▶ **देर शाम वाल्मीकि समाज ने नगर में निकाली शोभायात्रा**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद कायमगंज में अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार एवं अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महर्षि वाल्मीकि से जुड़ी कई दिलचस्प कहानियां प्रचलित हैं। ऐसा कहा जाता है कि उनका असली नाम रत्नाकर था और वे पहले एक डाकू थे। एक बार उनकी मुलाकात नारद मुनि से हुई। जिन्होंने उनसे पूछा क्या तुम्हारे द्वारा किए गए पापों का परिणाम तुम्हारे परिवार को भुगतना पड़ेगा। जब रत्नाकर ने यह प्रश्न अपने परिवार से पूछा, तो कोई भी जिम्मेदारी स्वीकार करने को तैयार नहीं हुआ। इस बात से उनका मन बदल गया और उन्होंने पाप छोड़कर कठोर तपस्या करना शुरू कर दिया। तपस्या के बाद उन्हें ब्रह्मदेव का दर्शन हुआ। जिन्होंने उन्हें भगवान श्रीराम के जीवन पर ग्रंथ लिखने का आदेश दिया। इसके बाद उन्होंने रामायण की रचना की और वे दुनिया के पहले कवि के रूप में प्रसिद्ध हुए।

कहा यह भी जाता है कि जब भगवान श्रीराम ने माता सीता को वनवास भेजा तब महर्षि वाल्मीकि ने उन्हें अपने आश्रम में शरण दी थी। इसी आश्रम में लव और कुश का जन्म हुआ और उन्होंने यहीं पर शिक्षा तथा युद्ध.कला का ज्ञान प्राप्त किया। कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक अंशुमान, आनंद शुक्ला, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार, आजाद, विजय कुमार, निखिल कुमार नगर पालिका के इत्यादि कर्मचारी उपस्थित रहे।

**वहीं दूसरी ओर** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार देर शाम नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वाल्मीकि समाज द्वारा निकाली गयी इस शोभायात्रा में राम दरबार और लवकुश की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जयघोष करते हुए नगर में भक्तिमय और उत्सव का माहौल बना दिया।

नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा शिवाला भवन गंगा दरवाजा से शुरू हुई। इसके बाद यात्रा लोकमान रोड, मुख्य चौराहा, पृथ्वी दरवाजा, जटवारा रोडए गल्ला मंडी, लोहाई बाजारए श्यामागेट और बजरिया जैसे नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नई बस्ती पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में महर्षि वाल्मीकि, राम दरबार और लवकुश की आकर्षक झांकियों ने लोगों का ध्यान खींचा। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के सतीश, राहुल, ब्रजेशए सौरभ, अमर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद नगर पालिका के कर्मचारीगण



नगर में शोभायात्रा निकालते वाल्मीकि समाज के लोग

# एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरूक



महिलाओं को जागरुक करतीं महिला पुलिसकर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला पुलिस काफी सक्रिय दिखायी दे रही है। वह महिलाओं व युवतियों को जागरुक कर रही है। साथ ही हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दे रही है। इसी क्रम में नवाबगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत एंटी रोमियो टीम ने भीड़भाड़ वाले इलाकों और बाजारों में जाकर महिलाओं व युवतियों को जागरुक किया। इस दौरान टीम ने बालिकाओं और महिलाओं को विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों और उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्हें सुरक्षा और सहायता के लिए उपलब्ध संसाधनों से अवगत कराया गया। टीम द्वारा दी गई हेल्पलाइन नंबरों की सूची में महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 शामिल थे।

समृद्धि न्यूज़ — राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — समृद्ध समाज का आधार



# दो दिवसीय बौद्ध महोत्सव में आकर्षण का केंद्र रहा 20 कारीगरों का स्टॉल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ विकास आयुक्त हस्तशिल्प सेवा केंद्र बरेली के मुकेश पाठक ने किया निरीक्षण

बौद्ध नगरी संकिसा में लगने वाले मेले में प्रायोजित. विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार तथा गौतम बुद्ध डवलपमेंट सोसाइटी द्वारा 20 स्टॉल लगाये गए। जिसमें नीलम शाक्य टेक्सटाइल प्रिन्टिंग तथा राजेश्वरी देवी के जरी वर्क तथा आशीष कुमार टेक्सटाइल प्रिन्टिंग तथा रंजना यादव ज्वेलरी तथा ज्ञानी देवी जरी वर्क के स्टॉलों का मुख्य आकर्षण केंद्र रहा।

प्रथम दिन कारीगरों ने बौद्ध नगरी संकिसा के प्रमुख स्थलों जिस में मुख्य रूप से बहार से ही बौद्ध मन्दिर व बौद्ध स्तूप के बहार से ही दर्शन किये। कम्बोडिया मन्दिर के दर्शन किये। 20 कारीगरों ने अपने-अपने स्टॉलों को संभाला। सभी स्टॉलों का संस्था प्रबन्धक जे.पी. शाक्य तथा मेला प्रभारी राहुल शाक्य तथा मेला उप प्रभारी नागेन्द्र शाक्य ने निरीक्षण किया। जगमगाती लाइटों से स्टाल चमकते रहे।

सभी स्टालों पर विदेश एवं प्रदेशों से आये अनुयायियों ने स्टालों को देखा। लगभग पांच हजार बौद्ध अनुयायी पहुंचे। कारीगरों द्वारा उत्पादित माल की सराहना की गई। भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) सेवा केंद्र बरेली के मुकेश पाठक की टीम ने निरीक्षण किया। दूसरे दिन नीलम शाक्य को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। आशीष कुमार द्वारा केंद्रीय मंत्री जयवीर सिंह तथा सांसद मुकेश राजपूत एवं विधायक सुशील शाक्य ने स्टॉल को देखते हुए नीलम शाक्य एवं आशीष कुमार के कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान टेक्सटाइल प्रिंटिंग द्वारा रखे गये छपाई की सामग्री आदि के बारे में जानकारी दी गई। मुकेश पाठक ने कारीगरों से सवाल पूछे। कारीगर विनीता का स्टाल भी देखा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिये कई लाभकारी योजनायें चल रही है, उस का लाभ लेना चाहिए।



बौद्ध मेले में मौजूद जेपी शाक्य, नीलम शाक्य आदि

रंजना यादव के आर्टिफिशियल ज्वेलरी स्टॉल का निरीक्षण किया। रंजना यादव ने खुद बनाने का तरीका बताया। दीपक के टेक्सटाइल स्टॉल का निरीक्षण किया गया। तबस्सुम बेगम, अफताब जहां, अफशा, सुहाना के स्टालों की सराहना की। साथ ही गोविन्द, राम कृष्ण, वीरेन्द्र, नीलम शाक्य टेक्सटाइल प्रिन्टिंग का अवलोकन किया। नीलम शाक्य ने बताया कि हमारा ब्लाक प्रिन्टिंग व ड्रेस मेकिंग का टाइअप जयपुर टेक्सटाइल प्रिन्टिंग से है।

उन्होंने बताया कि आपका सहयोग मिला तो इसी हस्तशिल्पी कार्ड से विदेशों में स्टॉल लगाने का प्रोग्राम है। जे.पी. शाक्य ने बताया कि 2 दिनों में एक हजार लोगों ने उक्त स्टॉलों को देखा। नीलम शाक्य, राजेश्वरी देवी तथा अफशा बेगमख ज्ञानी देवी ने बताया कि हमारे उत्पादन माल के आर्डर भी मिला है।

## भाविप पदाधिकारियों ने गौशाला पहुंचकर की गौ सेवा



गौशाला में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वाधान में परिषद के सदस्य व पदाधिकारियों ने कमालगंज स्थित डॉ0 राकेश तिवारी की गौशाला में गौ सेवा की। राठी गाय, स्वर्ण कपिला गाय, बद्री गाय, कल्पवृक्ष, चंदन वृक्ष, सिंदुर वृक्ष, रुद्राक्ष वृक्ष आदि दुर्लभ चीजों के देखा। माता की जागरण का सभी सदस्यों को प्रसाद ग्रहण किया। परिषद के सदस्यों ने गौ सेवा की। सभी पदाधिकारियों ने डॉ0 राकेश तिवारी से भी मुलाकात की। इस अवसर पर अध्यक्ष रीता दुबे, संगठन सचिव राजेश चंद्र शुक्ला, डॉ0 संतोष पाठक, डॉ0 श्याम वर्मा, संजय दुबे, आर्यन वर्मा मौजूद रहे।

## सविता समाज ने मनायी वाल्मीकि जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सविता समाज द्वारा वैजनाथ गली में कैप्टन हरिराम श्रीवास्तव की अध्यक्षता में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनायी गई। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम श्रीवास्तव ने कहा कि वाल्मीकि ऋषि ने महान कार्य किया, रामायण लिखी। नाई समाज में सविता ऋषि, सेन ऋषि, अहर्त उपाली ऋषि तमाम ऋषि हुए। हमारा देश ऋषियों की तपोभूमि है। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था का रजिस्ट्रेशन 2025 से 2030 तक के लिए पूर्ण हो गया है। बाहरी जिलों में 30 जिलों में जिलाध्यक्ष रजिस्टर्ड है। जल्द ही इस माह शपथ ग्रहण कार्य होगा। इस मौके पर राकेश कुमार, हरिराम, रामचन्द्र, गयालाल, सुरेन्द्र,आशाराम, डॉ विजय, डॉ महेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ अवनीश, बाबा ओमशरन, अनिल, सुधीर आदि लोग मौजूद रहे।

# निषाद पार्टी ने मनाई महर्षि वाल्मीकि की जयंती




वाल्मीकि जयंती मनाते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महर्षि वाल्मीकि जयंती पवन ऑयल मील बढ़पुर में निषाद पार्टी द्वारा धूमधाम से मनायी गई।

अध्यक्षता अमरनाथ कश्यप ने की। सभी लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही वाल्मीकि समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले ओम प्रकाश वाल्मीकि, जयवीर वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि, मटरु वाल्मीकि, पंकज वाल्मीकि सम्मानित हुए।

इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप, फर्रुखाबाद विकास मंच के भइयन मिश्रा, कश्यप समाज के जिलाध्यक्ष सुरेश कश्यप, बाबूराम कश्यप, सुरेन्द्र पुजारी, जितेन्द्र कनौजिया, वीरपाल, मनोज कश्यप, मृदुला पाल, कैलाश कनौजिया, कुलदीप बाथम, मुनेश कश्यप, दुर्गेश कश्यप, मौजी लाल, रिशु वैद्य, प्रदीप सक्सेना, संजीव मिश्रा, अमरनाथ कश्यप मौजूद रहे।

# श्री रामलीला के मंच पर कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

▸ तुलसीदास की परंपरा को संरक्षण दें मानस प्रेमी डॉ. शिव ओम अंबर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री रामलीला मंडल एवं प्रमुख साहित्यिक संस्था अभिव्यंजना के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती भवन के प्रांगण में श्री राम काव्योत्सव का भव्य आयोजन राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अंबर की अध्यक्षता में हुआ।

उन्होंने समाज में साहित्य की भूमिका और आध्यात्मिक आयोजन के उपरांत साहित्यक आयोजन कराने की संत मुरारी बापू द्वारा स्थापित परंपरा का निर्वाह करने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि कवियों को प्रश्रय देकर महात्मा तुलसीदास की परंपरा को जीवंत बनाए रखें। श्री रामलीला मंडल के बैनर पे रामलीला के बाद हुआ प्रथम साहित्यिक आयोजन रहा। श्री रामलीला मंडल की पदाधिकारी व कवित्री प्रीति पवन तिवारी के संयोजन में तथा युवा कवि वैभव सोमवंशी के संचालन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। डॉ. शिव ओम अंबर, नलिन श्रीवास्तव, बृज किशोर सिंह किशोर, महेश पाल सिंह उपकारी, डॉ. कृष्णकांत अक्षर, उत्कर्ष अग्निहोत्री, उपकार मणि उपकार, प्रतिभा कु0 वैशाली, स्मृति अग्निहोत्री, राज गौरव पांडेय, निमिष टंडन आदि




काव्यपाठ करते डॉ. शिवओम अम्बर

कवियों ने काव्यपाठ किया। सदानंद शुक्ला, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह राजावत, संस्कार भारती के अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, अभिव्यंजना से समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह, व्यापारी नेता संजय गर्ग, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, कृष्ण कन्हैया सक्सेना, प्रमोद गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, अशोक मिश्रा, राघव दत्त मिश्रा, रोहित शर्मा, नारायण दत्त दत्त द्विवेदी, आचार्य विवेकानंद, आलोक रायजादा, पुरुषोत्तम शुक्ला, अनिल सिंह, अशोक मिश्रा, डॉ. संदीप चतुर्वेदी, अनुराग पाण्डेय, धीरेन्द्र सारस्वत (धीरू), विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे। श्री राम विविध कला केंद्र के संस्थापक विजय दुबे मटर लाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया व रामलीला मंडल के मंत्री बड़े सक्सेना ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्वदेशी अपनायें, भारत को आत्मनिर्भर बनायें: मुकेश राजपूत



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वार्ता के दौरान सांसद व अन्य जनप्रतिनिधि

सांसद मुकेश राजपूत ने भाजपा कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें और स्वदेशी वस्तुओ का प्रयोग करे।

जिससे देश मजबूत हो और 2047 तक विकसित भारत बन सके। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान भारत ने एक नहीं दो वैक्सीन बनाकर देश के करोड़ों लोगों की जान बचाई और करीब 100 देश को वैक्सीन की सप्लाई कर मदद की है। कोविड महामारी फैलने से पहले ही भारत ने कोविड के आवश्यक उपकरण बना बना लिए थे, जिस कारण पूरे विश्व के लोग भारत से कोविड वैक्सीन मांगने लगे और उन्हें पहुंचायी गई थी। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सांसद ने नौजवानों सहित सभी से स्वदेशी सामान खासकर लोकल सामान खरीद कर मेहनती लोगों की मदद करने की अपील की। उन्होंने कोई भी हुनर सीख कर दूसरे को सिखाकर आत्मनिर्भर बनाने का आवाह्न किया। उन्होंने जल को बर्बाद न कर ऊर्जा की भी बचत करने की बात कही।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी के नारे को साकार करने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा ने पूरे प्रदेश में स्वदेशी सामान खरीदने का बूथ लेवल तक अभियान चलाया है। युवा व महिला मोर्चा के सम्मेलन आयोजित कर स्वदेशी सामान खरीदने का जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के दौरान प्रचार के लिए यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने दीपावली के त्योहार पर स्वदेशी लोकल सामान खरीदने को कहा। इस मौके पर विधायक सुशील शाक्य, हिमांशु गुप्ता, अभिषेक त्रिवेदी, सुनील रावत, शिवांग रस्तोगी मौजूद रहे।

# आर्य समाज ने यज्ञ कर मनायीं वाल्मीकि जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महर्षि वाल्मीकि जयंती के पर आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में खुदागंज क्षेत्र के रम्पुरा में विद्वत गोष्ठी एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज के वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन दर्शन को अपनाने पर जोर दिया। सभी श्रद्धालुजनों ने वैदिक मंत्रों से यज्ञ में आहुतियां देकर लोक कल्याण की कामना की। वैदिक विद्वान आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के आदिकवि और महान वैदिक ऋषि थे। उनका जीवन सत्य, तपस्या और ज्ञान का प्रतीक है। वाल्मीकि ने रामायण की रचना की।

जिसे आदिकाव्य कहा जाता है। यह ग्रंथ केवल कथा नहीं, बल्कि वैदिक आदर्शों का जीवन्त स्वरूप है। इसमें सत्य, धर्म, मर्यादा, त्याग और भक्ति जैसे गुणों का सुंदर निरूपण मिलता है। श्रीराम के जीवन के माध्यम से उन्होंने मानवता को यह सिखाया कि धर्म पालन और सत्य मार्ग पर चलना ही जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है। वैदिक दृष्टि से वाल्मीकि का जीवन सत्यं वद, धर्मं चर के सिद्धांत का अनुपालन है। वे एक आचार्य के रूप में लव और कुश को वेद, नीति और धर्म की शिक्षा देते थे। उनका जीवन यह प्रमाणित करता है कि कोई भी व्यक्ति साधना और ज्ञान के बल से अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ सकता है। महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें वैदिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रमेश आर्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा धर्म मानवता है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही हम जातिवाद से मुक्त एक समान, न्यायपूर्ण और वैदिक समाज की स्थापना कर सकते हैं। इस मौके पर अमर सिंह आर्य, मोहरपाल सिंह, पियूष, रामौतार वर्मा, रामपाल सिंह, अनुराग, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।



यज्ञ में आहूतियां देते लोग

# क्षतिग्रस्त विद्युत पोल हटाकर नया खम्बा लगाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ के मोहल्ला ग्वालटोली टिलिया मोहल्ले में काफी दिनों से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त है। कोई भी दुर्घटना घटित हो सकती है। आसपास के लोग भयभीत है। कई बार विद्युत पोल के लिए सूचना दी गई। अभी तक पोल न लगने के कारण तारों का मकड़ जाल बना है।

ऐसे में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। कुटरा फीडर के जेई विनय चौहान को अनुराग सिंह द्वारा कई बार सूचना दी गई है। अभी तक विद्युत पोल नहीं लगा है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत डाली गई है। उसके बावजूद भी क्षतिग्रस्त विद्युत पोल नहीं हटाया गया है। इस संबंध में भाजपा नेता राहुल राठौर ने भी अधिकारियों को अवगत कराया है।



क्षतिग्रस्त विद्युत पोल

# राजगद्दी कार्यक्रम में जमकर हुआ बवाल, लोगों ने किया बहिष्कार

▸ रामलीला में मंचन करने वाले पात्रों को नहीं मिला मेहनताना

▸ पिछले वर्ष भी हुआ था विवाद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज के एक गेस्ट हाउस में भरत मिलाप के वाद भगवान श्री रामचंद्र की राजगद्दी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान जमकर बवाल हो गया।

रावण का पात्र निभाने वाले राघव शुक्ला सहित रावण सेना का पात्र निभाने वाले लोगों को छोटी शील्ड दी गई। वहीं दस दिन तक चली रामलीला का मचन में अहम पात्र की भूमिका निभाने वाले कलाकारों को उनका मेहनताना नहीं दिया गया। जिसको लेकर बवाल हो गया। कुंभकर्ण का पात्र निभाने वाले प्रभाकर ने मंच से ही शील्ड को वापस कर दिया। वहीं मेकअप करने वाले व अन्य अहम रोल निभाने वाले कालाकारों को भी सम्मान नहीं मिला। कार्यक्रम के बाद रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का जमकर विरोध हुआ एवं रामलीला कमेटी को तुरंत त्याग पत्र देने की मांग उठी। जिसका अधिकतर लोगों ने समर्थन किया। बताया गया कि कार्यक्रम का कई लोगों ने बहिष्कार कर दिया।



राजगद्दी के दौरान का दृश्य

कार्यक्रम में 100 लोगों की भीड़ तक नहीं जुटी, जबकि नगर की जनता का कहना है लोगों ने भरपूर चंदा दिया है तो कलाकारों का मेहनताना उन्हें मिलना चाहिए और सम्मान भी मिलना चाहिए।द बताते चले कि पिछले वर्ष भी इसी तरह की स्थिति उत्पन्न होने पर विरोधावास और बहिष्कार के दौरान जमकर वाद-विवाद हुआ था।

## मौरंग विक्रेताओं के बालू के रेट घटाने से लोडरों की संख्या बढ़ी

**कालपी ,जालौन।** कदौरा स्थित चतेला रोड पर जैम का कारण बने मौरंग डम्प स्थलों पर एसडीएम ने छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने संचालक को नियमानुसार बालू बिक्री करने के साथ यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। मालूम हो कि 1 अक्टूबर से विधिवत खनन शुरू हो गया है लेकिन अभी कदौरा थाना क्षेत्र में बालू डम्पों से भी बिक्री हो रही है। सूत्रों की माने तो समय सीमा समाप्त होते देख डम्प संचालकों ने उसे शीघ्र खत्म करने के लिए कीमतों में कमी कर दी है जिसके चलते चतेला रोड स्थित कुछ डम्प स्थलों पर ट्रकों का रैला उमड़ पड़ा है जिसकी वजह से गत कुछ दिनों से उक्त रोड पर यातायात व्यवस्था खराब हो गयी है। सोमवार को तो ट्रकों के आड़े तिरछे खड़े हो जाने से घण्टों उक्त रोड जैम रहा था जिससे उक्त क्षेत्र की जनता और वहां से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था।

# मिशन शक्ति के तहत सभी थाना क्षेत्र में चलाया गया जागरुकता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों महिलाओं व बालिकाओं को महिला पुलिस कर्मियों द्वारा जागरुक किया तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

थाना कम्पिल में एंटी रोमियों टीम ने मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति दल द्वारा भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजार में जाकर बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। वहीं थानाध्यक्ष महिला थाना फतेहगढ़ द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को कच्चाघाट, पांचालघाट पर पहुंचकर जागरुक किया गया, साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन

नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में बात कर जागरूक किया व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया। कोतवाली फर्रुखाबाद से एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति अभियान के तहत ट्रेन में चढ़कर यात्रियों/महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। थाना कादरी गेट से एंटी रोमियों टीम ने मिशन शक्ति दल के साथ पूर्णिमा के अवसर पर पांचाल घाट पर जाकर बालिकाओं को महिलाओं को जागरूक किया। थाना नवाबगंज से एंटी रोमियों टीम ने मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति दल द्वारा भीड़भाड़ वाले इलाके में बाजार में जाकर बालिकाओं को महिलाओं को जागरूक किया गया। थाना राजेपुर से एंटी रोमियो टीम मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति दल द्वारा भीड़भाड़ वाले इलाके में बाजार में जाकर वह बालिकाओं को महिलाओं को जागरूक किया गया। थाना जहानगंज के ग्राम पतौजा में मदरसे में एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति दल ने पहुंचकर मुस्लिम महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त और जागरूक किया गया। थाना अमृतपुर से एंटी रोमियो टीम मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति दल ने भीड़भाड़ वाले इलाके में बाजार में जाकर बालिकाओं को महिलाओं को जागरूक किया। इस दौरान विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरुक भी किया गया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लोगों से अपील की कि वे घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करें और बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं। महिला पुलिस कर्मी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल उपचार नहीं, बल्कि रोकथाम और जागरूकता पर भी ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने सभी से स्वयं जागरूक होने और दूसरों को भी जागरूक करने का आवाह्न किया। वहीं मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत अभियान के दौरान, महिलाओं और बालिकाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध या संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस या शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया गया।



कम्पिल में महिलाओं को जागरुक करती एंटी रोमियो टीम



महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

# हर्षोल्लास से मनायी गयी वाल्मीकि जयंती, हुए विभिन्न कार्यक्रम

**हर क्षेत्र में जगह-जगह हुआ रामायण पाठ का कार्यक्रम**

समृद्धि न्यूज





**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा के मार्गदर्शन में आदि काव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जयन्ती को जनपद में हर्षोल्लास, श्रद्धा व भव्य रूप से मनाई गई। रामजानकी, हनुमान, वाल्मीकि मंदिरों में दीप प्रज्जवलन तथा माल्यार्पण के साथ ही रामायण पाठ, सुन्दरकाण्ड व भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किये गये।

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद 17 विकास खण्डों, 18 नगर पंचायतों व नगर पालिका परिषद बेल्हा व अन्य प्रमुख मन्दिरों में श्रीराम, रामजानकी मन्दिर, शिव मन्दिर, हनुमान व वाल्मीकि मंदिरों में अनवरत रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर नगर पालिका परिषद बेल्हा-प्रतापगढ़ द्वारा माँ बेल्हा देवी धाम परिसर में महर्षि वाल्मीकि रामायण पाठ, भजन आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर बाजार वार्ड सभासद प्रतिनिधि रवीन्द्र केसरवानी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि जी के तपस्या, संघर्ष एवं जीवनी के बारे मे लोगो को बताया गया। तत्पश्चात कलाकारो, भजन गायको के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि सुंदरकाण्ड कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न किया गया है। कार्यक्रम मे उपजिलाधिकारी सदर, सभासद आशीष जायसवाल, अनिल कुमार सिंह, उदय शंकर मिश्र, विजय बहादुर व संतोष कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर नगरीय निकायों में नगर पंचायत अन्तू के शिव मंदिर, कटरा मेंदनीगंज के शिव मंदिर, प्रतापगढ़ सिटी के रामजानकी मन्दिर, रानीगंज के हनुमान मंदिर, पट्टी के हनुमान मंदिर, लालगंज के चतुर्भुज मंदिर, मानिकपुर के ज्वाला देवी मन्दिर, कुण्डा के शिव मंदिर, सुवंशा के हनुमान मदिर, ढकवा के रामजानकी मन्दिर, कोहड़ौर के हनुमान मंदिर, पृथ्वीगंज के शिव मंदिर, रामगंज के शिव मंदिर, डेरवा के चौराश मंदिर, कटरा गुलाब सिंह के हनुमान मंदिर, हीरागंज बाजार के राम जानकी मंदिर, गड़वारा के शिव मंदिर व मानधाता के हनुमान मंदिरों में रामायण पाठ, भजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

महर्षि बाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर ब्लाक सण्ड़वा चन्द्रिका के ग्राम पंचायत सण्ड़वा चन्द्रिका अवस्थित माँ चन्दिकन देवी धाम पर, ब्लाक रामपुर संग्रामगढ़ परिसर में स्थित शिव मंदिर पर, ब्लाक परिसर लालगंज में शिव मन्दिर पर, ब्लाक कालाकांकर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हिनाहूं में स्थित नर्मदेश्वर महादेव के मन्दिर पर, ब्लाक कार्यालय कुण्डा में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर वाल्मीकि जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व ग्राम पंचायत जहाँनाबाद के गौरी शंकर मन्दिर धॉम पर, ब्लाक खण्ड सॉगीपुर में ग्राम पंचायत लखहरा सरस्वती मन्दिर पर, ब्लाक सदर में महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत भुवालपुर डोमीपुर स्थित बाबा बालुकेश्वर नाथ भरत धाम, देवघाट में, ब्लाक लक्ष्मणपुर के प्रागंण में स्थित शिवेश्वर महादेव जी के मन्दिर पर, ब्लाक बिहार में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर ग्राम पंचायत पुवासी, बरना, बिहरिया एवं धमांवा के मन्दिरों में, ब्लाक बाबा बेलखरनाथधाम प्रांगण में, ब्लाक आसपुर देवसरा में प्राचीन गौरीशंकर मंदिर ग्राम पंचायत उदईशाहपुर-अमरगढ़ तथा बाबा भूईफोरनाथधाम ग्राम पचायत बेहटा स्थित शिव मंदिर पर, ब्लाक गौरा में ग्राम पंचायत गौरापूरेबदल स्थित विकास खण्ड परिसर में श्री गोपेश्वर महादेव मन्दिर पर एवं ग्राम पंचायत चांदपुर में स्थित हनुमान मन्दिर पर सहित अन्य विकास खण्ड मंगरौरा, मानधाता, पट्टी, बाबागंज व शिवगढ़ के प्रमुख मन्दिरों में अनवरत रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय लोकगीत कार्यक्रम आयोजित किये गये। बताते चलें कि महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं जिनके द्वारा रचित रामायण विश्व के आदि ग्रंथ के रूप में आज भी पूज्यनीय है, जो व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्रीय मूल्यों के निर्माण में वैश्विक स्तर पर मार्गदर्शन का आधार है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। बाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार- प्रसार व जन सामान्य को इससे जोड़ने के लिए महर्षि वाल्मीकि, श्रीराम, हनुमान जी से संबंधित मंदिरों पर दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ साथ वाल्मीकि रामायण का पाठ कराया गया है। इस कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी आदि की सहभागिता रही।

## पंचायत चुनाव को लेकर सुभासपा ने की बैठक

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक जिला पंचायत सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर राजभर ने की, जबकि संचालन जिला प्रमुख महासचिव मनोज कुमार वरुण ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव जीतेंद्र सिंह रहे। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव को लेकर सभी विधानसभाओं में प्रभारी नियुक्त किए जा रहे हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जन चौपाल आयोजित कर जनता से जुड़ने और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के दिशा-निर्देश पर सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को लागू कराने की मांग को लेकर पार्टी सभी प्रमुख दलों पर दबाव बनाए हुए है। साथ ही नौतनवा, पनियरा और सदर क्षेत्रों में बूथ, सेक्टर और जोन स्तर की तैयारी पूरी कर पार्टी को रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर जनसंपर्क अभियान को तेज करें। जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर राजभर ने कहा कि पंचायत चुनाव पार्टी के लिए अत्यंत अहम है। इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर मैदान में उतरें। उन्होंने कहा कि सुभासपा गरीब, पिछड़ों और वंचितों की आवाज है, जिसे जनता का निरंतर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने हर गांव में सुभासपा का झंडा लहराने और बूथ स्तर तक संगठन के विस्तार पर बल दिया। इस दौरान बृजेश राजभर, मनीष भारद्वाज, रामनयन सिंह, श्रीकांत यादव, जानकी राजभर, शिला यादव, विष्णु श्रीवास्तव, संतोष भारतीय, रामचंद्र चौहान, भरत, रंजीत मद्धेशिया, जहरुद्दीन सिद्दीकी, दशरथ राजभर, अंबिका राजभर और रामदास राजभर सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 20 गर्भवती महिलाओं का हुआ निःशुल्क अल्ट्रासाउंड



समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** जिले में 6 और 7 अक्टूबर को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर जिले के बृजमनगंज में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क अल्ट्रासाउंड सेवा का आयोजन किया इस सेवा के माध्यम से 20 गर्भवती महिलाओं का मुफ्त में अल्ट्रासाउंड किया गया, जो उनके स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस विशेष आयोजन का आयोजन ÷शैली अल्ट्रा साउंड÷ बृजमनगंज में किया गया, जहां निःशुल्क अल्ट्रासाउंड करवाई गई। इसमें रीमा, मीना, सुशीला, सबाना, सुंदरी, प्रीति, रुखसाना और लकी शामिल थीं, जिनकी जांच बिना किसी शुल्क के की गई। इसके साथ ही, इन मरीजों के परिजनों ने इस योजना की भरपूर सराहना की और कहा कि 600 से 700 रुपये की बचत किसी भी गरीब परिवार के लिए एक बड़ी राहत साबित होती है। खासकर ऐसी महिलाओं के लिए जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। इस आयोजन में सहयोगी टीम का भी अहम योगदान रहा। उमा भारती, सुमन, आशा चौधरी, बबिता शुक्ला, अतुल, संध्या और ऊषा जैसे समाजसेवियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी रही।

## प्राइवेट हॉस्पिटल की लापरवाही से प्रसूता की मौत

समृद्धि न्यूज



**फरेन्दा, महराजगंज।** फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा छीतही बुजुर्ग टोला कर्महवा निवासी एक व्यक्ति के पत्नी की मौत ऑपरेशन के पश्चात इलाज के दौरान गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में हो गई। जहां डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन में कोई नस कट जाने से दोनों किडनी काम करना बंद कर दी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा छीतही बुजुर्ग के विश्रामपुर चौराहे पर स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल पर ग्राम सभा छीतही बुजुर्ग टोला कर्महवा निवासी मुकेश निषाद की पत्नी पुष्पा निषाद उम्र लगभग 25 वर्ष को डिलेवरी के लिए 30 अगस्त को भर्ती कराया गया था। परिजनों द्वारा दिए गए तहरीर के अनुसार 31 अगस्त को प्रसूता की सर्जरी कर दिया गया, सर्जरी के पश्चात जहां प्रसूता की हालत बिगड़ गयी लेकिन प्रसूता की हालत गंभीर होने के बावजूद डॉक्टरों द्वारा गुमराह कर मरीज का इलाज किया जाता रहा। हालत काफी गंभीर होने पर सर्वोदय हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा गोरखपुर रेफर कर दिया गया, जहां लगभग एक माह एक निजी अस्पताल व गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज चला। इलाज के दौरान 7 अक्टूबर को मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने यह भी बताया की ऑपरेशन किसी सर्जन से न करा कर नर्स और कंपाउंडर से करा दिया गया जिससे अधिक खून गिर गया। जहां पर परिजनों व ग्रामवासियों द्वारा राष्ट्रीय राज्य मार्ग 730 पर शव को रखकर चक्का जाम कर दिया गया और न्याय की गुहार लगाई गयी। चक्का जाम की सूचना पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी उपजिलाधिकारी शैलेंद्र गौतम नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, सीओ फरेंदा अनुरुद्ध कुमार व पुलिस मौके पर पहुंच कर चक्का जाम हटाने हेतु परिजनों से मान मनोव्वल किया जिससे परिजन मान गये। मृतका के ससुर बेचई द्वारा फरेंदा कोतवाली में तहरीर दिया गया सूचना पाकर मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए सर्वोदय हॉस्पिटल को सील कर दिया और बताया कि हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। फरेंदा कोतवाल प्रशांत पाठक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

## सपा ने मनाई आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** सपा के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में महर्षि वाल्मीकी की जयंती मनाई गई। इस दौरान सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके किये गये कार्यो के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण को लोक कथा के रूप में प्रस्तुत किया और उनका अहम योगदान रहा है। रामायण को एक लोक कथा के रूप में लिखकर भगवान राम को प्रत्येक व्यक्ति के मन में पहुंचाया है, हम सब को उनके दर्शन और सिद्धांतों से सीख लेनी होगी। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि, संस्कृत रामायण के रचयिता हैं। वह आदि कवि के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने संस्कृत में रामायण की रचना की। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रची रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक ऐसा महाकाव्य है जो राम के जीवन के माध्यम से हमें सत्य व कर्तव्य से परिचित करवाता हैं। कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत में सर्वप्रथम रामायण की रचना की। उन्हें सूर्य, चंद्रमा और नक्षत्रों का भी पूर्ण ज्ञान था। उनके तप और साधना की महिमा महाभारत में भी वर्णित है। एक समय उनकी मुलाकात महान ऋषि नारद मुनि से हुई, जिनके उपदेशों से प्रेरित होकर उन्होंने गहन तपस्या की। मरा शब्द का जाप करते-करते, वह श्रामश् हो गया और इस प्रकार वह प्रभु की भक्ति में लीन हो गए। आज के परिवेश में महर्षि वाल्मिकी जैसे आदि कवि की रचनाएं मानवता और समाजिक विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, सुरेन्द्र पटेल, राजेश भारतीय, आदर्श यादव, संतोष गोयल, झल्लू यादव, रामेश्वर विश्वकर्मा, मेवालाल प्रजापति, सत्यप्रकाश यादव, राममिलन यादव, रामराज यादव, उदित नरायन यादव, अमरेश सोनकर, लाल बहादुर यादव, विजय यादव, जयप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान ने किया महिला जागरूकता कार्यक्रम

**महिलाओं और बच्चियों से सम्बंधित जो भी केस कोर्ट में जाएंगे, उन्हें फास्ट ट्रैक भेजकर सुनवाई जल्दी पूरी करवाना, रेप केस को प्राथमिकता देकर दोषियों को कड़ी सजा दिलवाना उद्देश्य।**

समृद्धि न्यूज

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में एंटी रोमियो प्रभारी महिला उप निरीक्षक दीपाली और मिशन शक्ति प्रभारी महिला उप निरीक्षक कंचन लता के सहयोग से बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान गोड़े में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक अभियोजन एस0एन0 सिंह ने बालिका एवं महिलाओं को जीवन के हर क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने और उन्हें विभिन्न कानूनी के प्रति जागरूक कर, सुरक्षा के विभिन्न पहलूओं पर जानकारी दी। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा की प्रदेश में इस प्रकार के जागरूकता अभियान से महिलाओं के प्रति हिंसा करने वालों की पहचान कर, महिलाओं को राज्य में सुरक्षित महसूस कराना है। इस मिशन के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों से संबंधित मुद्दों पर जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियोजन अधिकारी अरविंद सिरोही ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए शासन स्तर से कई अभियान और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। एंटी रोमियो प्रभारी महिला उप निरीक्षक दीपाली ने अपने उद्बोधन में मिशन शक्ति की खास बातें बताते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चियों से सम्बंधित जो भी केस कोर्ट में जाएंगे उन्हें फास्ट ट्रैक भेजकर सुनवाई जल्दी पूरी करवाना, रेप केस को प्राथमिकता देकर दोषियों को कड़ी सजा दिलवाना, अभियान से सभी विभागों को एक साथ जोड़ना ताकि महिलाओं को कोई परेशानी न हो। हेल्पलाईन नम्बर, साइबर सिक्योरिटी के प्रति भी लोगों को जागृत किया गया। मिशन शक्ति प्रभारी कंचन लता ने कहा कि सभी पुलिस थानों में महिलाओं के लिए एक अलग हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां महिला अधिकारी और सिपाही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन वित्तीय साक्षरता अधिकारी शिशिर खरे ने किया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक गोपाल शेखर झा, आरसेटी निदेशक रवि रंजन, जिला मिशन मेनेजर उमेश द्विवेदी, महिला कांस्टेबल रेनू यादव, मंशा देवी, प्रेमती, फैकल्टी अमृता सहित गायत्री सिंह, शांतनु शेखर सिंह, मूलचंद्र, अरुणलता सहित ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट बैच के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने निकाली पीडीए पदयात्रा, बीजेपी पर गरजे जिलाध्यक्ष जेपी यादव, महंगाई-बेरोजगारी से किसान-युवा तबाह



समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट स्थित कार्यालय पर मंगलवार को जिला सैनिक प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट गेट तक पीडीए पद यात्रा निकाली गई। जिला कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जेपी यादव ने की, जबकि संचालन प्रदेश सचिव विजय यादव ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समय पर बूथ स्तर पर तैयारियों की जरूरत है। सभी सदस्य अपनेक्षेत्रों मेंजाकर लोगों सेमिलकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव नेसैनिकों के हित के लिए जो कार्यकिए थेउन कार्यों को जाकर बताना। सपा नेसैनिकों के लिए उनके पार्थिव शरीरको घर पहुंचानेका कार्यकिया। पेंशन मेंबढ़ोतरी कराई जिसका फायदा आज भी लोग उठा रहेलेकिन समय के साथ लोग सबकुछ भूल बैठे हैं।आनेवालेचुनाव मेंपीडीए के लोगों सेसामंजस्य बनाकर पार्टी की नीतियों सेअवगत करातेहुए पार्टी को मजबूत करनेका कामकरें। अन्य वक्ताओं नेभी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करनेके लिए अपनेविचार रखें। इस दौरान कुछ नएसाथियों को संगठन मेंजिम्मेदारी देतेहुए मनोनयन पत्र दिया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री मुन्नी यादव, सुरेन्द्र पटेल, सत्यप्रकाश यादव, अवधेश मौर्या, राजेश भारतीय, आदर्श यादव, संतोष गोयल, झल्लू यादव, बच्चन यादव, महेश यादव, दिनेश सिंह, अशोक सिंह, तेजबली सिंह, राजेन्द्र, रसीले विश्वकर्मा, महेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र सिंह, सुधीर यादव, जोगेन्दर लाल, पुजारी लाल, गिरीश शुक्ला, दर्शन सिंह, सुनील सिंह, दशरथ यादव आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आकाशीय बिजली की चपेट आने से भैंस और दो पड़िया की मौत

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ गांव में मंगलवार दोपहर गरज चमक के साथ हो रही बारिश के दौरान बांस के पेड़ के नीचे बंधी दुधारू भैंस और दो पड़िया की मौत हो गई। चंद्रगढ़ गांव निवासी पशुपालक जय प्रकाश मिश्र अपने घर के पास बांस के पेड़ नीचे अपनी दुधारू भैंस और दो पड़िया बांधे हुए थे। दोपहर डेढ़ बजे के करीब गरज चमक के साथ हो रही बारिश में बांस के पेड़ के पास आकाशीय बिजली गिर पड़ी। आकाशीय बिजली की की चपेट में आने से एक दुधारू भैंस और दो पड़िया की मौत हो गई।पशुपालक जय प्रकाश मिश्र ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से एक दुधारू भैंस और दो पड़िया की मौत हो गई है। पशुपालक ने घटना की सूचना पशुचिकित्साधिकारी व हल्का लेखपाल को दी। पशुपालक ने बताया कि दुधारू भैंस व दोनों पड़िया की मौत से भारी नुकसान पहुंचा है। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान सियाराम मिश्र ने पशुपालक को ढांढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया। ग्राम प्रधान व पशुपालक की सूचना पर पहुंचे पशुचिकित्साधिकारी हलिया डा. कमलेश कुमार ने घटना की जांच कर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मृत हुई भैंस और दोनों पड़िया की पोस्टमार्टम कार्रवाई की।

### करंट की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**समृद्धि न्यूज, जमालपुर (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहजनी हरदी मेबिजली के करंट की चपेट मेंआनेसेमंगलवार को वृद्धमहिला की मौत हो गई। वृद्धा के मौत सेपरिवार मेंकोहराम मच गया है। कृष्णवती 66 वर्षपंखा लगातेसमय विद्युत करंट कीप्रवाहित होनेपर चपेट मेंआ गई और मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के दो पुत्रियां हैदोनों की शादी हो गई है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पशुपालक झुलसा, भेड़ की मौत

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के सुगहा जंगल मेंभेड़ और बकरियों को चराने के दौरान मौत हो गई और दो भेड़ गंभीर रूप सेझुलस गई। क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह ग्राम पंचायत के कठारी बस्ती निवासी अभिमन्युपालअपनी भेड़ और बकरियों को चरानेके लिए गांव के अन्य चरवाहों के साथ सुगहा जंगल की ओर गए थेदोपहर मेंगरज चमक केसाथ बारिश शुरू होनेपर भेड़ और बकरियां बरगद के पेड़ के नीचेआकर खड़ी हो गई पशुपालक भी पानी सेबचनेके लिए बरगदके पेड़ नीचेआकर खड़ा हो गया।उसी दौरान बरगद के पेड़ के पास आकाशीय बिजली गिर पड़ी। आकाशीय बिजली की चपेट मेंआनेसेपशुपालक अभिमन्युझुलसकर अचेत हो गया। आकाशीय बिजली सेएक भेड़ की मौत हो गई वहीं दो भेड़ गंभीर रूप सेझुलस गई। कुछ दूर पर मौजूदपशुपालक के साथ मेंगयेगांव निवासी चरवाहा शिवराम पाल नेघटना की सूचना पशुपालक के परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचेपशुपालक के भतीजेपारसनाथ पाल गंभीर रूप सेझुलसेपशुपालक को उपचार हेतुड्रमंडगंज स्थित एक क्लीनिक मेंभर्तीकरवाया जहां पशुपालक का उपचार किया जा रहा हैहालत सामान्य बताई जा रही है।

### सर्वसम्मति से बने शिवकुमार अध्यक्ष, काजल महामंत्री



**समृद्धि न्यूज,महराजगंज।** पंचायत सहायक यूनियन घुघली का अपने गठन को लेकर ब्लॉक परिसर में एक बैठक कर सर्वसम्मति से पंचायत सहायक यूनियन का गठन किया गया। जिसमें शिवकुमार प्रजापति को अध्यक्ष, प्रमोद प्रजापति को उपाध्यक्ष, काजल तिवारी को महामंत्री, आकाश उपाध्याय को महासचिव, जावेद अख्तर को मीडिया प्रभारी और ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष चुना गया। पंचायत सहायकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिवकुमार प्रजापति ने कहा कि पंचायत सहायकों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर जिला स्तर पर उनकी बात को मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक में शिवकुमार प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, काजल तिवारी, आकाश उपाध्याय, जावेद अख्तर, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, राजन गुप्ता, संदीप कुमार, गुड्डू चौधरी, मंजय भारती, मनीष पाल, रितेश प्रजापति, अवधेश प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## भरत मिलाप देख लोग हुए भावविभोर मेला देखने आए लोगों की आंखें नम



समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** ऐतिहासिक 189 वर्षो से लगातार श्री राम राघवेंद्र रामलीला नाट्य समिति द्वारा मेले का मंचन किया जा है। 6 अक्टूबर को रात्रि 12बजे चारों भाइयों का भारत मिलाप देख दर्शक हुए भावविभोर। रावण से विजई होने के बाद राम, लक्ष्मण सीता और हनुमान अयोध्या की और कुछ किए राम ने हनुमान से कहा कि आप भारत को जाकर सूचना दे दो हम अयोध्या आ रहे हैं। हनुमान जी पहुंचकर संदेश दिया कि रावण से जीतने के बाद भगवान श्री राम आपसे मिलने आ रहे हैं।, रथ पर बैठकर, भगवान राम और भारत गले मिलते ही जय श्री राम की उद्घोष से पूरा मेला क्षेत्र गुज उठा मेला देखने हजारों की संख्या में आए हुए प्रेमियों का चारों भाइयों का मिलन देख आंखें नम हो गई। मेला देखने के लिए दूर दराज से आए हुए दर्शन मेले का खूब लुत्फ उठाए और जमकर खरीदारी की, इस दौरान मेले की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकार मंजरी राव ने रही। पूरे मेले में राम के पाठ सर्वश्री समर्थ वैध, लक्ष्मण के रूप में अश्वनी दुबे, सीता के रूप में यश मिश्रा, भारत के रूप में वाचस्पति त्रिपाठी, शत्रुघ्न के रूप में लक्ष्मण पुजारी, व हनुमान के रूप में पप्पू गुरु रहे। व रावण का किरदार निभाने वाले गोविंद जायसवाल, इनके उठाके को सराहा। इस दौरान उपस्थित मेला संरक्षण बचाओ लाल सेठ अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडे महामंत्री संजय साहू मंत्री राजू गुप्ता कोषाध्यक्ष ब्रह्मानंद कुशवाहा व्यवस्थापक करतार सिंह सभासद महेंद्र साहू प्रशासनिक व्यवस्था में लगे चंद्र गुप्ता मीडिया प्रभारी शिव शर्मा, अखिलेश सिंह श्याम सुंदर शाह। चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह व एस आई नरेंद्र यादव, रामप्रताप सिंह व पीएसी कम्पनी मय फोर्स मौजुद रहे।

## धूमधाम से मनाया वाल्मीकि जयंती



**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।** परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज में वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का प्रारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक भारतीय में वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि महान ऋषि वाल्मीकि का सम्मान, वाल्मीकि जयंती महर्षि वाल्मीकि के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाई जाती है, जो आदि कवि के रूप में जाने जाते हैं। वाल्मीकि ने महाकाव्य रामायण की रचना की थी। कॉलेज के कार्यालय अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वाल्मीकि समुदाय के लोग ऋषि वाल्मीकि को भगवान का रूप मानते हैं और यह दिन उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है, जिसमें वे मंदिरों को सजाते हैं और रामायण के श्लोक पढ़ते हैं। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान संकायाध्यक्ष केपी सिंह ने किया कार्यक्रम में प्रवक्ता व कर्मचारी गण में संजय शर्मा, मुरलीधर जायसवाल, अश्वनी सिंह, जमुना निषाद, अजय पांडेय, राजेश सिंह, घनश्याम सिंह,रक्षा, बैजनाथ चौरसिया, सुरेश यादव आदि मौजूद रहे।

## अन्नपूर्णा ब्रांड के 10,931 नकली पैकिंग बैग बरामद, मचा हड़कंप

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** जिले में पुलिस और मंडी विभाग ने मिलकर एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें 10,931 नकली अन्नपूर्ति चावल के पैकिंग बैग बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई सिंदुरिया थाना क्षेत्र के बड़हरा मीर स्थित वैभव लक्ष्मी सॉर्टेक्स राइस मिल पर की गई, जहां से यह नकली पैकिंग बैग बरामद हुए हैं। इस मामले को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में की गई, जिसमें मंडी निरीक्षक निचलौल और सिंदुरिया थाना पुलिस की संयुक्त टीम शामिल थी। टीम ने मिल में छापेमारी करते हुए ये नकली पैकिंग बैग बरामद किए, जो %अन्नपूर्ति% ब्रांड के नाम से बनाए गए थे। यह ब्रांड देश में प्रसिद्ध है, और इन पैकिंग बैग का निर्माण असली कंपनी के नाम से होने की वजह से उपभोक्ताओं को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। क्या है पूरा मामला-यह कार्रवाई उस समय की गई जब अन्नपूर्ति ब्रांड, जो मेसर्स बालाजी चावल मिल्स प्राइवेट लिमिटेड (जनपद बस्ती) का पंजीकृत ट्रेडमार्क है, जिन्होंने शिकायत की थी कि कुछ मिलर्स उनके ब्रांड के नाम से नकली पैकिंग तैयार कर रहे हैं। इन पैकिंग बैग्स के जरिए निम्न गुणवत्ता वाले चावल बाजार में बेचे जा रहे थे, जो कि बालाजी चावल मिल्स की ब्रांड छवि को नुकसान पहुंचा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में मुअसं 236/2025 धारा 318(4), 319(2), 338, 336(4), 340, 347(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसके अलावा, पुलिस ने वैभव लक्ष्मी सॉर्टेक्स राइस मिल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। इस मिल का एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर 12722999000080 था, लेकिन अब मिल पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में मुख्य आरोपी के तौर पर मेसेज वैभव लक्ष्मी सॉर्टेक्स राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड, बड़हरा मीर (कंचनपुर चौराहा, महराजगंज) का नाम सामने आया है। मिल द्वारा निर्मित ये नकली पैकिंग बैग अन्नपूर्ति ब्रांड के नाम से बनाए गए थे, जिससे उनकी कंपनी की प्रतिष्ठा और व्यापार को भारी नुकसान हुआ। पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है और इस फर्जीवाड़े के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने की कोशिश कर रही है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने आश्वासन दिया है कि फूड फ्राड और नकली पैकिंग के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे ताकि उपभोक्ताओं का विश्वास बनाए रखा जा सके।